kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-198 | शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


भारत चुनौतियों से घबराता नहीं है, न किसी की दादागिरी से डरता है और न दबाव में आता है, बल्कि 'आंखों में आंखें डालकर बात करता है।
शिवराज सिंह चौहान

पश्चिम बंगाल के लोगों में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ बढ़ रहा गुस्सा : मोदी 11
दमुआढूंगा वासियों को मिली सौगात, जमीन का मिला मालिकाना हक 12

## संक्षेप

### 130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियाँ अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है। उन्होने कहा इस बिल से हमारी पार्टी कतई भी सहमत नहीं है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व संसद के मानसून सत्र के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने 130वां संविधान संशोधन बिल पेश किया है। बिल में गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का जिक्र शामिल है।

### रेखा गुप्ता के लिए होगी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर की गयी समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया। प्रोटोकॉल के तहत दो महिला निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) हर समय मुख्यमंत्री के साथ रहेंगी, जिनके साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान तैनात रहेंगे।

### सुदर्शन रेड्डी ने उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पी सी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किये हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे।

# भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है: शुभांशु शुक्ला

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अपने अनुभव को ''अविश्वसनीय'' बताते हुये गुरुवार को कहा कि ''भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा'' दिखता है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा घर के खाने को ''मिस'' किया। उन्होंने देश के बच्चों के लिए संदेश भी दिया कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिये कि वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं। श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुये कहा कि यह वास्तव में अविश्वसनीय था। प्रशिक्षण के दौरान आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन वास्तविक अनुभव अलग होता है। उन्होंने बताया कि यह बेहद सफल मिशन रहा और सारे उद्देश्य पूरे हो गये।




वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला ने अपने 18 दिन के प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में सात तरह के प्रयोग किये। उन्होंने कहा कि इस दौरान काफी कुछ जानने और सीखने को मिला जो देश के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में जाने के बाद पहले तीन-चार दिन अच्छा नहीं लगा लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगा। तीसरे दिन आईएसएस पर पहले से मौजूद नासा की एक अंतरिक्ष यात्री उनके पास आयीं और पूछा कि क्या वह देखना चाहेंगे कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। नासा की अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस में बनी खास खिड़की से श्री शुक्ला को भारत दिखाया। भारत के गगनयान मिशन के संभावित क्रू सदस्यों में से एक श्री शुक्ला ने बताया कि उस समय धरती पर रात थी। पहले दक्षिण में हिंद महासागर के ऊपर पूरा अंधेरा दिखा और फिर अचानक लगभग त्रिकोणाकार भारत दिखा जो रौशन था। यह काफी अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने कई बार भारत को देखा, लेकिन पहली बार का दृश्य उनके दिल में उतर गया है। उन्होंने कहा, ''भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है। गगनयान अंतरिक्ष मिशन के एक और संभावित क्रू सदस्य और एक्सिओम मिशन के पहले श्री शुक्ला के साथ पूरे प्रशिक्षण में शामिल ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर ने कहा कि यह पूरा अनुभव ''सत चित आनंद'' का रहा। सत यानि सच्चाई कि अंतरिक्ष सहित हर क्षेत्र में भारत का समय आ ● शेष पेज 11 पर

### गगनयान: मानव रहित मिशन इसी साल, 2027 में जायेंगे अंतरिक्ष यात्री

**नयी दिल्ली।** भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जायेगा जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जायेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गयी है। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जायेंगे। डॉ. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवतः दिसंबर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जायेगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गये थे। उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किये और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी। संवाददाता सम्मेलन में अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, श्री शुक्ला, ग्रुप कैप्टन और प्रशांत नायर भी मौजूद थे। श्री शुक्ला और श्री नायर गगनयान के चार संभावित क्रू सदस्यों में शामिल हैं। अन्य दो संभावित क्रू सदस्य अजित कृष्णन और अंगद प्रसाद हैं। इसरो प्रमुख ने कहा कि श्री शुक्ला के अंतरिक्ष के अनुभवों से चार हजार पन्नों का दस्तावेज तैयार किया गया है जो आने वाली पीढ़ियों के भी उपयोगी होगा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने बताया कि उनके द्वारा अंतरिक्ष में किये गये प्रयोगों का विश्लेषण करने के बाद उनके परिणाम सामने आ सकेंगे। ● शेष पेज 11 पर

# एशिया कप में भारत पाकिस्तान मैच होगा

## खेल मंत्रालय ने कहा- मल्टीनेशन टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे, द्विपक्षीय सीरीज नहीं होंगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले पुरुष एशिया कप और अक्टूबर में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वालों मैचों की हरी झंडी दे दी है।

सरकार ने कहा है कि भारत द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए पाकिस्तान की मेजबानी या दौरा नहीं करेगा, लेकिन उसके एथलीट और टीमें उन बहु-राष्ट्रीय आयोजनों में हिस्सा ले सकते हैं जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है। इसी के साथ सितंबर में होने वाले पुरुष एशिया कप और अक्टूबर में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप में उनके आगामी मुकाबलों का रास्ता साफ हो गया। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एक बयान में ये दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें दोनों दक्षिण एशियाई देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के समय पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों पर भारत सरकार द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई है। इस बयान में यह स्पष्ट नहीं है कि भारतीय एथलीट पाकिस्तान द्वारा आयोजित बहुपक्षीय आयोजनों में हिस्सा ले सकते हैं। यह बयान संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप के निर्धारित समय से तीन सप्ताह से भी कम समय पहले आया है। इस टूर्नामेंट में एक ही ग्रुप में शामिल भारत और पाकिस्तान कम से कम एक बार (14 सितंबर को दुबई में) और संभवतः तीन बार आमने-सामने होंगे। अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पार तनाव के बाद से यह भारत का पाकिस्तान के खिलाफ पहला क्रिकेट मैच होगा। इस माहौल में, भारत से पाकिस्तान के साथ सभी खेल संपर्कों का बहिष्कार करने की मांग की जा रही है। जुलाई में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दौरान, जो सेवानिवृत्त खिलाड़ियों का एक टूर्नामेंट था में दोनों देशों की टीमों के बीच मैचों को रद्द कर दिया गया था, जिसमें भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अपना सेमीफाइनल मैच छोड़ना पड़ा था। भारत सरकार द्वारा अपना रुख स्पष्ट करने के साथ, भारतीय टीम को अब एशिया कप में पाकिस्तान के साथ खेलने की आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी मूल रूप से भारत को करनी थी, लेकिन जुलाई में इसे संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया गया। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, जहां तक एक दूसरे के देश में द्विपक्षीय खेल आयोजनों का सवाल है, भारतीय टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी। न ही हम पाकिस्तानी टीमों को भारत में खेलने की अनुमति देंगे। मंत्रालय ने कहा, भारत या विदेश में, अंतरराष्ट्रीय और बहुपक्षीय आयोजनों के संबंध में, हम अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थाओं की कार्यप्रणाली और अपने खिलाड़ियों के हितों से निर्देशित होते हैं। अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए ● शेष पेज 11 पर

### एशिया कप में सूर्या कप्तान, गिल उपकप्तान

2 दिन पहले 19 अगस्त को बीसीसीआई ने एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। इसमें सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया था।




### भारत-पाकिस्तान के हो सकते हैं 3 मुकाबले

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले हो सकते है। **पहला मैच** 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा।
**दूसरा मैच:** एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दूसरी भिड़ंत हो सकती है।
**तीसरा मैच** : अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा।

# ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को संसद की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्य सभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गयी है।

लोक सभा ने इस विधेयक को बुधवार को इसी तरह हंगामे के बीच बिना बहस के पारित कर दिया था। राज्य सभा में पहले स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुयी थी। विपक्षी दलों के सदस्यों और हंगामे के बीच ही उप सभापति हरिवंश की अनुमति से इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने, और इसके कुछ उपबंधों




में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीठ से शिकायत की कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। इसके बाद वह मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने का प्रयास करने लगे तो श्री हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उप सभापति ने कहा कि विधेयक पर चर्चा हो रही हो तो कोई और बात रिकार्ड में नहीं जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री ने पीठ ● शेष पेज 11 पर

### मानसून सत्र में हंगामे के बावजूद 15 विधेयक दोनों सदनों से पारित

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किये गये। लोकसभा में पेश किये गये 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गयी जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किये गये। किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की ● शेष पेज 11 पर

### यूपी में 35 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घर लगे स्मार्ट मीटर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा एवं बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य सेअभी तक 35 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जबकि पूरे प्रदेश में लगभग दो करोड़ 73 लाख मीटर लगाये जाने का लक्ष्य है। उप्र पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष गोयल का कहना है कि उपभोक्ताओं के परिसरों में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर के बारे में यह गलत भ्रम पैदा किया जा रहा है कि वे तेज चलते हैं, ज्यादा खपत दिखाते हैं, और बिल ज्यादा आता है। जबकि यह केवल वास्तविक खपत दिखाता है। स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित पारदर्शी और उपभोक्ताओं के हित में है। स्थापित 3405066 स्मार्ट मीटरों के सापेक्ष ● शेष पेज 11 पर

# लेटरल एंट्री नियुक्तियों में लागू नहीं होता आरक्षण

एजेंसी

नई दिल्ली। लेटरल एंट्री नियुक्तियों को लेकर सरकार की ओर से अहम जानकारी साझा की गई है। सरकार ने बताया कि लेटरल एंट्री के माध्यम से की जाने वाली नियुक्तियों में आरक्षण लागू नहीं होता है। यह जानकारी गुरुवार को सरकार ने राज्यसभा में दी। सरकारी विभागों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्तियों को लेटरल एंट्री कहा जाता है। सरकार की ओर से दिए गए जवाब में कहा गया है कि अभी तक लेटरल एंट्री के जरिए 63 भर्तियां की गई हैं। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह

**सरकार ने राज्यसभा में कहा**



ने एक लिखित उत्तर में बताया, 2018 से अब तक तीन चक्रों (2018, 2021 और 2023) में लेटरल एंट्री के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में अनुबंध/प्रतिनियुक्ति के आधार पर संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव स्तर पर 63 नियुक्तियां की ● शेष पेज 11 पर

**भारत-रूस संबंधों पर बोले जयशंकर**

# अधिक कार्य करना और अलग ढंग से कार्य करना हमारा मंत्र होना चाहिए

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत और रूस को जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए रचनात्मक और अभिनव दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

जयशंकर ने यह बात ऐसे में कही जब रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले के बाद भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव आ गया है। जयशंकर ने यह टिप्पणी मॉस्को में रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ एक बैठक में की। विदेश मंत्री ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने भाषण में कहा कि भारत और रूस को द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाकर और अधिक संयुक्त उद्यमों के माध्यम से अपने सहयोग के ''एजेंडे'' में निरंतर विविधता लानी



चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अधिक काम करना और अलग तरीके से काम करना हमारा मंत्र होना चाहिए। जयशंकर ने मंगलवार को रूस की तीन दिवसीय यात्रा की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत-रूस की ''समय की कसौटी पर खरी उतरी'' साझेदारी को और मजबूत करना है। जयशंकर-मंटुरोव की वार्ता ● शेष पेज 11 पर

**मुख्यमंत्री ने एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित श्री सीमेंट प्लांट का किया उद्घाटन**

# पहले मुगलों ने लूटा, अंग्रेजों ने तबाह किया, फिर कांग्रेस-सपा ने पहचान मिटाई : योगी

एजेंसी

एटा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर करारा वार करते हुए कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री योगी ने यह बातें जनपद एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित श्री सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी




सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है।

योगी ने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी ? यही स्थिति तब थी। आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है और उसके बगल में श्री सीमेंट परिवार ने 750 करोड़ रुपये का नया प्लांट लगाया है। इससे 500 लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधार शिला। योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता ? मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज एटा की पहचान न सिर्फ सीमेंट और पावर प्लांट से है, बल्कि अपने परंपरागत उद्यम जलेसर के घंटा और घुंघरू से भी है। देवस्थान की पूजा और संगीत की महफिल, दोनों जलेसर के बिना अधूरी है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में यूपी को भी विकसित करना होगा। विधानसभा और विधान परिषद में 24 घंटे लगातार बहस हुई, सेक्टर और थीम तय किए गए। अब विशेषज्ञ हर जिले में जाकर युवाओं को तैयार करेंगे और जनता के सुझावों से रोडमैप बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री सीमेंट सिर्फ उद्योग नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व भी निभा रहा है। अकेले एटा यूनिट ने अब तक 183 शहीद परिवारों को मुफ्त सीमेंट उपलब्ध कराया है। सीएम योगी ने कहा कि जब भारतीय जवानों ने ● शेष पेज 11 पर

### कल्याण सिंह की पुण्यतिथि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि

# साधारण व्यक्तित्व के साथ अपने मूल्यों, आदर्शों पर सदैव अडिग रहे 'बाबू जी': मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, 'पद्म विभूषण' से सम्मानित कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर अपने संदेश में मुख्यमंत्री योगी ने लिखा, ''राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, परम रामभक्त, 'पद्म विभूषण', श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! श्रद्धेय 'बाबूजी' असाधारण व्यक्तित्व के साथ अपने मूल्यों, आदर्शों पर सदैव अडिग रहे। अपनी प्रशासनिक दक्षता से उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी। उनकी पावन स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन!''

कल्याण सिंह, जिन्हें प्यार से 'बाबूजी' कहा जाता था, न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि राम मंदिर आंदोलन के महानायकों में से एक थे। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अलीगढ़ के मढ़ौली गांव में 5 जनवरी 1932 को जन्मे कल्याण सिंह ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत 1967 में अतरौली से विधायक बनकर की। वे दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और बाद में राजस्थान के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। भारतीय राजनीति में उनके योगदान और मुख्यमंत्री के तौर पर उत्तर प्रदेश में किए गए सामाजिक और प्रशासनिक सुधारों को लेकर हमेशा याद किया जाएगा। सीएम योगी के अलावा देश व प्रदेश के सभी वरिष्ठ भाजपा नेता सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री को यादकर उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर अलीगढ़ में आज 'हिंदू गौरव दिवस' के रूप में एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। यह आयोजन कल्याण सिंह के योगदान को याद करने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का एक मंच होगा।

# यूपी में 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**योगी सरकार ने जारी किये गुरुवार तक की फर्टिलाइजर उपलब्धता के आंकड़े, 3.02 लाख मीट्रिक टन एनपीके खाद भी प्रदेश के किसानों के लिए है मौजूद**

**प्रयागराज मंडल में सर्वाधिक 52,395 हजार मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध, यूरिया का वास्तविक मूल्य 2174 रुपये प्रति बैग, सब्सिडी के चलते किसानों को 266.50 रुपये में हो रहा उपलब्ध**

**समय से खाद, बीज और सिंचाई सुविधाओं के कारण प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन पहुंचा**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी खाद-उर्वरकों की कमी नहीं है। सभी मंडलों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है। कृषि विभाग ने मंडलवार खाद की उपलब्धता के ताजा आंकड़े जारी किए हैं।

कृषि विभाग के अनुसार, प्रदेश में कुल 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3.02 लाख मीट्रिक टन एनपीके की उपलब्धता है। इसका अर्थ है कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मुख्यमंत्री योगी ने किसानों से अपील की है कि वे खाद का अनावश्यक भंडारण न करें। जितनी जरूरत हो, उतनी ही मात्रा में खाद लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और समय-समय पर खाद की उपलब्धता व वितरण पर नजर रख रही है।

बता दें कि योगी सरकार किसानों के हित में लगातार कदम उठा रही है। यूरिया का वास्तविक मूल्य 2,174 रुपये प्रति बैग है, लेकिन सब्सिडी के चलते यह किसानों को मात्र 266.50 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। समय से खाद, बीज और सिंचाई सुविधाओं की वजह से प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। कृषि क्षेत्र से जुड़ा जीएसवीए, जो सपा शासन के दौरान 2 लाख करोड़ रुपये था, अब बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। खरीफ 2024-25 में अब तक 32.07 लाख मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले वर्ष से 4.5 लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी 2025-26 सीजन के लिए सरकार ने 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4 लाख हेक्टेयर अधिक है। किसानों को 10 लाख क्विंटल अनुदानित बीज और लगभग 12.80 लाख मिनी किट उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि गन्ना किसानों को दलहन-तिलहन की बोआई के लिए निःशुल्क बीज दिए जाएंगे। सीमावर्ती जनपदों में खाद-यूरिया की तस्करी रोकने के लिए चौकसी बढ़ाई गई है और कालाबाजारी, जमाखोरी तथा तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है।

## जहरीला पदार्थ खाकर फरियाद लगाने पहुंचा रिटायर फौजी अस्पताल में भर्ती

लखनऊ। स्थानीय विधायक से विवाद के चलते कोई सुनवाई न होने से आजिज आकर गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री के जनता दरबार मे जहरीला पदार्थ खाकर फरियाद लगाने पहुंचे एक रिटायर फौजी को पुलिस ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने फौजी को खतरे से बाहर बताया है।

गाजियाबाद के सिरौली-लोनी निवासी 65 वर्षीय सतवीर गुर्जर आज जनता दरबार मे स्थानीय विधायक के खिलाफ गुहार लगाने पहुचे थे। उनका विधायक से विवाद चल रहा है। आज सुबह 8.50 बजे जब वह जनता दरबार में पहुंचे तो उनकी स्थिति सही नहीं लग रही थी। जिस पर दरबार में मौजूद लोगों ने बताया कि वह जहरीला पदार्थ खाकर आया है। यह सुनकर वहां सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गये। आनन फानन में गौतमपल्ली पुलिस के जरिये उसे सिविल अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

## भाजपा ने पूर्व सांसद अनिल शुक्ल समेत तीन नेताओं को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए पूर्व सांसद अनिल शुक्ल व कानपुर देहात के दो पूर्व जिलाध्यक्षों मनोज शुक्ल व राजेश तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूर्व सांसद अनिल शुक्ल प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति हैं। अभी हाल ही में अनिल शुक्ल का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसमें वह उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से ब्राह्मणों की रक्षा करने की बात कर रहे थे। बदलापुर में सड़क निर्माण के विवाद में भाजपा कार्यकर्ता पर मुकदमा दर्ज होने से नाराज महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला अकबरपुर कोतवाली पहुंची थीं और धरने पर बैठ गईं थीं। धरने के दौरान पूर्व सांसद अनिल शुक्ल का फोन पर ब्रजेश पाठक से बात करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उन्होंने शिकायती लहजे में कहा था कि हम राजनीति छोड़ दें या फांसी पर लटक जायें। आप को डिप्टी सीएम इसलिए बनाया गया है कि आप ब्राह्मणों की रक्षा करें। इस वीडियो के बाद भाजपा सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इसको पार्टी ने गंभीरता से लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल ने पूर्व सांसद अनिल शुक्ल, कानपुर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ल और राजेश तिवारी को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। जारी नोटिस में उन्होंने कहा कि आप का वक्तव्य पार्टी के विचारों के प्रतिकूल है। आप का किया गया कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ल की ओर से इन तीनों नेताओं को जारी पत्र में लिखा है कि अपना स्पष्टीकरण 07 दिन के अन्दर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उपलब्ध करायें। समय से स्पष्टीकरण एवं संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के महानायक थे कल्याण सिंह : केशव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के महानायक थे। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन के महानायकों में अग्रणी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की स्मृति तब स्वाभाविक रूप से मन में जाग्रत हो उठती है जब उस दौर का गूंजता हुआ नारा 'कल्याण सिंह कल्याण करो, मंदिर का निर्माण करो!' मुझ जैसे असंख्य रामभक्तों के हृदय में आस्था और उत्साह की ध्वनि बनकर अनुगूंजित होता है। सदियों के अनवरत संघर्ष, अनेकानेक रामभक्तों के अथक तप, त्याग और बलिदान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अडिग आस्था और अटल संकल्प से ही प्रभु श्रीराम जी के भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण का स्वप्न साकार हुआ है। हम सब मिलकर श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के इस अमर महानायक को भावपूर्ण नमन करें।

## राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा 210 घंटे का कौशल प्रशिक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी नियमित शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत वर्चुअल बैठक में गुरुवार को सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी नियमित शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना था। यह प्रशिक्षण छात्रों की रुचि एवं जिलाधिकारी द्वारा सुझाए गए सेक्टर और कोर्स के अनुरूप होगा। बैठक में मिशन निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को 210 घंटे के कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 150 घंटे कोर स्किल, 30 घंटे सॉफ्ट स्किल और 30 घंटे इंडस्ट्रियल विजिट शामिल होंगे। सॉफ्ट स्किल और इंडस्ट्रियल विजिट कराया जाना अनिवार्य है।

## आभूषण प्रतिष्ठान में चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** चौक थानांतर्गत एक ज्वेलर्स के यहां तैनात कारीगर द्वारा सहयोगियों संग आभूषण चोरी किये जाने की घटना का खुलासा गुरुवार को पुलिस ने किया है। पुलिस ने प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 50 लाख रुपए के अर्धनिर्मित आभूषण भी बरामद किया है। एडीसीपी ने गुरुवार को बताया कि चौक में धर्मेन्द्र की ज्वेलर्स की दुकान है। जहां पर जेवर जुडाई वा बनवाई का कार्य होता है। दुकान पर काम करने वाले वजीरगंज निवासी कारीगर अनिल चौधरी 3-4 वर्षों से कार्य कर रहा था। बीते चार अगस्त को करीब 2 बजे वह दुकान से करीब 700 ग्राम सोने के जेवर जो अभी आधे तैयार थे, को लेकर चला गया । घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की।

# नहीं दर्ज हो रहा पीड़ित का मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रदेश सरकार जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके आला अधिकारी जनता की समस्याओं के निवारण के लिए रोजाना जनता दरबार लगाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना अध्यक्ष पर गंभीर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। 16 अगस्त को रामपुर हथिगहां निवासी रामचंद्र विश्वकर्मा पर पड़ोसी अनिल कुमार, अम्बुज कुमार, मिथलेश पुत्र स्व. सुंदरलाल, मनीष, आशीष पुत्र कमलेश, शुभम पुत्र मिथलेश, सौरभ पुत्र अम्बुज समेत पांच अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने जमीन का बैनामा न करने की बात पर परिवार को धमकाया, विरोध करने पर रामचंद्र व उनके पुत्र राजकुमार को अधमरा कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची रामचंद्र की बहू गुडिया के साथ भी बदसलूकी की गई और जमीन पर पटक दिया गया। शोर सुनकर पहुंचे आस-पड़ोस के लोग जब तक समझ पाते, हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने थाने जाकर रिपोर्ट लिखवाने की बात कही, लेकिन नवाबगंज थाना पुलिस ने आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। वहीं पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी लगातार उनके घर के आसपास रेकी कर रहे हैं और कभी भी गंभीर घटना हो सकती है। पीड़ित रामचंद्र विश्वकर्मा के पिता अभी भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि परिवार की जान-माल को खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद नवाबगंज थाना पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लग रहे हैं।

# प्रयागराज : उद्यान विभाग द्वारा 'पर ब्लॉक वन क्रॉप' कार्यक्रम का आयोजन

### किसानों को दी गई बागवानी योजनाओं की विस्तृत जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उद्यान विभाग द्वारा जनपद प्रयागराज में ''पर ब्लॉक वन क्रॉप'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड जसरा और शंकरगढ़ के किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर उद्यान विभाग के अधिकारियों ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इनमें प्रमुख रूप से एकीकृत बागवानी विकास मिशन, ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' (माइक्रोइरिगेशन योजना) और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना शामिल थीं। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर होगा। पंजीकरण के दौरान किसानों को फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू-अभिलेख, जाति प्रमाण पत्र और पंजीकरण पावती संलग्न करनी होगी। सभी अभिलेख जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-85, विकास भवन प्रयागराज में किसी भी कार्य दिवस में जमा किए जा सकते हैं। योजना का लाभ वही किसान ले सकते हैं, जिनके नाम पर उपयुक्त भूमि उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को नवीनतम तकनीकों, योजनाओं और सब्सिडी संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिससे वे अपनी आय को बढ़ाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दे सकें।

## रोजगार महाकुंभ 2025 : 26 से 28 अगस्त तक लखनऊ में 50 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार, पंजीकरण अनिवार्य

प्रयागराज। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा रोजगार महाकुंभ 2025 का आयोजन 26 से 28 अगस्त तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जा रहा है। सेवायोजन विभाग के इस आयोजन में विभिन्न कंपनियों और उद्योगों द्वारा 50 हजार से अधिक रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। रोजगार महाकुंभ में विनिर्माण, आईटी, सेवा क्षेत्र, उभरते उद्योगों सहित जापान, जर्मनी और इजराइल में हेल्थ एवं होम-केयरगिवर की नौकरियों के अवसर उपलब्ध होंगे। इस दौरान एआई प्रशिक्षण मॉड्यूल विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें डिजिटल कौशल और एआई-संचालित नौकरी की तैयारी पर फोकस किया जाएगा। रोजगार महाकुंभ में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकृत उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि पर समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र और बायोडाटा के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में उपस्थित होना होगा। सेवायोजन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

लखनऊ। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं० 1, ई-निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण** : टेण्डर नं.- ''19-जीकेपी-एमडब्लूएस-2025-26-1'' ''बफ्फिंग अलांग वीथ स्ट्रिपिंग, फिटिंग एंड क्लैम्पिंग ऑफ एसएस वाश बेसिन, एसएस वाल प्रोटेक्टर एंड एसएस लवैटोरी पैन/इनले इन आईसीएफ, मेमू एंड एलएचबी कोचेज इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर'', **अनुमानित लागत (रू० में)**: 3266437.66, **धरोहर राशि (रू० मे)**: 65300.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि**: 11.00 बजे 12.09.2025, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**:- रु० शून्य, **संविदा की अवधि**:- 24 माह, उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेवसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखे ।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक-56

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


### मण्डलीय समीक्षा बैठक: जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर मण्डलायुक्त ने दिखाई सख्ती

# स्वास्थ्य, गौशाला, जल-जीवन मिशन और अन्नपूर्णा भवन सहित कई योजनाओं की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को गांधी सभागार में आईजीआरएस, स्वास्थ्य सेवाएं, गौशाला प्रबंधन, जल-जीवन मिशन और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति की मण्डलीय समीक्षा की। बैठक में मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस के तहत राजस्व संबंधी प्रकरणों में प्रयागराज की फूलपुर तहसील और फतेहपुर की बिंदकी व खागा में खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएचसी और पीएचसी में साफ-सफाई, प्रसव कक्षों की व्यवस्था, निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण भोजन और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में प्रसव बढ़ाने पर बल दिया और निजी अस्पतालों में अधिक प्रसव होने पर असंतोष जताया।

सीजेरियन ऑपरेशन की उच्च संख्या पर नाराजगी व्यक्त की गई। नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस-बी जीरो डोज देने का निर्देश। जेएसवाई भुगतान रजिस्टर को अद्यतन रखने पर जोर। जर्जर लेबर रूम व महिला वार्डों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश। मण्डलायुक्त ने सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं, वहां तत्काल कैमरे लगवाएं। निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश। गौशालाओं का ऑडिट कराने और संरक्षित गौवंशों की वास्तविक संख्या के सत्यापन के आदेश। भूसा, पानी, रोशनी और टीकाकरण की बेहतर व्यवस्था पर बल। मण्डलायुक्त ने जल-जीवन मिशन से जुड़ी परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। रेस्टोरेशन कार्य संतोषजनक होने के बाद ही योजना का हैंडओवर किया जाएगा। विद्युत कनेक्शन में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक माह में समस्या के समाधान के निर्देश दिए। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में तेजी के निर्देश बैठक में मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अन्नपूर्णा भवन के लिए जमीन का चिन्हांकन शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य में तेजी लाएं। इस अवसर पर मण्डल के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, स्वास्थ्य, पशुपालन, जल निगम, सेतु निगम, विद्युत और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं. 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-50 दिनांक: 20.08.2025

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | मेंटेनेंस ऑफ एल०एच०बी० एन्ड आई०सी०एफ० कोच स्प्रिंग्स, इन्क्लूडिंग मशीनरी सप्लाई एन्ड ए 3-ईयर सर्विस कॉन्ट्रैक्ट। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 15,67,66,370.00 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 9,33,800/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक 11.09.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र: फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | |
| 09 | खुलने का समय: निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट- www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

2544/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# निगोहां में आखिर प्रसूता की मौत का जिम्मेदार कौन, सभी मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां में जच्चा-बच्चा की हुई मौत कर प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। आखिर किसकी लापरवाही से प्रसूता की मौत हुई है? अभी तक जांच सिर्फ जांच ही चल रही है। पुलिस को मारपीट सहित इस मामले में दो तहरीर मिली है,जिसको लेकर पुलिस असमंजस की स्थित में है और पुलिस विभाग के आलाधिकारी भी गंभीरता के साथ नजर बनाए हुए है। दयालपुर के मजरा परमेश्वरखेडा के मजदूर शैलेन्द्र कुमार की पत्नी प्रेमलता (26) की डिलवरी होनी थी। शैलेन्द्र ने पत्नी को निगोहां कस्बा के पारस हास्पिटल एक निजी अस्पताल में बीती 18 अगस्त को दोपहर में भर्ती कराया गया था। जहाँ मंगलवार देर रात महिला की तबियत बिगड़ने तब डॉक्टरों ने महिला को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया था, पति और अन्य लोग एम्बुलेंस से महिला दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे,जहां रास्ते में ही प्रसूता की मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतका के मायके पक्ष का आरोप था, कि ससुराल वाले एम्बुलेंस को रास्ते मे ही काफी देर तक रुकवा कर अस्पताल का चयन करते रहे। इस दौरान महिला की और तबियत बिगड़ती गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गयी और अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे। वहीं मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर समय पर सही इलाज न कराने का आरोप लगाते हुये, हंगामा करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। इस मामले में निगोहां पुलिस की मृतका के मायके और ससुराल सहित तीन तहरीर मिली है, जिस पर जांच चल रही है। आखिरकार किसकी लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत हुई है, सभी चुप्पी साधे हुए है।

# मतदाता सूची से वोट काटे जाने के विरोध में सपा महिला सभा का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी महिला सभा की जिला एवं महानगर कार्यकारिणी द्वारा उत्तर प्रदेश में जातियों के आधार पर पिछड़ी जातियों में यादव, मुस्लिम, मौर्या, प्रजापति एवं बघेल आदि जातियों के 18000 मतदाताओं के नाम काटे जाने के विरोध में महिला सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, पूर्व एम0एल0सी0 लीलावती कुशवाहा, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव एवं महिला सभा महानगर अध्यक्ष मुन्नी पाल के नेतृत्व में जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग से सैकड़ों



महिलाओं के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को सम्बोधित ज्ञापन जिला कलेक्ट्रेट, लखनऊ के जिलाधिकारी का सौंपा गया।

इस अवसर पर महिला सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह एवं महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा गलत तरीके से जातिगत आधार पर पिछड़ी जातियों, यादव मुस्लिमों मौर्या, प्रजापति, पाल, बघेल आदि जातियों के नाम बड़ी संख्या में काटे गये है, जिससे मतदाता अपना मतदान करने से वंचित रह जाता है। समाजवादी पार्टी द्वारा मतदाता सूची से गलत तरीके से काटे गये 18 हजार वोटरों के शपथ पत्र दिये गये थे। चुनाव आयोग द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए संलिप्त अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाये, जिससे मतदाता सूची में गलत तरीके से मतदाताओं के नाम न काटे जा सकें।

इस अवसर पर महिला सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वन्दना चतुर्वेदी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, राष्ट्रीय सचिव विजयलक्ष्मी निषाद, प्रदेश सचिव रंजना पटेल, प्रीती सिंह, लता जायसवार, सुहागवती, शान्ति यादव, प्रदेश अध्यक्ष किन्नर सभा पायल सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत, ललिता राजपूत लोधी, विजयश्री गौतम एवं कल्पना रस्तोगी के साथ सैकड़ों महिलायें मौजूद रहीं।

# निगोहां: लालपुर प्राथमिक विद्यालय में पुनः लौटी बच्चों की रौनक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां,लखनऊ। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार से विशेष आग्रह कर विनोद वर्मा निवासी लालपुर निगोहा ने प्राथमिक विद्यालय लालपुर को विभिन्न कारण बताते हुए खुलवाने का आग्रह किया , इसको स्वीकार करते हुए 22 अगस्त 2025 से प्राथमिक विद्यालय लालपुर पुनः खुलने का निर्देश भी है। लालपुर निवासी विनोद वर्मा ने बताया कि गांव वालों के लगातार विरोध और उनके आग्रह पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय दखिना शेषपुर में मर्ज हुए प्राथमिक विद्यालय लालपुर में पढ़ने वाले बच्चे राजमार्ग से होते हुए विद्यालय को जाने पर मजबूर थे , जिससे उनके मां-बाप लगातार परेशान रहते थे और जन प्रतिनिधि होने के कारण विरोध दर्ज करते थे इसके लिए हम लोगों ने खंड शिक्षा अधिकारी से युग्मन वापस लेने का ज्ञापन 4 अगस्त 2025दिया था। खंड शिक्षा अधिकारी



मोहनलालगंज ने बच्चों के हित का ध्यान रखते हुए त्वरित आदेश द्वारा 22 अगस्त 2025 से गांव लालपुर का विद्यालय खोलने का आदेश किया। यह खबर सुनकर गांव वालों में हर्ष की लहर व्याप्त है गांव के बुजुर्ग अभिभावक व बच्चे सभी गांव का विद्यालय खुलने से हर्षित है। विनोद वर्मा व निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने पूरे गांव वालों की तरफ से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# सहकारिता के माध्यम से समर्थ व स्वावलंबी भारत बनाना है: डॉ.उदय जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. उदय जोशी ने कहा कि हमें सहकारिता को जन-आंदोलन बनाना है। इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से सक्षम भारत, समर्थ-भारत, व स्वावलंबी -भारत बनाना है। सहकारिता को स्कूली पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल कराना है, जिससे युवा पीढ़ी महिलाएं और कमजोर वर्गों का सहकारिता के प्रति समझ बढ़े और इन समितियों के माध्यम से समाज का वह कमजोर वर्ग लाभ प्राप्त करें। डा. उदय जोशी गुरूवार को सहकार भारती की ओर से उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सभागार में आयोजित सहकार संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का मुख्य उद्देश्य है 'सहकारिता से समृद्धि और विश्व का कल्याण और लोगों का जीवन बेहतर हो' अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में ही भारत सरकार की सहकारिता मंत्रालय ने भारत में सहकारिता नीति-2025 को लागू किया। डा. उदय जोशी ने कहा कि हम सबका लक्ष्य है और भविष्य की रणनीति भी है। सहकारिता में सहकार को बढ़ाना सहकारी संरचना को सशक्त करना और भौगोलिक पहुंच का विस्तार करना सहकारिता का मुख्य उद्देश्य है। जिससे सहकारी व्यावसायिक इकोसिस्टम के विकास को प्रोत्साहित करना और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक हमारे उत्पाद पहुंचे, इसके लिए बहुआयामी विस्तार को बढ़ावा देना है। जिससे सहकारी स्व-उद्यमियो की संख्या में बढ़ोतरी, आय में वृद्धि हो। स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अरुण कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा-यद्यपि सहकार भारती उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सहकार नीति 2025 को प्रदेश शासन के सहयोग से कार्यान्वित करने में कृति संकल्पित है, फिर भी कई मूलभूत कठिनाइयां यथा-कार्मिकों की समुचित व्यवस्था व इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण करने की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम के विषय परिवर्तन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजदत्त पांडेय, राष्ट्रीय प्रमुख बी पैक्स प्रकोष्ठ सहकार भारती ने कहा-''उत्तर प्रदेश में बी-पैक्स समितियों की आर्थिक परिस्थितियों को सुधारने के लिए में प्रदेश सरकार ने सकारात्मक कदम उठाये है लेकिन अभी इनको आर्थिक मजबूती देने के लिए कुछ निर्णय ऐसे लिए जाने जरूरी है जिससे गॉव का किसान समृद्धिशाली हो।

## मित्र के घर पर युवक ने फांसी लगाकर जान दी

सरोजनीनगर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके में गुरुवार को एक युवक ने अपने मित्र के फ्लैट में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस व मृतक के भाई हिमांशु पाण्डेय ने अन्दर से बंद फ्लैट का गेट व दरवाजा तोड़ कर पंखे के सहारे लटक रहे मृतक के शव को बाहर निकाला। शुरुआती चाँच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के 47/39 पीएम आवास योजना शारदा नगर में शोएब खान का 47/ 39 नम्बर का फ्लैट है। सरोजनी नगर के आजादनगर - चिल्लावां निवासी जगदीश पाण्डेय का पुत्र पवन पाण्डेय (22 ) अपने दोस्त शोएब खान के पास उसकी अनुपस्थिति में आया हुआ था। इस फ्लैट में पवन पाण्डेय का अक्सर आना जाना होता था और फ्लैट की एक चाभी पाण्डेय के पास भी थी। पवन पाण्डेय ने फ्लैट का गेट अंदर से बंद करके फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिससे मौत का कारण स्पष्ट हो सके।

## नगराम: जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, महिला घायल

नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगराम थाना क्षेत्र के धोबइया मजरा कमलापुर में गुरुवार की सुबह जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि विपक्षी पक्ष ने पीड़ित की पत्नी को लाठियों-डंडों से बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पीड़ित राजेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय मथुरा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह विपक्षी सुरेन्द्र पुत्र स्व. मथुरा और राकेश पुत्र सुदेवार ने मिलकर उसके घर के पीछे स्थित जमीन पर जबरन बांस काटकर कब्जा करना शुरू कर दिया। जब उनकी पत्नी शशि देवी ने इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया।हमले के दौरान महिला को गंभीर चोटें आईं और खून से लथपथ होकर वह जमीन पर गिर पड़ीं। राजेन्द्र कुमार ने तत्काल घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल शशि देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम भेजा, जहां उनका प्राथमिक इलाज जारी है। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने उसे व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी है। मामले में नगराम पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है।

## खाद के साथ होगी टैगिंग नहीं तो नहीं मिलेगी खाद

बीकेटी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरकार किसानों तक उचित दामों खाद उपलब्ध कराने में भरसक प्रयास कर रही है। लेकिन खाद कंपनियां मानने को तैयार नहीं। दुकानदार को खाद लेनी है तो होलसेलर बिना टैगिंग के खाद नहीं दे रही है। जिससे खाद की दुकानों पर खाद का टोटा है। बीकेटी कठवारा स्थित शिव खाद भंडार के दुकानदार सुजीत कुमार की गांव में खाद की दुकान है। उन्होंने बताया वह यारा कंपनी से खाद लेते है। इस समय यूरिया खाद की बहुत किल्लत है। किसानों खाद मुहैया कराने के लिए इधर कई बार यूरिया खाद की डिमांड भेजी लेकिन हर बार यही कहकर खाद नहीं दी गई कि खाद के साथ में टैगिंग लेने से मना कर दिया। सुजीत ने बताया 19 अगस्त को यारा कंपनी के कर्मचारी बी के पांडेय से यूरिया खाद की डिमांड भेजी तो बी के पांडेय ने कहा खाली यूरिया नहीं मिलेगी उसके साथ टैगिंग जरूर दी जाएगी। ऐसे कंपनी आप के साथ बिजनेस नहीं कर पाएगी। जब दुकानदार सुजीत ने सरकार का हवाला देते हुए कहा सरकार खाद टैगिंग के सख्त खिलाफ है। इस बारे में जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया मामले की जांच पड़ताल की जाएगी यदि दुकानदार के आरोप सही पाए जाते है तो यारा कंपनी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## बेखौफ चोरों ने हजारों की नकदी और जेवरात पर किया हाथ साफ

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बंथरा थाना क्षेत्र के सादुल्ला नगर गांव में बीती रात एक घर में घुसे बेखौफ अज्ञात चोरों ने घर से नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिए। बताते हैं कि इसी दौरान शोर गुल सुन कर घर वाले जग गए और चोरों को पकड़ने की भी कोशिश की किंतु चोर घर वालों के हाथ ना आ सके और वह चोरी के माल के साथ फरार हो गए। चोर भागते हुए पीड़ित के घर के पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हालांकि उनकी तस्वीर साफ न आ सकी किंतु बताया जा रहा है कि चोर तीन की संख्या में थे। पीड़ित के भाई अलीम अहमद पुत्र मिसवाउद्दीन ने थाने पर चोरी की लिखित तहरीर दी है। घटना के अनुसार सादुल्ला नगर गांव निवासी मुन्ना पुत्र मिसवाउद्दीन के घर बीती रात में चोरों ने घुसकर करीब 50 हजार रुपए के जेवरात व 40 हजार रुपए की नगदी चुरा ले गए। बताते हैं कि मुन्ना और उनकी पत्नी इस समय बीमार हैं और वह ऑपरेशन के लिए पैसे इकट्ठा किए थे, जिसे चोरों द्वारा साफ कर दिया गया। घटना के बाद पीड़ित द्वारा 112 नंबर पुलिस को भी सूचना दी गई इसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा छानबीन की गई। दिन में बंथरा पुलिस को लिखित तहरीर देकर चोरी के खुलासे की गुहार लगाई

# हत्या में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा,लखनऊ। बीते दिनों क्षेत्र में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद युवक की पत्नी द्वारा आरोपियों पर दर्ज कराए गए हत्या के मुकदमे में पुलिस द्वारा गुरुवार को एक आरोपी को पड़कर जेल भेज दिया गया, वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है। क्षेत्र के कटीबगिया चौराहे पर बीती 19 अगस्त को सरांय शहजादी निवासी युवक की मोटरसाइकिल का पंचर बनवाते समय कुछ युवकों द्वारा लात घुंसों सहित डंडे व लोहे की राड से पिटाई कर दी गई थी जिसके बाद युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतक प्रदीप की पत्नी की तहरीर पर अंकित,अमित, रवि, मनीष निवासी अज्ञात व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उसके पश्चात बंथरा पुलिस द्वारा जांच पड़ताल करते हुए मनीष व उसके भाई रंजीत की घटना में



संलिप्तता के सबूत पाए गए। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु बंथरा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पहले आरोपी मनीष रावत उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र तुलाराम निवासी गुलाल खेड़ा थाना मलिहाबाद, हाल पता भाई लाल का मकान स्थित कटी बगिया को खसरवारा वाली रोड से पहाड़पुर जाने वाली मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं मारपीट में प्रयोग लोहे के एक चौकोर पाइप और लकड़ी की एक फंटी को भी बरामद किया गया है। आरोपी मनीष को जेल भेजने के साथ दूसरे फरार आरोपी रंजीत की तलाश की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को मिलेगी पारदर्शी और बेहतर सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रदेश में अब तक 35 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित, जांच में सभी सही पाए गए**

**तेज चलने और ज्यादा बिल की अफवाह पूरी तरह निराधार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 2.73 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से अब तक 35 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। योगी सरकार की मंशा है कि प्रदेश में हर उपभोक्ता को पारदर्शी, सुरक्षित और विश्वस्तरीय बिजली सुविधा मिले। इसी कड़ी में स्मार्ट मीटर परियोजना को प्राथमिकता दी जा रही है। स्मार्ट मीटरों को लेकर यह गलतफहमी फैलाई जा रही है कि ये तेज चलते हैं और अधिक खपत दिखाते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और उपभोक्ता हित में हैं। इनमें खपत मापन की तकनीक बिल्कुल वही है जो वर्तमान इलेक्ट्रॉनिक मीटर में है। अंतर सिर्फ इतना है कि स्मार्ट मीटर में रीडिंग और बिलिंग ऑनलाइन हो जाती है, जिससे मानवीय हस्तक्षेप समाप्त हो जाता है। 20 अगस्त को पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर 550 स्मार्ट मीटरों की जांच की गई। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों के उपभोक्ताओं ऽ जैसे विशाल खंड की कान्ती यादव, चिनहट की रजनी सिंह, फैजाबाद रोड के दीपक सिंह और इंदिरा नगर की कामिनी पांडेय ऽ के मीटरों की चेकिंग में पाया गया कि सभी मीटर सही खपत दर्ज कर रहे थे। किसी भी उपभोक्ता का मीटर तेज नहीं चला। 15 अगस्त तक लगाए गए 34,05,066 स्मार्ट मीटरों के सापेक्ष 1,66,304 चेक मीटर भी लगाए गए हैं। उपभोक्ता की शंका होने पर उनके परिसर में चेक मीटर लगाया जा सकता है। जांच रिपोर्ट से भी उपभोक्ताओं को अवगत कराया जा रहा है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ता यूपीपीसीएल के 'स्मार्ट कंज्यूमर ऐप' से अपनी खपत घंटे-घंटे देख सकते हैं। इससे यह समझना आसान हो जाता है कि कौन-सा उपकरण सबसे अधिक बिजली खर्च कर रहा है। उपभोक्ता घर बैठे रिचार्ज भी कर सकते हैं।

प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को निर्धारित टैरिफ में 2% की छूट दी जाती है। बैलेंस की जानकारी समय-समय पर एसएमएस अलर्ट से दी जाती है—30%, 10% और शून्य पर उपभोक्ता को सूचित किया जाता है। इसके बाद भी 30 दिन का ग्रेस पीरियड और अतिरिक्त 3 दिन का समय दिया जाता है। शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे के बीच तथा छुट्टियों में कनेक्शन नहीं काटा जाता।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में ग्रामीण पर्यटन की अहम भूमिका: जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश तथा आत्मनिर्भर भारत का आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के संकल्प को पूरा करने में पर्यटन सेक्टर का अहम योगदान होगा। पर्यटन एक उभरता हुआ सेक्टर है, जिसमें मनोरंजन के साथ रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की अपार संभावनाएं है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव-2025 के शुभारम्भ के अवसर पर उन्होंने कहा कि बदलते भारत में पर्यटन अब कुछ स्थलों तक सीमित न रहकर गांव की ओर बढ़ रहा है। यह देश एवं उत्तर प्रदेश के लिए प्रसन्नता का विषय है। भारत के गांव भी बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पारम्परिक सोच के अलावा ईको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म तथा होम स्टे एवं फॉर्म स्टे पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि पर्यटन पहले कुछ खास वर्गों तक सीमित था। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होने से आम आदमी की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे हर व्यक्ति पर्यटन में रूचि ले रहा है। कोरोना कालखंड के बाद लोगों की जीवनशैली बदली है। भौतिक जीवन से उबे हुए लोग अब प्रकृति के सानिध्य में रहना चाहते हैं। उनके लिए ईको टूरिज्म एवं रूरल टूरिज्म बहुत पसंद आ रहा है। यूपी सरकार इसको बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर सुविधाएं सृजित कर रही है। जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन की ग्रोथ के लिए सुरक्षा एवं बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी है। पर्यटक कम समय में अधिक से अधिक स्थलों तक पहुंचना चाहता है। गांव में होमस्टे, फॉर्म स्टे, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है, यही कारण है कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर और विदेशी पर्यटन में अग्रणी स्थान प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है। इससे ग्रामीण होमस्टे संचालकों आदि को व्यवसाय मिलेगा तथा अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमारे गांव केवल कृषि परम्पराओं के केन्द्र नहीं है बल्कि समृद्ध संस्कृति, लोककला, हस्तशिल्प और खुशहाल जीवनशैली के भी जीवंत उदाहरण है। ग्रामीण पर्यटन हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने और युवाओं के लिए रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं लेकर चल रहे हैं। यह कॉन्क्लेव ग्रामीण पर्यटन से जुड़े विविध पहलुओं को प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को शहरों एवं ऐतिहासिक स्थलों तक सीमित न रखकर गांवों के अंतिम सिरे तक पहुंचाना है। ऐसे ही प्रयास आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूर्ण करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस कॉन्क्लेव में विविध क्षेत्रों के लोग मिलकर ग्रामीण पर्यटन की सम्भावनाओं और चुनौतियों पर गम्भीर विचार-मंथन करेंगे। ताकि प्रदेश घरेलू पर्यटकों के लिए नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर सकेगा।

# निगोहां से 200 कांवड़ियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां लखनऊ। भक्ति और श्रद्धा के जोश के साथ निगोहां कस्बा से लगभग 200 कांवड़ियों का विशाल जत्था गुरुवार को बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। जत्था सुल्तानगंज से गंगा जल भरकर पैदल यात्रा करेगा और कजरी तीज पर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगा। यात्रा की अगुवाई कर रहे संतोष शर्मा ने कहा कि कजरी तीज हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गंगा जल से बाबा का अभिषेक कर हम आशीर्वाद की कामना करते हैं। कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। जत्थे में शामिल कांवड़ियों का निगोहां कस्बा में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए राहुल गुप्ता, आर जी होटल,सोनी बुक डिपो, प्रियंका सिंह रघुवंशी ,संतोष



सोनी द्वारा जलपान और शीतल जल की व्यवस्था की गई। कांवड़िया शिवचंद गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी से हमारी आस्था और भक्ति को मजबूती मिली है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ भव्य आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे श्रद्धालु

**कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने अंगवस्त्र , प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर किया स्वागत**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद में इस समय जन्माष्टमी के मौके 18 तारीख से 21 तारीख तक मां गौरी देवी मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें खैराबाद के कस्बे सहित दूर दूर से आए श्रद्धालु रासलीला को देखते है और भक्ति का रसपान करते है। आपको बताते चलें कि गत वर्षो के बाद इस वर्ष भी मां गौरी देवी समिति और अध्यक्ष नगर पालिका प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के द्वारा मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी से छठी तक रामलीला का कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है जिसमें खैराबाद वह आसपास के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में लखीमपुर खीरी से सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता मौजूद रहे साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतापुर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक अभिषेक जी व लखीमपुर से आए इंद्रेश गुप्ता का भी आगमन हुआ।जिनका अध्यक्ष प्रतिनिधि में अंग वस्त्र पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया जिसके बाद रासलीला कार्यक्रम में नरसिंह भगवान का अवतार देखकर मुख्य अतिथि व मौजूद नगरवासी भक्ति रस में डूब गई कलाकारों द्वारा अन्य कई और मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम में नगर पालिका खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता सफाई निरीक्षक मनोज राणा ,युवा भाजपा नेता सचिन मिश्रा सभासद आलोक बाजपाई ,अप्पू गुप्ता ,विष्णु गौतम, उमेश जायसवाल, महंत कृष्णाचारी ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि खैराबाद अपूर्व अग्रवाल, प्रेम त्रिपाठी,पुनीत सिंह, कुलदीप जायसवाल ,प्रहलाद कृष्ण शास्त्री ,गौरव अग्रवाल ,गौरव गुप्ता, रिंकू सिंह,अंकित गुप्ता, रुस्तम मिश्रा ,अर्पित सिंह राठौर अमित तिवारी, निरंकार गुप्ता,संदीप मिश्रा,पवन पाण्डे ,ध्रुव शुक्ला निरंकार गुप्ता ,रोमिल गुप्ता, वीरू गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दाधि उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत कीं विविध स्वरूपों की मनोरम झांकियां

बिसवां (सीतापुर)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की श्रृंखला में बुधवार को कस्बा स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय प्रांगण में दधि उत्सव (छठि) बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें हजारों की भीड़ जुटी। देर शाम दधि की मटकी परंपरागत तरीके से भजन व लचका गाकर फोड़ी गई। मटकी फूटते ही जय कन्हैया लाल के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। लगभग छः दसकों से भी अधिक समय से लगातार जन्माष्टमी के अवसर पर यह कार्यक्रम हो रहा है जिसमें आस पड़ोस के कई गांवों के लोग शामिल होते हैं। इस मौके पर भजन गायकों द्वारा भजन व लचका गाकर खुशी में नृत्य किया गया इसके पश्चात मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण और राधा रानी से सम्बन्धित विविध सांस्कृतिक मनोरम झांकियां प्रस्तुत की गईं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ श्रीकृष्ण व राधा का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देखकर लोग बहुत प्रसन्न हुए।अंत में प्रसाद वितरण कर भंडारा हुआ एवं बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# एसडीएम बिसवां की उपस्थिति में बच्चों को नि:शुल्क वितरित की गईं पाठ्य पुस्तकें

**साहित्य सृजन संस्थान, बिसवां द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई शिखा शुक्ला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अ. भा. संस्था 'साहित्य सृजन संस्थान' द्वारा क्षेत्र बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए बिसवां में निकट पशु चिकित्सालय, तहसील रोड पर स्थापित 'सृजन पुस्तकालय' में ( हाई स्कूल इंटर के छात्र छात्राओं को) निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप जिलाधिकारी बिसवां, शिखा शुक्ला उपस्थिति रहीं। संस्थान द्वारा उन्हें अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न एवं साहित्यिक पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।उनकी मौजूदगी में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्वर्गीय राकेश अग्रवाल जी की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्र अभिषेक अग्रवाल और पुत्रवधू शिवानी अग्रवाल के सौजन्य से शहरी सराय बिसवां स्थित मौलाना आजाद हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा, निजामाबाद निवासी कु रौशनी पुत्री राधेश्याम को उनके पाठ्यक्रम की पुस्तकें स्टेशनरी और स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर उप जिलाधिकारी, बिसवां शिखा शुक्ला जी ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षिक चेतना ही समाज की दिशा और दशा तय करती है इस लिहाज से सृजन पुस्तकालय की भूमिका क्षेत्र के शैक्षिक सरोकारों के प्रति महत्वपूर्ण है। हमारी शुभकामनाएं और भरपूर सहयोग संस्थान को सदैव सुलभ रहेगा।संस्थान के संस्थापक/अध्यक्ष साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष क्षेत्र के मेधावी जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बुक किट उपलब्ध कराई जाती है। ये बच्चे अपनी मेधा के बल पर सफलता अर्जित करके बिसवां का नाम पूरी दुनिया में जब रोशन करेंगे तो हमारे संस्थान का संकल्प सार्थक हो जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर अर्पित की गयी पुष्पांजलि

**कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ,नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ,अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने किया माल्यार्पण**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद नगर पालिका कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया याद। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ,नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ,अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने किया माल्यार्पण ।सीतापुर खैराबाद ।उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री रहे कल्याण सिंह की पुण्य तिथि पर पूरे जिले में कार्यक्रम किए गए । खैराबाद कस्बे में नगरपालिका कार्यालय में अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा , नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु जी एवं क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा एवं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी । श्रद्धांजलि के बाद पूर्व सांसद रेखा वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने स्वच्छता अभियान चलाया इस मौके पर पालिका के सभासद और गणमान्य लोगों के द्वारा सफाई कर्मियों के साथ सड़क पर झाड़ू लगा कर सफ़ाई का संदेश दिया और इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा जिस समय बाबू जी की सरकार प्रदेश में थी वो समय बहुत ही चुनौतियों से भरा था उसी समय राममंदिर का मुद्दा अपने जोर पर था हमारे बाबू जी पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने कार सेवकों को गोली न चलवाकर अपनी कुर्सी से इस्तीफा देने पर राजी हो गए थे।आज राम मंदिर का सपना पूरा हो गया है। बाबूजी का अहम योगदान है जिसको जन्म जन्मांतरण तक याद रखा जाएगा।इसी मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है लेकिन उसके पीछे पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जैसे बहुत से नेताओं ने इस पार्टी में अपना जीवन खपाया है जिनका पार्टी को लेकर बहुत बड़ा योगदान है आज हम सभी को गर्व है कि आज हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है ।आदरणीय बाबू जी पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जी कहा करते थे कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता जरूरी है और अपने कार्यकर्ता के लिए हमेशा लड़ जाने वाले हमारे मुख्य मंत्री जी के विचार आज भी हम सभी में जिंदा है और युगों युगों तक जब कभी राममन्दिर की चर्चा होगी हमारे बाबू जी के के नाम की चर्चा जरूर होगी।

## मियां सराय से निकली भव्य श्रीकृष्ण दधि शोभा यात्रा

सीतापुर। मियां सराय से निकली भव्य श्री कृष्ण दधि शोभा यात्रा हर वर्ष की भांति मो मियां सराय से भव्य श्री कृष्ण दधि शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे सर्वप्रथम मोतिझील से गागर भरकर गाजे बाजे के साथ भव्य झाकियों और सैकड़ो लोगों के साथ भगवान श्री लड्डू गोपाल जी की दधि यात्रा निकाली गयीकुलदीप जयसवाल द्वारा बताया गया दधि यात्रा हमारे पूर्वजो के ज़माने से चली आ रही है जो मियां सराय से शोभा यात्रा उठकर नई बस्ती पणवडिया होते हुए मियां सराय, भूलनपुर, गौरी देवी मंदिर मे आती है। खैराबाद चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता (बब्लु )द्वारा आरती होने के पश्चात प्रसाद वितरण होता है। इसके बाद गौरीदेवी मंदिर से होते हुए नयी बाजार, पुरानी बाजार नगरपालिका के सामने रुकती है जहाँ पे श्री राकेश राठौर (गुरूजी )राज्यमंत्री नगर विकास )और श्री अभिषेक गुप्ता (बब्लु भैया)(चेयरमैन प्रतिनिधि )द्वारा पुष्पवर्षा और आरती होती है इसके पश्चात रोज़ा दरवाजा होते हुए हटोरा, माखूपुर होते हुए पाठकताल पहुंच कर लड्डू गोपाल जी को स्नान कराकर यात्रा सम्पन्न होती है।

# समाज के वरिष्ठ तथा दिव्यांगजनों का सम्मान समारोह संपन्न

**श्री चंद्र प्रकाश पुरी कल्याण सेवा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया सम्मान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के द्वारा नौ दिव्यांग जनों को वितरित की गई ट्राई साइकिल**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । नगर क्षेत्र के श्री चंद्र प्रकाश पुरी कल्याण सेवा समिति के द्वारा आज चंद्रा गेस्ट हाउस में समाज के वरिष्ठ तथा दिव्यांग वर्ग के लोगों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह थे जबकि विशिष्ट अतिथि नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु थे परिवहन मंत्री के द्वारा नौ दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई तथा नगर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों तथा सभासदों का सम्मान किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरीके के समारोह समाज में आपसी प्रेम भाईचारा तथा सदभाव का वातावरण उत्पन्न करते हैं तथा चंद्र प्रकाश पुरी कल्याण सेवा समिति के द्वारा यह जो कार्य किया जा रहा है इसकी प्रशंसा शब्दों में नहीं की जा सकती है इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राकेश राठौर गुरु ने समाज के वरिष्ठ जनों को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया वरिष्ठ जनो में श्री जयकार नाथ कपूर सत्य प्रकाश मिश्र डॉक्टर शैलजा अवस्थी मोहम्मद साद फारुकी डॉक्टर अब्दुल अज़ीज़ अर्चन अजय श्रीवास्तव तथा महंत कृष्णाचार्य को सम्मानित किया गया जबकि ट्राई साइकिल पाने वालों में दिव्यांग ईश्वर दीन पप्पू कमलेश शेखर राम लखन गंगा राम मुकेश नीरज सिंह और राजकुमारी का नाम शामिल है। इस अवसर पर कलमकारों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री चंद्र प्रकाश पुरी कल्याण सेवा समिति के सचिव अमित पुरी ने सभी आदतों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अभिषेक गुप्त संदीप मिश्र अंकुर पुरी अक्षय पुरी उपेंद्र अवस्थी लकी अवस्थी सोमू अवस्थी गोलू मिश्रा बाबूराम बाथम राम सुमिरन शर्मा मनीष शर्मा अंकित गुप्ता सहित भाजपा के पदाधिकारी नगर पालिका परिषद केसभासद तथा जनपद के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# बहुजन जागरूकता अभियान पार्टी के दलालों के विरुद्ध महायुद्ध

**भीम आर्मी भारत एकता मिशन,भीम आर्मी जय भीम मिशन व भारतीय दलित पैंथर संगठन बेलवा में आयोजित हुई बैठक**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। बेलवा विधानसभा कस्ता में मीटिंग सफल हुई मीटिंग में भीम आर्मी भारत एकता मिशन,भीम आर्मी जय भीम मिशन व भारतीय दलित पैंथर संगठन जिसमें मुख्य अतिथि मा0 मनोज कुमार भारती जी राष्ट्रीय संयोजक भारतीय दलित पैंथर,विशिष्ट अतिथि सर्वजीत सिंह जी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भीम आर्मी जय भीम मिशन, अमरजीत सम्राट जी प्रदेश प्रवक्ता भारतीय दलित पैंथर, वक्ता पवन सिंह तारा जी, जिला अध्यक्ष भीम आर्मी भारत एकता मिशन जगमोहन लाल जी ,जिला अध्यक्ष जय भीम मिशन राहुल सोनी जी, जिला अध्यक्ष भारतीय दलित पैंथर संगठन सिद्धार्थ गौतम जी, सह0 जिला कोषाध्यक्ष आकाश जाटव जी ,तहसील संयोजक विधानसभा कस्ता अध्यक्ष भीम आर्मी भारत एकता मिशन सतबीर जाटव जी, शिवांशु गौतम ,अकोल जाटव,पारुल गौतम,दीपू गौतम,सहित बहुजन समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें सभी वक्ताओं ने महापुरुषों के बारे में अच्छी तरह से लोगों को बताया शिक्षा के बारे में बताया इसी बीच भारतीय दलित पैंथर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार भारती जी ने कहा कि हमारे समाज को बहुजन समाज पार्टी के जो बड़े स्तर के नेता हैं हमारी भोली भाली जनता को बेवकूफ बना रहे हैं और समाज को बेचने का काम कर रहे हैं और मा0 बहन कुमारी मायावती जी को धोखा दे रहे हैं और यह भी कहा कि इन दलालों से निपटने के लिए मनोज भारती ने जूता मजबूत कर लिया है और जब तक बहन जी खुद आकर जिले में हमारे समाज से नहीं मिलेंगी तब तक या फिर हमारा समाज पार्टी प्रदेश कार्यालय भी आने को तैयार है अगर बहन जी ऐसा निर्णय लेती हैं तो ठीक है और समाज के बीच में आने से दल्ले रोकेंगे तो बात ठीक नहीं होगी अंजाम बहुत बुरा होगा हम इन दल्लों को अपने गांवों में नहीं घुसने देंगे पार्टी के पदाधिकारियों को हम जूते से मारकर भगाने का काम करेंगे और हम सब बहुजन समाज पार्टी के लिए काम किया है और करते रहेंगे लेकिन इन दल्लों को पार्टी से निष्कासित करना होगा।

# नील गाय बचाने के चक्कर में खाई में गिरी कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही खीरी। उत्तराखंड से चलकर भारत नेपाल के बॉर्डर पर बसी तिकुनिया मंडी जा रही चार पहिया वाहन सिंगाही निघासन मार्ग नील गाय को बचाने के चक्कर में बेकाबू हुई कार बेलरायां-पनवारी स्टेट हाईवे के किनारे अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार के चारों पहिए ऊपर को हो गए। हालांकि इसमें सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। उत्तराखंड राज्य से चलकर उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी के तिकुनिया क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी खैरटिया कार से आ रहे थे।बुधवार रात जब वह सिंगाही थाना क्षेत्र में बेलरायां-पनवारी स्टेट हाईवे पर धालीवाल गन्ना क्रेशर के पास पहुंचे। तभी सामने आई एक जंगली जानवर नीलगाय को बचाने के चक्कर में बेकाबू हुई कार सड़क किनारे खाई में पलट गई। उसके चारों पहिए आसमान की तरफ हो गए। किसी तरह से कर में सवार सभी लोग कर से बाहर आए और अपने रिश्तेदार हरभजन सिंह निवासी कड़िया को फोन द्वारा सूचित किया। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने सभी को सुरक्षित अपने साथ घर ले गए। हालांकि हादसे में सभी कार सवारों को मामूली चोटें ही आई है।

## पेयजल लाइन बिछाने को खोद दी सड़क नही करा रहे मरम्मत

ततरोई, सीतापुर। जल जीवन मिशन के तहत गांवो मे पाइप लाइन बिछाई गई थी रास्ते की खुदाई कर पाईप तो डाली गई लेकिन इसके बाद मरम्मत नही की गई इससे ग्रामीणो को आवागमन मे दिक्कत हो रही है पिछले माह जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के निर्देश किया था रास्तो व गलिया मे पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए स्थानो की मरम्मत कराए इस के बाद भी जल जीवन मिशन ठेकेदार मरम्मत नही करा रहे इस कारण राहगीर व स्कूली बच्चो को चोटिल हो रहे जल जीवन मिशन के आधिकारी भी समस्या के प्रति गम्भीर नही। ग्राम पंचायत ततरोई मे जल जीवन मिशन से पाइपलाइन डाली गई थी इसके बाद रास्तो की मरम्मत आज तक नही की गई पक्के रास्ते व कच्ची गलिया क्षतिग्रस्त है लोगो का आवागमन प्रभावित होता है फिर भी समस्या को अनदेखा किया जा रहा है प्रधान प्रतिनिधि रन्जीत रावत ने बताया ठेकेदार इसमे लापरवाही कर रहे ग्रामीणो ने बताया कि सड़क खोद कर डाल दी नही करा रहे मरम्मत उदन रावत ने बताया कि मेन रास्ता है जो तीन चार स्कूल पडते है बच्चो को आवागमन मे दिक्कत होती है राहगीरो को काफी समस्या होती है कई गांवो की बहुत दिक्कत होती है

## पालिका की 3.6 एकड़ बंजर भूमि पर माफियाओं की नजर

लखीमपुर। पालिका की 3.6 एकड़ बंजर भूमि पर माफियाओं की नजर, भूमि बचाने के लिए गुरुवार को डीएम से मिली पालिकाध्यक्ष। डीएम ने पूरे प्रकरण की जांच करने की बात कही।फिलहाल पालिका अध्यक्ष ने चहारदीवारी कर पार्क या बरातघर बनवाने की योजना बनाई। ईओ को जमीन की हद बंदी के भी दिए आदेश।आवास विकास में अटल पार्क के पास है भूमि।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी पुलिया क्षतिग्रस्त



नैमिषारण्य। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग एक वर्ष पूर्व बनाई गई पुलिया अब जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो गई है। यह पुलिया नैमिषारण्य रोड पर ततरोई-तेलियानी के बीच कोथवा जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर स्कूली बच्चों सहित प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। पुलिया टूट-फूट जाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दिन-भर यहां दर्जनों साधनों का आवागमन बना रहता है, लेकिन पुलिया की मरम्मत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# बेटियों को बोझ न समझें, वह सबसे बड़ा धन हैं : कथावाचिका महेश्वरी श्रीजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी,खीरी। नगर के गिरिराज मैरिज लॉन में चल रही तीन दिवसीय राधा माधव कथा का दूसरा दिन भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। आयोजन अनुज शुक्ला के सौजन्य से किया जा रहा है।वृंदावन से पधारी प्रसिद्ध कथावाचिका महेश्वरी श्री जी ने कथा के दौरान समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा ऽ ‟बेटियों के जन्म से कभी घबराना नहीं चाहिए। बेटी वास्तव में ईश्वर का सबसे बड़ा वरदान है। वह कभी बोझ नहीं होती, बल्कि पूरे परिवार की आन-बान-शान होती है। बेटियाँ घर को स्वर्ग बनाती हैं और माता-पिता के लिए ईश्वरीय कृपा का प्रतीक होती हैं।”महिलाओं की गरिमा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का वास होता है। समाज में जो लोग बेटियों को बोझ मानते हैं, उन्हें अपनी सोच बदलनी चाहिए।कथावाचिका ने इस अवसर पर श्रीदामा जन्म की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। साथ ही बरसाने की महिमा, निकुंज वृंदावन के महत्व, तथा वृषभानु महाराज की कथा सुनाकर श्रोताओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।उन्होंने सूरदास की भक्ति और ऊधौ के गीतों का उल्लेख कर वातावरण को और भी अधिक भावपूर्ण बना दिया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने ‟राधे-राधे” और ‟जय श्रीकृष्ण” के जयघोष से माहौल गुंजायमान कर दिया।दूसरे दिन की कथा में नगर एवं क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुँचे। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग कथा में शामिल होकर भावविभोर हो उठे। भक्ति संगीत और रसपूर्ण प्रसंगों से उपस्थित लोग झूम उठे कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# किसानों का साथी बना ओम फर्टिलाइजर्स केंद्र, समय पर वितरित की जा रही खाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। कस्बा निघासन सिंगाही रोड निकट सुषमा कंप्यूटर के पास ओम फर्टिलाइजर्स दुकान पर बराबर खाद उपलब्ध हो रही है साथ ही किसानों को भी खाद उपलब्ध कराई जा रही है। किसानो में खुशी का माहौल बना हुआ है।एक बार फिर बना राहत का केंद्र ओम फर्टिलाइजर्स जहां एक तरफ खाद की किल्लत को लेकर पूरे क्षेत्र इलाके में किसान जूझ रहा है कई जगहों पर उन्हें घंटों लाइन में लगने व इधर-उधर भटकने को मजबूर थे है। इसी समस्या को लेकर ओम फर्टिलाइजर्सकिसानों को खाद देकर किसानों को डूबते हुए तिनके के समान मिशाल पेश की है। वहीं भीड को देखते हुए।कोतवाली निघासन की पुलिस, प्रशासन की देख रेख में बटी यूरिया पुलिस की हो रही प्रसंसा किसानों को यूरिया 266.50 रुपए के हिसाब मिलती है। 410 बोरी आई थी 290 किसनो को बाटी गईं जिससे किसानों में खुशी का माहौल बना हुआ है, बिना टैगिंग के यूरिया उपलब्ध हे सिंगाही रोड़ ओम फर्टिलाइजर्स सेंटर सिंगाही रोड़ निघासन किसानों के लिए एक बार फिर राहत का केंद्र बन गया दुकान संचालक धीरज मिश्रा ने बताया हमारे यहां नियमा नुसार यूरिया खाद का वितरण निर्धारित किया जा रहा है। उचिर मूल्य 266.50 पर किया जा रहा है। हमारी निरंतर बराबर गाड़ी आती रहेगी। और आगे भी आती रहेगी यहाँ जानकारी केंद्र ओम फर्टिलाइजर्स के मालिक धीरज मिश्रा ने दी।इसी प्रकार पुलिस प्रशासन का सहयोग मिलेगा और आगे भी मिलता रहेगा पुलिस का सहयोग तो किसानों को कोई दिक्कत नहीं होगी।झंडी राज निवासी सतीश राजपूत ने बताया कि यहां खाद बीच-बीच में मिलती रही है और किसानों को सहूलियत हो रही है किसी तरह का दबाव नहीं है उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध हो रही है। साथ ही किसानों का कहना है समय समय पर खाद मिल रही है किसानो को किसी प्रकार की समस्त नहीं हो रही है।प्रीतम पुरवा निवासी महेश ने बताया ओम फर्टिलाइजर्स स्टोर पर भीड़ के कारण समय जरूर लगा लेकिन उचित रेट में युरिया मिल रही है। साथ ही किसनो को बहुत राहत मिल रही है किसानों का कहना है। कोई अन्य सामग्री का दबाव नहीं बनाया बनाय जा रहा है और ना आगे दी जायेगीबंगलहा कुटी निवासी अंजू देवी ने बताया कि एक आधार पर एक ही बोरी ओम फर्टिलाइजर्स में उचित रेट में बराबर मिल रही है।बैलहा निवासी संदीप कुमार ने बताया एक आधार पर एक बोरी खाद मिलती है किसानों ने बताय एक आधार कार्ड के हिसाब से उचित रेट में खाद मिलती है।

## बालूडीह में सीबीएसई बॉलीबॉल क्लस्टर (गर्ल्स) टूर्नामेंट 2025 आयोजन

लखीमपुर। खीरी के ग्रीन फील्ड एकेडमी, बालूडीह में सीबीएसई बॉलीबॉल क्लस्टर-ऋ्छ (गर्ल्स) टूर्नामेंट 2025 का भव्य शुभारंभ 21 अगस्त 2025 को हुआ। यह तीन दिवसीय खेल महोत्सव 23 अगस्त 2025 तक चलेगा। विभिन्न विद्यालयों की प्रतिभाशाली खिलाड़ी लड़कियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल तथा टीम भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित मार्च पास्ट ने सभी का मन मोह लिया।पहले दिन से ही रोमांचक बॉलीबॉल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और खेल भावना की मिसाल पेश की।कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया, जिनमें डॉ. मधुसूदन दीक्षित, चेयरमैन डॉ. आर. एन. मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा का मंच प्रदान करेगा, बल्कि छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रबल करेगा। प्रतियोगिता का समापन 23 अगस्त 2025 को विजेता टीमों को पुरस्कृत कर और सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए होगा।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने दिया सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

**यूरिया खाद की किल्लत को लेकर गरजे किसान**

**यूरिया खाद की कालाबाजारी यूरिया खाद पर लगेज लगाकर पाँच सौ रुपये से अधिक यूरिया खाद का एक कट्टा प्राप्त हो रहा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत मालवीय आवास गृह में करके सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल को पांच सूत्रीय ज्ञापन सोपा है। यूरिया खाद की किल्लत को लेकर गरजे किसान यूरिया खाद की कालाबाजारी यूरिया खाद पर लगेज लगाकर पाँच सौ रुपये से अधिक यूरिया खाद का एक कट्टा प्राप्त हो रहा है। मासिक पंचायत में किसानों ने प्रशासन दिया अल्टीमेटम अगर यह कालाबाजारी और आपूर्ति पूरी नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर करेंगे बड़ा आंदोलन यूरिया खाद की आपूर्ति भ्रष्टाचार में लिफ्ट अधिकारियों पर हो करवाई। मासिक पंचायत को बरेली मंडल के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने संबोधित करते हुए कहा अन्नदाताओं के साथ सरकार की लापरवाही की कारण ही यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही है। किसान लंबी-लंबी लाइन लगाकर सरेआम निजी दुकानदार उसके साथ लूट कर रहे हैं। यह मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त से बाहर है। इसलिए जिला प्रशासन के लिए लिखित ज्ञापन सोपा गया है। अगर इस पर अमली जामा नहीं पहनाया गया तो फिर सड़कों पर उतारकर बड़ा आंदोलन होगा। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह ने कहा किसान बाढ़ से ग्रस्त है। फासले चौपट हो गई हैं। बैंक कर्मी तहसील कर्मी कर्जवसूली में लगे हुए हैं। इस समय सरकार को कर्ज वसूली पूरी तरह बंद कर देनी चाहिए। किसान आपदा से गुजर रहा है। उसकी फैसले नष्ट हो गई है। चौधरी सौदान सिंह ने कहा संवेदनाएं हीन हो चुकी है सरकार आखिर किसानों के कर्ज माफ क्यों नहीं किए देश में उद्योगपति व्यापारी बड़ी-बड़ी निजी कंपनियों के हजारों करोड़ रुपये कर्ज माफ किया गया है। दुर्भाग्य की बात है आखिर अन्नदाताओं के साथ घोर अन्याय सरकार क्यों कर रही है। आज मासिक पंचायत में जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित रामकुमार शर्मा ने भी विद्युत कटौती का मुद्दा उठाते हुए कहा इस समय ग्रामीण क्षेत्र की भारी विद्युत कटौती की जा रही है। उझानी क्षेत्र ग्राम सिरसौली में रात्रि विद्युत सप्लाई दी जा रही है। जबकि दिन की सप्लाई पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। जिससे मिर्च फसल के लिए काफी नुकसान हो रहा है। उझानी विद्युत केंद्र पर किसान करेंगे आंदोलन विद्युत विभाग को दिया। अल्टीमेटम आज मासिक पंचायत में ब्लॉक सलारपुर अध्यक्ष पप्पू सैफी, ब्लॉक प्रवक्ता बृजपाल प्रजापति, साबिर हुसैन, राम अवतार वर्मा, सुरेश दीवान, नसरीन बेगम, शिवदयाल सागर, गंगा देवी, जसराम सिंह, उमाशंकर सागर, शिशुपाल सिंह, भीमसेन राजपूत, अजब सिंह राजपूत, भूरे अली, वीरेंद्र पाली, पूरनलाल पाली, बाबू सैफी, यह लोग मौजूद रहे पंचायत की अध्यक्षता राम अवतार वर्मा ने की संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी द्वारा किया गया।

## नहीं हुई लूट, मारपीट का निकला मामला, मुकदमा दर्ज

सहसवान। कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ हाईवे पर मंगलवार दोपहर हुई लूटपाट का मामला महज पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का निकला है। पुलिस ने चार अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला शहबाजपुर निवासी दुर्गेश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि ताऊ वेदराम मंगलवार दोपहर अपने ट्रैक्टर का कल्टीवेटर खरीदने मुजरिया जा रहे थे। तभी दिल्ली-मेरठ हाईवे पर डीपी डिग्री कॉलेज के पास एक महिला समेत चार लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट में ताऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर क्षेत्र के गांव समदा निवासी प्रीति, विजेंद्र, रामकिशोर व राजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। वहीं, वेदराम ने पुलिस को बताया था कि चारों लोगों ने उनसे 75 हजार रुपये लूट लिए हैं। पुलिस ने जांच की तो मामला पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का निकला।वहीं पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। सहसवान कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया घटना मारपीट की है। लूट नहीं हुई थी।

## लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया बालकृष्ण लड्डू गोपाल का छठी दिवस



बदायूं। स्थानीय मढ़ई चौक स्थित चाहमीर मोहल्ले में लिंगेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर पर बृहस्पतिवार को बालकृष्ण लड्डू गोपाल का छठी पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।प्रातः काल मंदिर के पुजारी धनीराम मिश्रा ने बालकृष्ण लड्डू गोपाल को नवीन वस्त्र आभूषण पहना कर एवं काजल लगाकर भव्य -दिव्य श्रृंगार किया। तत्पश्चात मंगला आरती उतारी गई। दोपहर में कढ़ी चावल एवं मिष्ठान का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर रवि रस्तोगी, प्रियांशु मिश्रा, संजय रस्तोगी, और राजकुमार सिंह सेंगर, रितेश रस्तोगी, अनिल वर्मा, वंस कृष्णा रस्तोगी, सचिन रस्तोगी, स्वप्निल रस्तोगी, पवन रस्तोगी लव,आर्यन, एवं सोनी ज्वेलर्स का सहयोग रहा।

## पालिका सीमा से बाहर खेड़ा नवादा पर चला विशेष सफाई अभियान

बदायूँ। ग्राम पंचायत ने नहीं निभाई जिम्मेदारी, नगर पालिका आई सामने,युद्ध स्तर पर सफाई कार्य किया। बरेली-आगरा राजमार्ग पर खेड़ा नवादा से कूड़े का ढेर साफ किया। खेड़ा नवादा की जनता ने पालिकाध्यक्ष की सराहना की, विशेष सफाई अभियान में जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली जुटी,कूड़े का पहाड़ औऱ ढेर किया साफ बता दे कि बरेली-आगरा राजमार्ग पर नगर पालिका सीमा से लगे खेड़ा नवादा इलाके में लंबे समय से जमा गंदगी अब अतीत की बात हो गई है। क्षेत्र में फैले कूड़े के ढेर न केवल बदबू फैला रहे थे। बल्कि बीमारी फैलने का भी खतरा बढ़ा रहे थे। इसकी शिकायत लगातार स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। इलाके के नागरिक ग्राम पंचायत के प्रधान से लगातार बरेली मार्ग पर खेड़ा नवादा में भीषण गंदगी व कूड़े के लगे ढेर की शिकायते कर रहे।जब कोई सुनवाई नही हुई। कोई राहत नही मिली तो नगर पालिका चेयरमैन से गुहार लगाई। पालिका चेयरमैन ने तुरंत एक्शन लेते हुए खेड़ा नवादा में विशेष सफाई अभियान चलाने का आदेश दे दिया। पालिकाध्यक्ष फ़ात्मा रज़ा के निर्देश पर नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाया। मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार की देखरेख में सफाई कर्मचारियों की टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी लगाकर गंदगी के ढेर हटा दिए। कूड़ा हटने के बाद रास्ता पूरी तरह साफ हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। सफाई अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पालिका टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम काफी समय से अपेक्षित था। नागरिकों ने साथ ही यह उम्मीद जताई कि पालिका भविष्य में भी नियमित रूप से सफाई करवाती रहे, ताकि क्षेत्र में दुबारा गंदगी न पनपे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन

अनूपशहर। जेपी विश्वविद्यालय द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। डा. मोहित माधव ने बताया कि यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख स्थलों फुब्बारा चौक, शिव चौक होते हुए पुनः विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगी। रैली में लगभग 100 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक भाग लेंगे। प्रतिभागी हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर नारे लगाएंगे तथा शिक्षा नीति के मुख्य बिंदुओं समग्र विकास, कौशल आधारित शिक्षा, पाठ्यक्रम में लचीलापन और प्रौद्योगिकी का समावेशन पर जागरूकता फैलाएंगे।

# शहर में कई जगह अवैध टेंपो स्टैंड,चेकिंग अभियान हवा- हवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के भले ही बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन शहर में कई ऐसे इलाके हैं, जहां रोजाना सुबह से लेकर शाम तक डग्गामारी होती है। सड़क के किनारे ही अस्थायी रूप से वाहन स्टैंड तक बना लिए गए हैं। जिले में लगातार वाहनों की चेकिंग होती रहती है पर यातायात पुलिस भी इधर से रोजाना देखकर निकलकर जाती है। वाहन को सड़क पर खड़े करके यात्रियों को बैठाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं होती। यही वजह है कि शहर में न तो डग्गामारी खत्म हो रही है और न ही बनाए गए अस्थायी वाहन स्टैंड खत्म हो रहे हैं। शहर में आंबेडकर पार्क के नजदीक नगर पालिका की ओर से एक बोर्ड भी लगाया गया था, जिसे पर नो-पार्किंग लिखा हुआ था लेकिन अब वह बोर्ड तोड़कर अलग कर दिया गया है। सुबह से लेकर शाम तक तमाम ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो और मैजिक वाहन खड़े होते हैं। कभी-कभी स्थिति यह बन जाती है कि लोगों को इधर से पैदल निकलना तक दूभर हो जाता है। गांधी ग्राउंड के नजदीक लोडर वााहनों का स्टैंड है तो रोडवेज बस अड्डे के नजदीक कार और टैक्सी वाहन खड़े होते हैं। यहां वर्षो से इन वाहनों को अड्डा बना हुआ है। कई बार अधिकारियों के सामने बात पहुंची है और अभियान भी चले हैं लेकिन अस्थायी वाहन स्टैंड नहीं हटे। आपको बता दे कि इस विषय में जानकारी लेने की कोशिश की गई तो सीओ ट्रैफिक नें फोन ही नहीं रिसीव किया।

## डीपीबीएस कालेज में परंपरागत खेल प्रतियोगिता का आयोजन

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में परंपरागत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।गुरुवार को डीपीबीएस कालेज में परंपरागत खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने कहा कि पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि आपसी सहयोग एवं टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। विद्यार्थियों को खेल की भावना से भाग लेना चाहिए। कंचा प्रतियोगिता बालिका वर्ग में राधा, कंचन, मीनाक्षी, बालक वर्ग में तेजवीर, दीपक, दुर्वेश क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में आजाद वर्ग विजेता एवं सुभाष वर्ग उपविजेता रहा। रस्साकसी में बालिका वर्ग में यमुना वर्ग विजेता एवं बालक वर्ग में प्रताप वर्ग उप विजेता रहा।

# प्राइवेट व्यक्तियों से काम कराने पर रेलवे पदाधिकारियों ने जताया आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने मांग की है कि इस तरह का कार्य न किया जाए यह पैसेंजर और कर्मचारियों के साथ खिलवाड़ हो रहा**

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक हुई महामंत्री विनोद राय के नेतृत्व में पूरे भारतीय रेलवे पर एक पत्र जारी हुआ है आउटसोर्सिंग और प्राइवेट लोगों से काम लेने के लिए लगातार प्रेशर दिया जा रहा है जो रेल और यात्रियों के लिए अच्छी बात नहीं है सेफ्टी और सुरक्षा का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के सारे पदाधिकारी और कर्मचारियों ने सभी अधिकारियों से अनुरोध किया है और प्रशासन से मांग किया है इस तरह का कार्य न किया जाए यह पैसेंजर और कर्मचारियों के साथ खिलवाड़ हो रहा है तमाम घटनाएं घट रही हैं अभी जल्द ही बोर्ड ने कर्मचारियों की वैकेंसी के बारे में जानकारी ली थी कि पूरे भारतीय रेलवे पर सभी कैटिगरी वाइज रिपोर्ट मांगी गई थी और वह बोर्ड में पूछ भी चुका है हर जगह से डिमांड मांगा गया है कि हमको इतना कर्मचारी रेगुलर चाहिए उस पर ध्यान देना चाहिए और नई भर्ती और कर्मचारियों का प्रमोशन करना चाहिए सभी जोन के अधिकारियों को समीक्षा करके बोर्ड को जैसे भेजा गया है रिमाइंडर भी भेजा जाना चाहिए पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ और एनएफआईआर फ़ेडरेशन नियम कानून से कार्य करता है अनुशासित संगठन है इसलिए इस सभी बातों को ध्यान दिया जाए पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ हमेशा कर्मचारियों के लिए तत्पर रहता है और आगे भी रहेगा ।

## काउंसलिंग में तीन फाइलों का निस्तारण



बदायूँ। रिजर्व पुलिस लाईन बदायूं में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से तथा मौजूद काउंसलर भीमसेन सागर, गिरधारी सिंह राठौड़, ज्वाला प्रसाद गुप्ता, एस डी शर्मा, शिव स्वरूप गुप्ता, प्यारे सिंह यादव, अशोक खुराना व संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण प्र0 नि0 महिला थाना ज्योति सिंह महिला कांस्टेबल राखी महिला कांस्टेबल स्वाति व महिला कांस्टेबल संध्या द्वारा पारिवारिक समस्याओं की कुल 53 फाइलें लगाई गई। जिनमें से 40 फाइलों की काउंसलिंग हुई, 03 फाइल में समझौता हुआ 05 फाइल निरस्त 02 FIR शेष फाइलो में अग्रिम तिथि दी गई एवं उपस्थित पक्षों को सुना गया और उनकी समस्याओं के निवारण का विचार किया गया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य जनपद आगमन 25 को

सम्भल, बहजोई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो का दिनांक 25 अगस्त 2025 को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। माननीय सदस्य जनपद के आकांक्षी विकास खण्डों का अधिकारिक दौरा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य मानवाधिकारों और समावेशी विकास से संबंधित प्रमुख विषयगत क्षेत्रों की कार्यान्वयन स्थिति और जमीनी स्तर की वास्तविकताओं की व्यापक समीक्षा करना है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि समीक्षा के दौरान बच्चों, युवाओं, छात्रों, पेंशन भोगियों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य सामुदायिक प्रतिनिधियों सहित संबंधित हितधारकों से भी संवाद करेंगे। संबंधित हितधारकों को इस आशय की सूचना प्रसारित की जा रही है।

## रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा सुरक्षा के प्रति बरजी जा रही सतर्कता

वाराणसी। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम 18 अगस्त, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 01 पर 08 वर्ष का एक नाबालिग लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त उक्त नाबालिग लड़के को चाइल्ड लाइन वाराणसी को सुपुर्द किया गया। 18 अगस्त, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भटनी को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15279 से छूटी 18 वर्ष की एक युवती स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 3 पर मिली, जिसे भटनी पोस्ट पर लाया गया। युवती के परिजन के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। 19 अगस्त, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस/छपरा के सयुक्त निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन, छपरा के प्लेटफार्म सं0 01 के पश्चिमी छोर से यात्रियों से चोरी किये हुए मोबाइल के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। 19 अगस्त, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मऊ द्वारा निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन, मऊ यार्ड से रेल सम्पत्ति चोरी के मामले में एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

# यातायात लाइन में दिया गया साइबर अपराध एवं बैंकिंग प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। यातायात लाइन स्थित सभागार में आईसीआईसीआई बैंक के एक्जिक्यूटिव्स द्वारा पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी के थानों में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क के पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध एवं बैंकिंग प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों, उनसे बचाव, पुलिस की भूमिका तथा बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। साथ ही पुलिस कर्मियों को 1930 हैल्पलाइन व गएएटघ् पोर्टल पर बैंकिंग प्रोसेस, होल्ड/फ्रीज/लीन कार्रवाई की जानकारी प्रदान की गई तथा एंटी मनी लॉडरिंग एवं ट्टठ्ठट (ट्टफ्प्रध्द्धदद्बधफ्प्र ड्डन्थद्ब्रपथदप्द्धधद्ब्रप टद्गध्धन्) के संबंध में भी जागरूक किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस उपायुक्त (अपराध) की अध्यक्षता एवं सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर क्राइम) के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# नवागत प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला ने संभाला गोला कोतवाली का कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। जिला पुलिस मुखिया आर के नय्यर द्वारा बुधवार को कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए किए गए स्थानांतरण क्रम में गोला कोतवाली पर लगभग चार माह से तैनात प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुर्वेदी को पुलिस लाइन में स्थानांतरण कर उनके स्थान पर राहुल शुक्ला को गोला कोतवाली का कोतवाल बना दिया।श्री शुक्ला गुरुवार को अपराह्न गोला कोतवाली पर पहुंच कर विधिवत कार्य भार ग्रहण कर लिया।श्री शुक्ला महराजगंज जनपद से वर्ष पूर्व स्थानांतरण होकर गोरखपुर जनपद में आए थे। और इस जनपद में पहली तैनाती चौरीचौरा थाने पर मिली थी। गोला कोतवाली पर श्री शुक्ला की दूसरी तैनाती जिला पुलिस मुखिया द्वारा दी गई है।नवागत कोतवाल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद बताया कि मूलतः प्रयागराज जनपद के मूल निवासी है। 1999 बैच के है।शिक्षा प्रयागराज से ही सम्पन्न हुई है। इस जनपद में गोला कोतवाली पर दूसरा तैनाती है।आगे उन्होंने बताया कि शासन के आदेश निर्देश का पालन करते हुए अपराध पर नियंत्रण, क्षेत्र शांति व्यवस्था कायम रखने के साथ साथ पीड़ितो को बिधि सम्मत न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता में है।पीड़ितों की पीड़ा सुनने के लिए हमेशा उपलब्ध मिलेंगे।

## जिन हॉस्पिटलों का लाइसेंस जारी वही हॉस्पिटल होंगे संचालितः डीएम

गोरखपुर । विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए सीएमओ को निर्देशित किया कि गोरखपुर जनपद में जिन हॉस्पिटलों का लाइसेंस दिया गया है वही हॉस्पिटल संचालित होने चाहिए जिन-जिन हॉस्पिटलों का लाइसेंस सीएमओ द्वारा जारी किया गया है उन हॉस्पिटल की सूची जारी करें इनके अलावा कोई भी हॉस्पिटल जनपद में संचालित नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी डीएफओ विकास यादव जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा सीएमओ डॉ राजेश झा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी काल सेंटर पर पुलिस का छापा, 26 लोग गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। जनपद में म्यूल एकाउंट्स/फर्जी सिम बेचने वालों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत वाराणसी साइबर सेल टीम, साइबर सेल थाना लक्सा व थाना सिगरा द्वारा सिगरा चौराहे के पास एक बिल्डिंग में चलाये जा रहे फर्जी कॉल सेंटर को सीज किया गया व इनवेस्टमेंट व शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर इंटर स्टेट गैंग के 26 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिस पर थाना सिगरा में मु0अ0सं0 - 304/2025 धारा-316(2),319(2),318(4) बीएनएस व 66 सी आई0टी0 पंजीकृत होकर विवेचना की जा रही है।

उक्त प्रकरण के दृष्टिगत श्री मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी एवं श्री राजेश कुमार सिंह संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में तथा श्री सरवणन टी. पुलिस उपायुक्त अपराध व श्रीमती नीतू का?द्यान अपर पुलिस उपायुक्त अपराध/साइबर कमिश्नरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण में व श्री विदुष सक्सेना सहायक पुलिस आयुक्त साइबर क्राइम कमिश्नरेट वाराणसी व श्री डॉ. ईशान सोनी सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी के नेतृत्व में उक्त घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी जिसमें फर्जी कॉल सेंटर को सीज कर इनवेस्टमेंट व शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर इंटर स्टेट गैंग के 26 अभियुक्तों को सिगरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## पत्नी और बेटी ने मिलकर की पति की हत्या

उन्नाव। हसनगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अजगैन थाना क्षेत्र में सिंधनापुर गांव में गुरूवार की रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई। जहां पत्नी कामिनी ने अपनी ही बेटी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजेश उम्र 48 वर्ष, पुत्र भवानी के रूप में हुई है। करीब पच्चीस साल पहले हुए विवाह के बाद राजेश और उनकी पत्नी का रिश्ता समय के साथ प्रेम प्रसंग के जाल में उलझता चला गया। पत्नी के अवैध संबंधों के चलते घर में आए दिन विवाद होते रहते थे।यह विवाद आखिरकार मौत का कारण बन ही गया। तो वहीं गुरूवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी बढ़ी। इसी बीच पत्नी ने अपनी बेटी के साथ मिलकर राजेश पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से गुरूवार को राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी हसनगंज, अजगैन थाना पुलिस और फील्ड यूनिट टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी की गई।

# विनोद कुमार शुक्ल ने ग्रहण किया पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक का कार्यभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। विनोद कुमार शुक्ल ने पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबन्धक का कार्यभार 21 अगस्त, 2025 को ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व, आप बनारस रेल इंजन कारखाना (बी.एल.डब्ल्यू.), वाराणसी में प्रमुख मुख्य इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे।श्री विनोद कुमार शुक्ल ने मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज (एम.एन.आई.टी.), इलाहाबाद से वर्ष 1989 में सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), नई दिल्ली से वर्ष 1991 में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की।

श्री शुक्ल ने भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा (आई.आर.एस.ई.) के 1990 बैच के माध्यम से रेल सेवा में पदार्पण किया। आपकी पहली नियुक्ति वर्ष 1991 में पूर्वोत्तर रेलवे में सहायक इंजीनियर के पद पर हुई। इसके पश्चात आपने मंडल इंजीनियर, उप मुख्य इंजीनियर एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इसी क्रम में, आपने मुख्य परियोजना प्रबन्धक, डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डी.एफ.सी.सी.आई.एल.)/मुगलसराय, मुख्य इंजीनियर/निर्माण, पूर्व मध्य रेलवे/पटना तथा मुख्य परियोजना प्रबन्धक, रेल विकास निगम लिमिटेड (आर.वी.एन.एल.)/वाराणसी के पद के दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया।श्री शुक्ल ने विभिन्न प्रमुख निर्माण परियोजनाओं; जैसे-नई लाइन एवं दोहरीकरण का सफलतापूर्वक कार्य निष्पादन कराया, जिनमें सोन नदी पर महत्वपूर्ण पुल (स्पैन 90ड्ड30.5 मीटर) एवं घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल (स्पैन 18ड्ड61.0 मीटर) के निर्माण कार्य के साथ ही भटनी-औंड़िहार (125 किमी.) के बीच दोहरीकरण की परियोजना सम्मिलित है। आपने हजारीबाग-राँची (50 किमी.) एवं टोरी-बालूमाथ (22 किमी.) नई लाइनों तथा डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के लिये मुगलसराय-सोन नगर (120 किमी.) नई लाइन के निर्माण कार्य में योगदान दिया। आपकी देखरेख में नई लाइनों के निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहण से लेकर यातायात संचालन के लिये लाइन खोली गई। इसके अतिरिक्त गढ़वा से सिंगरौली (225 किमी.) के मध्य दोहरीकरण के कार्य में भी आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा।आपको रेल प्रबन्धन में निर्माण एवं रख-रखाव से सम्बन्धित कार्यों का गहन अनुभव प्राप्त है तथा रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं।

# अवैध मिट्टी खनन जोरों पर,खनन विभाग को ढूंढ़े नहीं मिल रहा मिट्टी खनन का परमिशन

**शासन की रोक के बाद भी जिलेभर में मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाकर दिन-रात खुलेआम मिट्टी खनन का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के जाते ही जिले में राजस्व, पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से मिट्टी का अवैध कारोबार तेज हो गया है। आलम यह है कि बिना परमिशन के ही खुलेआम खनन का गोरखधंधा चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंख-कान बंद किए हुए हैं।हद तो यह है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है,शासन की रोक के बाद भी जिलेभर में मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाकर दिन-रात खुलेआम मिट्टी खनन का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है।वृहस्पतिवार को कोतवाली नगर के बनवरिया गांव में मशीन से अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा था। करीब दर्जनभर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मिट्टी की ढुलाई में लगी हुई थीं।मौके पर मिले एक व्यक्ति ने खुद को बनवरिया का प्रधान बताया।उसने कहा कि खनन का परमिशन है।इस संबंध में जब खनन अधिकारी से जानकारी की गयी तो उन्होंने किसी भी परमिशन से इंकार किया। खनन करने वाले व्यक्ति द्वारा मिट्टी खनन के लिए ऑनलाइन परमिशन की जो रसीद दिखाई गई, वह खनन विभाग के बाबू द्वारा वेबसाइट पर ढूंढने पर नहीं मिली।दरअसल, सूत्र बताते हैं कि शातिर खनन माफियाओं द्वारा स्कैनर से फर्जी रसीद निकाल ली जाती है और जब अवै ध खनन की शिकायत होती है तो उसी फर्जी ऑनलाइन परमिशन की रसीद को दिखा दिया जाता है।वृहस्पतिवार को बनवरिया गांव में अवैध रूप से बड़े पैमाने पर कराए जा रहे मिट्टी खनन के मामले में भी उक्त तथाकथित आनलाइन परमिशन रसीद को ढाल बनाने की कोशिश की गयी, लेकिन जब ऑनलाइन वेबसाइट पर उक्त परमिशन की तलाश की जाने लगी, तो इस खेल का खुलासा हुआ, जिसे देखकर लोग दंग रह गए। बनवरिया गांव में बड़े पैमाने पर किए जा रहे मिट्टी खनन की शिकायत खनन अधिकारी से की गयी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, खनन स्थल का लोकेशन मंगाने के बाद उन्होंने फोन कॉल रिसीव करना उचित नहीं समझा। इस पर अवैध खनन की जानकारी जिलाधि कारी प्रियंका निरंजन को उनके मोबाइल फोन पर दी गयी। दरअसल, सूत्रों का कहना है कि जिले का खनन विभाग दलालों और खनन माफियाओं के चंगुल में जकड़ा हुआ है।यही वजह है कि शिकायतों को दर किनार कर आंखें बंद कर ली जाती हैं और खनन का गोरखधंधा फलता-फूलता रहता है।

## तत्कालीन डीएम अवैध खनन पर थी सख्त

तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर मिली अवैध खनन की सूचना को भी बहुत गंभीरता से लेती थीं। परसपुर के ग्राम मधईपुर खंडेराय में तो उन्होंने खुद छापा मार कर बड़ी कार्रवाई की थी,शिकायत पर छापे मारी के दौरान उन्होंने पाया था कि अनुमति से इतर 1100 घन मीटर मिट्टी का खनन किया गया था।इसके साथ ही, नेहा शर्मा ने करनै लगंज, नवाबगंज व तरबगंज क्षेत्र में भी अवैध खनन की कई शिकायतों पर खुद छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की थी, जो एक नजीर है। इतना ही नहीं, अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए उन्होंने राजस्व, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर रातों में छापेमारी अभि यान चलाकर खनन माफियाओं की कमर तोड़ दी थी।

## अवैध खनन पर होगी कड़ी कार्रवाई: जिलाधिकारी

बनवरिया गांव में अवैध रूप से बड़े पैमाने पर किए जा रहे खनन के संबंध में जब जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि दिखवाते हैं। यदि बिना परमिशन के खनन कराया जा रहा होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

# गोण्डा में शराबी पति की पत्नी ने की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र में एक पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पत्नी निशा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक की पहचान 25 वर्षीय शिवम शुक्ला के रूप में हुई है। घटना 16- 17 अगस्त की मध्यरात्रि की है। शिवम शुक्ला शराब पीकर घर पहुंचा तो इसको लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ। गुस्से में निशा ने शिवम का गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को दरवाजे के पास इस तरह रख दिया,जिससे लगे कि गिरने से उसकी मौत हुई है।19 अगस्त को पंजाब के लुधियाना से मृतक के पिता लालू शुक्ला घर पहुंचे तो उन्होंने कटरा बाजार थाने में बहू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच शुरू की। पूछताछ में निशा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। आरोपी को दो माह की बच्ची के साथ जेल भेजा गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों के बीच आए दिन पारिवारिक कलह को लेकर विवाद होता था,कई बार मारपीट भी हुई थी।शिवम शुक्ला का डेढ़ साल का बेटा राघव शुक्ला है जो और एक दो माह की बच्ची है,जिसका नाम दिपांशी है। घटना से दो दिन पहले भी पति के साथ पत्नी ने मारपीट की थी। उस दिन पति से झगड़े के बाद अपने डेढ़ साल के बेटे राघव के साथ बहन के घर भाग गई थी।

# रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रगड़गंज के तत्वाधान में आगामी 23 अगस्त को आयोजित रक्तदान शिविर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रगड़गंज के तत्वाधान में आगामी 23 अगस्त को आयोजित रक्तदान शिविर हेतु लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए रक्तदान जागरूकता रैली निकाली गई रैली को ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रगड़गंज की मुख्य संचालिका सुनीता बहन एवं अन्य समाज सेवियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है,रक्तदान करना बहुत ही परोपकार का कार्य है।खून की इन बूँदों से कई जिंदगियों को बचा या जा सकता है।यह रक्तदान शिविर संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका श्रद्धेय दादी प्रकाश मणि जी की 18 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर आयोजित किया गया है दादी जी का संपूर्ण जी वन विश्व शांति जागरण सेवा और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित रहा और यह शिविर उ नके प्रति हमारी श्रद्धांजलि स्वरूप है।रक्तदान रैली में प्रतिभाग कर रहे बेलसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि रक्त दान रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।रक्तदान जरूरतमंदों के लिए जीवन दान का काम करता है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि रक्तदान शिविर में भारी संख्या में पहुंचकर आप सब रक्तदान करें।रक्तदान एक पावन पु नीत कार्य है।नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने कहा कि समाज सेवा में रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है व्यापार मंडल के हरिश्चंद्र सिंह ने कहा सभी व्यापारी भाइयों को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना होगा रक्तदान जाग रूकता रैली बेलसर नगर पंचायत के रगड़गंज बाजार के विभिन्न वार्डों से होती हुई केंद्र पर स माप्त हुई।इस दौरान रक्तदान हेतु लोगों का ऑ नलाइन पंजीकरण भी किया गया।इस अवसर पर बीके सुधांशु,गंगा दीदी,योगिनी,पावनी, सुरे श जयसवाल,शुभम जायसवाल, लकी, दीप नारायण,बाबूलाल,डॉ.सुरेश, महिमा आदि उपस्थित रहे।

## फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने का आरोप, सहायक अध्यापक को नोटिस

गोंडा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त द्वारा एक गंभीर शिकायत की जाँच शुरू कर दी गई है।शिकायतकर्ता अनवर खाँ पुत्र काबिर हुसैन खाँ निवासी राजापुर पूरे अकराम,थाना धानेपुर,गोंडा ने आरोप लगाया है कि मो.शाहबुद्दीन,सहायक अध्यापक, आलि या,मदरसा दारुल उलूम हबीबुर्रजा,देवरिया अ लावल बग्गीरोड रोड गोंडा द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्रों में हेरफ़ेर कर नौकरी प्राप्त की गई है। अन वर खाँ ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि मो.शाहबुद्दीन ने फर्जीवाड़ा और कूटरचित द स्तावेज़ों के आधार पर नौकरी हासिल की।इस शिकायत पर आयुक्त देवीपाटन मंडल ने संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त कमलेश चन्द्र को मामले की जाँच सौंपी है।अपर आयुक्त ने संबंधित स हायक अध्यापक को नोटिस जारी करते हुए 27 अगस्त 2025 की अपराह्न चार बजे तक उनके कार्यालय उपस्थित होकर लिखित स्पष्टी करण व साक्ष्य प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय पर उपस्थित होकर ही मामले की निष्पक्ष जाँच आगे बढ़ सकेगी।

# डीएम ने बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर में कजरीतीज जलाभिषेक की तैयारियों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । जिले में आगामी कजरीतीज पर्व के अव सर पर बाबा पृथ्वीनाथ मंदिर, खरगूपुर में आ योजित होने वाले जलाभिषेक कार्यक्रम की तै यारियों का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज स्थल का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।निरीक्ष ण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर प्रांगण एवं उसके आसपास की सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था,चिकित्सा सुविधा, ट्रैफिक एवं पार्किंग की स्थिति,बैरिकेडिंग तथा रूट डायव र्जन आदि की विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए।पुलिस विभाग को भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी रखने के नि र्देश दिए गए हैं।विद्युत विभाग को मंदिर परिसर एवं रास्तों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनि श्चित करने को कहा गया है ताकि श्रद्धालुओं को रात्रि में आवागमन में कोई कठिनाई न हो।स्वास्थ्य विभाग को मौके पर प्राथमिक चिकि त्सा एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।साथ ही,स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए पंचायत विभाग को मंदिर परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र की नियमित सफाई कर वाने तथा कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और एक सुव्यव स्थित,सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं के लिए सहज आयोजन सुनिश्चित करें।उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सूचना पट्ट, सहायता केंद्र तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की भी व्यवस्था की जाए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर,क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर, एक्सईए एन विद्युत,एक्सईएएन प्रान्तीय खण्ड, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपईडीह,जिला आ पदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव,पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# गोरखपुर को मिली सौगात की उम्मीद, सांसद रवि किशन ने गडकरी से रखी तीन बड़ी परियोजनाओं की मांग


कैनविज टाइम्स संवादाता



**गोरखपुर ।** गोरखपुर के विकास को रफ्तार देने के लिए सांसद रवि किशन शुक्ला ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीन अहम सड़क परियोजनाओं की मांग उठाई। सांसद ने कहा कि इन योजनाओं के पूरे हो जाने से गोरखपुर की औद्योगिक, धार्मिक और व्यावसायिक गतिविधियों को सीधा लाभ मिलेगा।सांसद रवि किशन ने बताया कि गीडा और दक्षिणांचल क्षेत्र तेजी से औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। ऐसे में ्गोरखपुर इंडस्ट्रियल बाईपास् और ्गीडा लिंक रोड् का निर्माण बेहद जरूरी है। यह रोड गक्र-24 और गक्र-27 को जोड़ेगा और गोरखपुर के औद्योगिक क्षेत्र को सीधी कनेक्टिविटी देगा। इससे माल ढुलाई आसान होगी और सहजनवा कस्बे में लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा।सांसद ने कहा कि गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग (गक्र-27) का फोरलेन निर्माण 2010 में हुआ था, लेकिन अब यातायात कई गुना बढ़ चुका है। इस मार्ग से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालु, बुद्ध सर्किट के पर्यटक और नेपाल के लिए माल ढुलाई करने वाले वाहन गुजरते हैं। ऐसे में गक्र-27 को सिक्स लेन करना जरूरी हो गया है।सांसद रवि किशन ने यह भी मांग की कि गक्र-24 (गोरखपुर-वाराणसी मार्ग) से सीधे गोरखपुर शहर तक आने-जाने के लिए नया लिंक रोड बनाया जाए। ताल-नंदौर इलाके में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और अन्य बड़ी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जिन्हें देखते हुए पिपरौली और खोराबार के बीच राप्ती नदी पर पुल बनाकर सिक्टौर चौराहा और खोराबार-तिराहा तक नया मार्ग विकसित किया जाना चाहिए।केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि इन प्रस्तावों पर जल्द ही संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे।मुलाकात के बाद सांसद रवि किशन ने कहा- ्गोरखपुर आज पूर्वांचल की औद्योगिक राजधानी बनने की ओर बढ़ रहा है। इन परियोजनाओं से न सिर्फ गोरखपुर बल्कि आसपास के 10 जिलों को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सपने में गोरखपुर की भी बड़ी भागीदारी होगी।

## श्री श्याम प्रभु मंदिर में भादो मेला 22-23 अगस्त को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। श्री श्याम प्रभु एवं दादी रानी सती मंदिर में इस वर्ष भादो मेला धूमधाम से आयोजित होगा। आयोजन समिति के अनुसार मेला 22 और 23 अगस्त को दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। पहले दिन 22 अगस्त को सुबह 9 बजे परंपरागत कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। यात्रा स्टेशन रोड स्थित मंदिर से निकलकर डालमिया धर्मशाला और विश्वनाथ मंदिर होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न होगी। रात्रि 9 बजे से भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर प्रबंधन समिति ने नगर पालिका से मार्गों की सफाई, पानी और चुना छिड़काव की मांग की है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नानपारा रंग बहादुर सिंह ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# संघ चला गांवों की ओर: सौ साल पूरे होने पर हर गांव में जश्न,और गांव में शाखा का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष जी ने कहा कि संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर आगामी विजय दशमी से लगातार एक साल तक संघ परिवार सम्पूर्ण राष्ट्र में जन-जागरूकता के लिए सात प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेगा। इन कार्यक्रमों में पथ संचलन, घर-घर सम्पर्क अभियान, हिंदू सम्मेलनों का आयोजन, सामाजिक सद्भाव बैठकें, प्रमुख जन गोष्ठी, युवा कार्यक्रम और शाखा विस्तार जैसे आयोजन शामिल हैं।वह गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित संघ कार्याल य पर मीडिया को बताया और कहा कि आरए सएस पिछले सौ वर्षों से अपने स्वयं सेवकों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के लि ए निरंतर काम कर रहा है।

अब तक हम छह स मूहों वैचारिकी, शिक्षा,सेवा,सुरक्षा,सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में काम करते हुए राष्ट्रोत्थान और समाजोत्थान की दिशा में आगे बढ़ते रहे हैं।इसी क्रम में संघ के शताब्दी वर्ष के पूर्ण होने पर आगामी दो अक्टूबर (विजय दशमी) से अ खिल भारतीय स्तर पर सात प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इन कार्यक्रमों के तहत दो अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक समाज में अनु शासन का संदेश देने के लिए स्वयं सेवकों का गणवेश में पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।दो नवम्बर से दो दिसम्बर तक घर - घर सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।यह विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सम्पर्क अभि यान होगा।क्षेत्र प्रचार प्रमुख ने बताया कि 15 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 के मध्य प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर हिंदू सम्मेलन आ योजित किए जाएंगे।फरवरी 2026 में विभिन्न मत व पंथों को मानने वाले लोगों के प्रमुखों के साथ सामाजिक सद्भाव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अप्रैल 2026 में समाज के विभि न्न क्षेत्रों के लोगों को शामिल करके प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। अगस्त 2026 में युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आ योजित होगा। अंत में 15 सितम्बर 2026 से दस अक्टूबर 2026 तक शाखा विस्तार का कार्यक्रम संचालित होगा।हमारा प्रयास होगा कि संघ की अधिकतम शाखाओं का गठन क रके उनका संचालन किया जाए।सुभाष जी ने कहा कि समाज में व्यापक सुधार के लिए इन गतिविधियों के माध्यम से संघ परिवार ने पंच परिवर्तन का नारा दिया है।इन पंच परिवर्तन में पांच आयाम सामाजिक समरसता,कुटुम्ब प्रबो धन,पर्यावरण,स्व का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। पहला आयाम सामाजिक समरसता' है,जिसमें जाति-भेद मिटाकर भाईचारा बढ़ाने पर जोर है।अनुसूचित जाति-जनजाति के बंधु ओं के साथ समानता,उनके घर जाकर सहभा गिता और त्यौहारों में परस्पर शामिल होना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।दूसरा आयाम 'कुटुं ब प्रबोधन' है,जिसके अंतर्गत परिवार की एक ता संस्कारों का संवर्धन और परंपरागत मूल्यों का पालन अनिवार्य माना गया है। सप्ताह में एक बार सामूहिक पूजा या महापुरुषों की चर्चा बच्चों को संस्कारित व्यवहार सिखाना और नि त्य मंगल संवाद परिवार को मजबूत बनाते हैं। तीसरा आयाम 'पर्यावरण संरक्षण' है, जिसमें जल बचाने, प्लास्टिक हटाने और हरियाली बढ़ाने जैसी पहलें शामिल हैं।अपने घर और आसपास पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अप नाकर सृष्टि के साथ संतुलित संबंध बनाए रख ने का संदेश दिया गया है।

चौथा आयाम 'स्व' है, जो व्यक्ति में अपने अस्तित्व और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाता है। इससे नागरिक जि म्मेदार बनते हैं और राष्ट्र की समृद्धि व उन्नति का आधार तैयार होता है।पांचवां और अंतिम आयाम 'नागरिक कर्तव्य' है,जिसके अंतर्गत हमारे अंदर राष्ट्र प्रथम का भाव पैदा हो। इसके तहत कानून का पालन, कुरीतियों के उन्मूलन और सामाजिक बुराइयों से मुक्ति पर बल दिया जाता है। इन सभी आयामों का उद्देश्य केवल चिंतन नहीं,बल्कि व्यवहार में उन्हें उतारकर समाज को संगठित करना है। संघ का मानना है कि जब नागरिक,परिवार और समाज मिलकर इन मूल्यों का पालन करेंगे,तभी राष्ट्र बल और वैभव से सम्पन्न होकर विश्व को सुख और शां ति का मार्ग दिखा सकेगा।

## कृषकों के बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा कवच है, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

बहराइच । किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। उनके उत्थान, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई योजनायें संचालित की है। जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना है, जिसके अंतर्गत किसानों को वार्षिक रु0 6000 देते हुए किसानों को आर्थिक सम्बल प्रदान किया है। उसी तरह केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आरम्भ किया है। जिसके अंतर्गत किसानों को 60 वर्ष के बाद 3000 रूपये मासिक, 36 हजार रूपये सालाना पेंशन दी जाती है। केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। किसानों को वृद्धावस्था में किसी के सामने रूपयों के लिए हाथ न फैलाना पड़े, वे आत्मनिर्भर रहे, उनका मान-सम्मान बना रहे, सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत प्रदेश के सभी किसान लाभ ले सकते हैं। जिन किसानों की आयु 18 से 40 वर्ष तक है वे किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसान को प्रत्येक माह प्रीमियम जमा करना होगा। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले किसान को प्रतिमाह 55 रूपये एवं 40 वर्ष की आयु के किसान को रू0 200 महीना प्रीमियम जमा करना होता है। इस योजना के तहत 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान किसान द्वारा एवं 50 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। यदि प्रदेश का कोई किसान स्वैच्छिक रूप से प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का लाभ लेना चाहता है और वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी है तो उसके रजिस्ट्रेशन के लिए किसी तरह के कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं पड़ती।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सपा का धरना-प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । यूरिया खाद के संकट, बाढ़ व कटान से विस्थापित किसानों की समस्याओं तथा चीनी मिल चिलवरिया पर किसानों के लगभग 100 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान को लेकर समाजवादी पार्टी ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट की अगुवाई में सपाइयों ने कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव कर किसान विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपर जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही कहा कि समाजवादी पार्टी मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को बाध्य होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों को 270 रुपये की खाद 800 से 1000 रुपये तक बेची जा रही है। भाजपा नेताओं की मिलीभगत से खाद नेपाल भेजी जा रही है। किसान दिनभर लाइन में खड़े रहते हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि बाढ़ और कटान से सैकड़ों गांव प्रभावित हैं, लोग विस्थापित हो गए हैं, परंतु सरकार ने अब तक कोई ठोस प्रबंध नहीं किया। कृषि मंत्री के दौरे के बाद भी केवल कागजी खानापूर्ति हुई। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि जिले के गन्ना किसानों का लगभग 100 करोड़ रुपये चिलवरिया चीनी मिल पर बकाया है और किसान रोज भुगतान की गुहार लगा रहे हैं, परंतु उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बंशीधर बौद्ध, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा कैसरगंज पंडित भगतराम मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा बहराइच/पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, एड0 उत्तम सिंह, अनिल यादव, रामजी यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता तारिक खा, सपा नेता अवधेश वर्मा, सुन्दर लाल बाजपेयी, अनवर खा वारसी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप यादव, महेन्द्र स्वरूप, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, सुमन शर्मा, एड0 मंजू चौधरी, फ्रंटल जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव, प्रभाकान्त शुक्ला, दिनेश लोधी, नदीमुल हक तन्नू, विधानसभा अध्यक्ष बहराइच गौरव यादव, विधानसभा अध्यक्ष महसी मो0 आसिफ, सत्यम बाजपेयी, सुनील यादव, अज्जू बाजपेयी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, एड0 कृपा राम यादव, एड0 मो0 आदिल, जंग बहादुर पाण्डेय, रक्षराम यादव, मुन्ना रायनी, डा0 तनवीर आलम, गुड्डू निसार, राजे मिर्ज़ा,कालामुद्दीन अंसारी, रितेश यादव, आकाश कैराती, अमरदीप यादव, विनोद यादव,मोहित राणा, अन्नू गुप्ता, एड0 अबू अफसर, शोभित बाजपेयी सहित काफी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

# सर्राफा व्यापार नानपारा प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम से की शिष्टाचार भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । सर्राफा व्यापार मंडल नानपारा (रजिस्टर्ड) के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने संगठन की गतिविधियों एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी, महामंत्री आनंद रस्तोगी, संगठन मंत्री रजनीश रस्तोगी सत्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष तनुज गुप्ता अन्नू, सचिव मनोज सोनी एवं उपाध्यक्ष संजय सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। भेंट के दौरान व्यापारियों ने एसडीएम को विश्वास दिलाया कि व्यापार मंडल प्रशासन के साथ सहयोगपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। वहीं एसडीएम ने भी प्रतिनिधि मंडल को आवश्यक सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया।

# बाबा वैद्यनाथ धाम में कजरीतीज पर जलाभिषेक के लिये कांवरियों का जत्था रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने अकबरगंज रेलवे स्टेशन से कांवरियों को ट्रेन पर बैठाकर विदा किया

### बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है जैसे नारों जयकारों से गूंजा इलाका

अमेठी । कजरी तीज पर बाबा वैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिये हजारों कांवरियों का जत्था गुरुवार को आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शनोपरांत रवाना हुआ। कस्बा अहोरवा भवानी के साथ इन्हौना में आयोजित विशाल भण्डारे में कांवरियों ने प्रसाद ग्रहण किया।प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एव स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने कांवरियों को अकबरगंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन पर बैठाकर विदा किया।क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों से प्रतिवर्ष कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज से जल भरकर पदयात्रा कर कजरी तीज पर जलाभिषेक के लिये बाबा वैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करते हैं।गुरुवार को इन समस्त गांवों के कांवरियां अहोरवा भवानी चौराहे पर एकत्रित हुये और गाजा बाजा, गोला तमाशा व डीजे की धुन पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एव स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के साथ आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा के दरवार में दर्शन किया।इसके बाद राज्यमंत्री ने मां फाउंडेशन के निदेशक कौशलेंद्र सिंह द्वारा कांवरियों को अंगवस्त्र वितरित किया।व्यवसायी राम नरेश गुप्ता द्वारा अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया।मां अहोरवा भवानी सेवा समिति द्वारा आयोजित भण्डारे में कांवरियों ने प्रसाद ग्रहण किया।बम बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने इन्हौना स्थित रेलवे स्टेशन मार्ग पर समाजसेवी शिरीष गुप्ता द्वारा आयोजित विशाल भण्डारा में कांवरियों ने लजीज पकवान ग्रहण किया।राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कांवरियों को अकबरगंज रेलवे स्टेशन से ट्रेन पर बैठाकर विदा करते हुये और समस्त कांवरियों से शांतिपूर्ण ढंग से यात्रा व दर्शन का अनुरोध भी किया। हनुमान मंदिर राजापुर के प्रांगण में वैद्यनाथ धाम जा रहे कांवरियों को भाजपा के जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने स्वागत कर विदा किया। एसडीएम अमित सिंह,सीओ दिनेश कुमार मिश्रा कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी,देवी शरण बाजपेई,राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह,धर्मेश मिश्रा, राजेश पाण्डेय,आशीष मिश्रा, देव बख्श सिंह, शुभम सिंह,अनिल पाण्डेय, हेमेन्द्र प्रताप सिंह,अखिलेश सिंह, श्रीचन्द्र चौरसिया, अरुण प्रताप सिंह,सुजीत पाण्डेय, अखिलेश सिंह, कुलदीप मिश्रा,मिन्टू सिंह,रिंकू सिंह, पुनीष गुप्ता, अजय पाल,लल्लन सिंह, नैतिक गुप्ता, आलोक शुक्ला, राहुल पाठक, बबलू चौरसिया, दिलीप पाल सहित हजारों की संख्या में कांवरियां मौजूद रहे।

# युवक ने दिनदहाड़े भाभी और भतीजे को कुल्हाड़ी से काट डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दोहरे हत्याकाण्ड की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां खेत में कीटनाशक दवा डालने के विवाद में देवर ने अपने परिवार के साथ मिलकर भाभी और भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला कर उनकी हत्या कर दी है।घटना के बाद आरोपी देवर अपने परिवार के साथ मौके से फरार हो गया है।एसपी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद है। थाना क्षेत्र के रुदौली पूरे भवन गांव निवासी रामराज उर्फ राजू पासी के खेत में तीन दिन पहले किसी ने कीटनाशक दवा डाल दी थी। रामराज को शक था कि यह काम उसके बीस वर्षीय भतीजे आकाश पुत्र उदय राज ने किया है। गुरुवार की सुबह करीब ग्यारह बजे आकाश अपनी मां रामा के साथ खेत में काम कर रहा था तभी रामराज और उसके परिवार के लोग कुल्हाड़ी और धारदार हथियार लेकर पहुंचे और मां बेटे पर हमला कर दिया जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई और मां रामा ने अस्पताल में दम तोड दिया। घटना के बाद रामराज अपनी पत्नी और बच्चों समेत मौके से फरार हो गये है।दिनदहाड़े इस दोहरे हत्याकाण्ड से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। एसपी ने कोतवाली मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह को दिशा निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम गठित की गई है।

# अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का क्षेत्रवासियों ने लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। इसौली विधान सभा के सेक्टर नंबर 18 ग्राम पंचायत पूरे पंवार में विन्ध्यादीन यादव की अध्यक्षता में पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक पंचायत का आयोजन किया गया। बैठक में कहा गया भाजपा की केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार लगातार लोकतंत्र विरोधी कार्य को अंजाम दे रही है,चाहे एस आई आर के नाम पर चुनाव आयोग द्वारा जनता के वोट वोटर लिस्ट से काटना या संविधान में 130वां संशोधन करके विपक्ष के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाकर छल से सरकार गिराने का कानून बनाना।उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्राथमिक विद्यालय को बंद करके गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना और धान की तैयार फसल में यूरिया छिड़काव के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में किसानों पर लाठीचार्ज करना इस सरकार की तानाशाही को प्रदर्शित करता है पूरे प्रदेश में बिजली, स्वास्थ्य की बदहाल व्यवस्था योगी सरकार की विफलता को प्रदर्शित करता है, पीडीए पंचायत मौजूद लोगों से भाजपा की संविधान विरोधी, लोकतंत्र विरोधी विफल सरकार को आने वाली 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल करने का निर्णय लिया। पीडीए पंचायत जोनल प्रभारी, जिला सचिव डॉ0सुरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ डॉ0नरेंद्र बहादुर यादव, सहप्रभारी शेर बहादुर यादव, सेक्टर प्रेक्षक उदयराज यादव बूथ प्रभारी बब्बन यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

# किसान की बनी मुसीबत, छुट्टा सांड और यूरिया खाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। खाद्य यूरिया की किल्लत, वोट चोरी, छुट्टा मवेशियों की समस्याओं को लेकर सपाइयों ने प्रदर्शन किया। नगर के कलेक्ट्रेट गेट पर सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष भजन लाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रदेश में विशेष तौर पर सुलतानपुर में यूरिया खाद्य की बहुत भारी मात्रा में किल्लत है। किसानों को यूरिया नहीं मिल पा रही है सुबह से ही बहुत बड़ी-बड़ी लाइनें यूरिया लेने के लिए लगती है लेकिन फिर भी शाम को यूरिया बिना लिये वापस लौट जाते है। कई सोसाइटियों पर देखा गया कि बहुत भारी संख्या में महिलाएं भी खाद्य लेने के लिए लाइन में लगी हुई हैं बहुत सी महिलाएं बेहोश होकर गिर जा रही है। जिससे आमजन मानस में काफी रोष व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने वादा किया था कि सरकार में आयेगें तो किसानों की आय दोगुनी करेगें, लेकिन दोगुनी करने के बजाय किसानों को विवश एवं भगवान भरोसे छोड़ दिया।

'छुट्टा सांडों का भी उठा मुद्दा'

छुट्टा साड़ों से किसानों की खड़ी धान की फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है किसान रात भर जाग कर अपने खेतों की पहरेदारी करके अपने खेतों की रक्षा करता है। जिलाध्यक्ष भजन लाल किसानों की खड़ी फसल नहर में पानी न आने से फसले बर्बाद होने को हैं जो सरकारी ट्यूवेल लगे है वह भी खराब हो गये है। उनकी मरम्मत नहीं हो पा रही है जिससे किसानों को बहुत तकलीफ एवं उनकी फसलें बर्बाद हो जा रही है।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने मांग किया कि सोसाइटियों पर तत्काल यूरिया खाद्य उपलब्ध कराया जाय और जो महिलाएं लाइन में लगती है उनको यूरिया खाद्य लेने में वरीयता दिया जाय। इस मौके पर राजीव चौधरी, पंच बहादुर,बसंत अग्रहरि मो सहजाद,आदिल खान, भीम पाल,अली अहमद, आशीष विश्वकर्मा आदि रहे।

## चार दिन से लापता नवयुवक का शव नैया नाला से बरामद

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे गजराज सिंह मजरे अरियांवा के पास एक नवयुवक का शव नैया नाला में मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे दरोगा मजरे तिलोई निवासी फूलचंद्र सिंह उर्फ टोपी लाल उम्र बीस वर्ष पुत्र बेनी सिंह बीती सत्रह अगस्त की सुबह से लापता था। परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी लेकिन कोई सुराग नही लग सका।गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने उसका शव गांव से करीब पांच किलोमीटर दूर नैया नाले में देखा। परिजनो के मुताबिक फूलचंद्र शौच के लिये निकला था, लेकिन घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाश की और सुराग न मिलने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## परिषदीय विद्यालयों में एक सितम्बर को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम मनाया जायेगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा गौरीगंज स्थित विभा गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद अमेठी की एक महत्वपूर्ण जनपदीय बैठक जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला के संयोजकत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी एक सितम्बर को समस्त विद्यालयों में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम को पूर्ण मनोयोग से मनाये जाने पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें पंच प्रण स्वच्छ अनुशासित प्रेरणास्पद विद्यालय संपदा संसाधन संरक्षण भेदभाव रहित वातावरण चरित्र निर्माण आत्म विकास एवं समाज सेवा की शपथ ली जायेगी।उक्त कार्यक्रम के लिये तीन शिक्षकों सचिन श्रीवास्तव ,पूर्णिमा तिवारी प्रमोद पाण्डेय को जिला स्तर पर नोडल नामित किया गया तथा ब्लॉकों में भी उक्त कार्यक्रम के लिये अलग से नोडल बनाये गये हैं।बैठक में जिला मंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि इस कार्यक्रम को प्रदेश के साथ ही जनपद अमेठी के सभी विद्यालयों में व्यापक प्रचार प्रसार करके मनाया जाय जिस पर सभी ब्लॉकों से आये संयोजक, सहसंयोजकों ने सहमति व्यक्ति की।जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने कहा कि संगठन के आवाहन पर होने वाले इस कार्यक्रम को पूर्ण मनोयोग के साथ मनाने के लिये सभी को न्याय पंचायत स्तर पर नोडल नामित करते हुये कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के हित के लिये सदैव तत्पर रहता है तथा शिक्षकों से संबंधित तमाम समस्याओं जिसमें अवरुद्ध वेतन बहाली , अवशेष भुगतान,स्थानांतरित शिक्षकों के वेतन, एलपीसी,चयन वेतनमान आदि जो काफी समय से लंबित रहे हैं उसको ऑफलाइन करवाया सभी लोग संगठन द्वारा किए जा रहे शिक्षक हितों के कार्य का व्यापक प्रचार प्रसार करके अधिक से अधिक सदस्यों को संगठन में जोड़ने का प्रयास करें जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की।बैठक के उपरांत शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेंट कर हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में आगामी एक सितंबर को शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा ली जाने वाली शपथ के विषय में चर्चा किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के प्रति शिक्षकों के समर्पण एवं समाज निर्माण तथा सुयोग्य नागरिक के निर्माण में ली जाने वाली शपथ को प्रेरणाप्रद बताते हुये कार्यक्रम हेतु पूर्ण सहयोग के लिये आश्वस्त किया। इस मौके पर अश्वनी कुमार द्विवेदी, पंकज शुक्ला, अमित पाण्डेय, दल बहादुर सिंह, सत्येन्द्र तिवारी,अजय सिंह, राघवेंद्र तिवारी, संतोष तिवारी,अभिषेक तिवारी, अनुराग यादव,पंकज पाण्डेय,अश्विनी शुक्ला, उबैद अहमद, बब्बन यादव, विमलेंदु पाण्डेय सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर कार्यवाहक प्रिंसिपल पर चोरी का एफआईआर दर्ज करवाया

लंभुआ/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के श्री दामोदर इंटर कॉलेज पांडेयपुर लंभुआ में कंप्यूटर लैब से सामान गायब होने का मामला सामने आया है। रिटायर्ड प्रधानाचार्य त्रिभुवनदत्त त्रिपाठी की शिकायत पर कोर्ट ने थानाध्यक्ष लंभुआ को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जिस पर बुधवार को केस दर्ज हुआ। त्रिपाठी ने बताया कि वे 30 जून 2013 को इस स्कूल से रिटायर हुए थे। उनके कार्यकाल में कंप्यूटर लैब में भारत सरकार से प्राप्त सामान था। इसमें 2 यूपीएस, 11 मॉनिटर, 11 माउस, 20 स्पीकर, 11 कीबोर्ड, एक प्रोजेक्टर, एक वीडियो कैमरा, 11 माउस पैड, एक एग्जॉस्ट फैन, एक वेब कैमरा, एक स्कैनर और 22 कुर्सियां शामिल थीं।

# बीएसए बने अध्यापक निरीक्षण के दौरान पढ़ाया बच्चों को पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा विकास क्षेत्र ललोरीखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय बालपुरपट्टी,उच्च प्राथमिक विद्यालय खरूआ, प्राथमिक विद्यालय खरूआ,प्राथमिक विद्यालय सैजना, उच्च प्राथमिक विद्यालय सैजना,कंपोजिट विद्यालय प्यास एवं प्राथमिक विद्यालय मीरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। सभी निरीक्षित विद्यालयों में उपस्थित छात्र संख्या 80% से ज्यादा पाई गई एवं नवीन छात्र को छोड़कर शेष छात्र सभी ड्रेस उपस्थित पाए गए। सभी निरीक्षित विद्यालयों में कक्षाएं संचालित पाई गई जिस पर बीएसए द्वारा समस्त कार्यरत स्टाफ की प्रशंसा की गई।निरीक्षण के समय कंपोजिट विद्यालय प्यास में बीएसए द्वारा कक्षा 7 के छात्रों को स्थाई बंदोबस्त के बारे में विस्तार से पढ़ाया तथा छात्रों को स्थाई बंदोबस्त के बारे में समझाया भी गया तदोपरांत छात्रों से स्थाई बंदोबस्त के बारे में प्रथम ही पूछे गए जो छात्रों द्वारा सही से बता दिए गए जिसकी बीएसए द्वारा सराहना की गई। प्राथमिक विद्यालय मीरपुर में छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए गए प्राथमिक विद्यालय सैजना में साफ सफाई तथा विद्यालय की रंगाई पुताई के निर्देश दिए गए तथा छात्रों हेतु नवीन फर्नीचर भी प्राप्त हो गया। सभी निरीक्षित विद्यालयों के समस्त कार्यरत स्टाफ को निर्देशित किया गया कि छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए छात्रों को निपुण बनाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए समस्त निरीक्षित विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों की छतों की अनिवार्य रूप से साफ सफाई कराई जाए जिससे बरसात का पानी निकाल सके,अन्यथा विद्यालय की छत खराब होकर पानी टपकने लगेगा इसका विशेष ध्यान दिया जाए।समस्त निरीक्षित विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को यह भी निर्देशित किया गया कि विद्यालय में प्राप्त कंपोजिट ग्रांट से विद्यालय की रंगाई पुताई,लघु मरम्मत कार्य अन्य मद में प्राप्त ग्रांट जैसे टीएलएम ग्रांट,वाला पेंटिंग, स्पोर्ट्स ग्रांट आदि का नियम अनुसार कार्य करते हुए उपभोग करना सुनिश्चित करें।साथ ही विद्यालयों की निरंतर साफ सफाई कराई जाए और विद्यालय में फुलवारी लगाते हुए विद्यालयों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाए।उपरोक्त विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु विद्यालय समय से पहले या विद्यालय समय के बाद ग्राम भ्रमण करते हुए अभिभावक संपर्क करना सुनिश्चित करें। विद्यालय में समस्त कार्य स्टाफ आपसी सामाजस्व बना कर रखें तभी विद्यालय निपुण विद्यालय बन पाएगा।

## महाराणा प्रताप चौक पर लगे नियम विरुद्ध झंडे प्रशासन ने हटवाये

पूरनपुर। नगर के स्टेशन रोड पर महाराणा प्रताप चौक पर भीम आर्मी का झंडा लगने की घटना ने तूल पकड़ लिया। करणी सेना के तहसील अध्यक्ष एसपी सिंह चौहान को जब इस बारे में पता चला,तो उन्होंने तुरंत जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह को सूचित किया। रविंद्र सिंह ने इसकी सूचना पूरनपुर सीओ प्रतीक दहिया को फोन कर झंडे के बारे में जानकारी दी।पूरनपुर सीओ प्रतीक दहिया ने कस्बा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार को मौके पर भेजकर झंडे उतरवाए। करणी सेना के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने पूरनपुर सीओ और कस्बा चौकी इंचार्ज के प्रति आभार व्यक्त किया है।महाराणा प्रताप चौक का महत्व इस प्रकार की घटनाओं में और भी बढ़ जाता है,क्योंकि यह वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की याद में बनाया गया है।जिन्होंने मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। ऐसे में चौक पर किसी अन्य संगठन का झंडा लगना स्वाभाविक रूप से विवाद का विषय बन सकता है।

# घरों की टोटियों में 20 साल बाद पहुंचा पानी मोहल्ले वासियों ने चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवाल का जताया आभार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।शहर के वार्ड 25 के मोहल्ला पूरनमल के निवासियों के चेहरे उसे वक्त खिल उठे जब 20 वर्ष से भी अधिक समय के बाद उनके घरों की टोटियों में पानी की धार निकली। घरों में पानी पहुंचने पर यहां के लोगों ने अध्यक्ष सभासद और जलकल विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।शहर के मोहल्ला पूरनमल में पिछले 20 वर्ष की से अधिक समय से घरों की टोंटियां सूखी पड़ी थी। पानी नहीं आता था। पेयजल सप्लाई के लिए मोहल्ले के लोगों की लगातार मांग होती रही। इस मोहल्ले में पानी की पुरानी पाइपलाइन पड़ी हुई थी, लेकिन पानी नहीं आता था। अमृत योजना के तहत लगभग 5 वर्ष पहले इस मोहल्ले में फिर से नई पाइपलाइन डाली गई। नए कनेक्शन भी दिए गए लेकिन घरों की टोटियों में पानी फिर भी नहीं पहुंचा। घोटाले की भेंट चढ़ी अमृत योजना में जल निगम के ठेकेदार अपना काम खानापूर्ति करके चले गए। लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही।पिछले दिनों मोहल्ले के लोगों ने इस संबंध में नगर पालिका पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और सभासद साकेत सक्सेना से घरों में पानी पहुंचवाने के लिए कहा।

इसके बाद पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने जलकल विभाग को इस काम में जुट जाने के लिए बोला। नगरपालिका में जलकल विभाग की अवर अभियंता राजरानी ने सभासद साकेत सक्सेना के साथ मोहल्ले की गली-गली में घूम कर निरीक्षण किया। कुछ जगह गड्ढे खुदवा कर पाइपलाइन चेक की गई। जलकल विभाग के प्रभारी तारिक हसन खां की देखरेख में व पूर्व जलकर प्रभारी सेवानिवृत्त राकेश कुमार के अनुभव लेकर इमरान, मोहम्मद मियां ने लगातार दो-तीन दिन तक जगह-जगह पाइपलाइन चेक करके पानी को मोहल्ले में पहुंचने का प्रयास किया। कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के चलते कल दोपहर बाद मोहल्ले के घरों की टोटियों से पानी की तेज धार निकल पड़ी।मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल सभासद साकेत सक्सेना और पालिका के जलकल विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया है।

# पशु चिकित्सा अधिकारी ने गांव में लगाया कैंप वितरण की नि:शुल्क दवाइयां




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विकास खंड पूरनपुर के गांव शेरपुर कला में पशु चिकित्सालय पूरनपुर द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जानवरों के खुरपका और मुंहपका रोग के टीकाकरण के साथ-साथ अन्य बीमारियों की दवाइयां भी वितरित की गईं।जानवरों को खुरपका और मुंहपका रोग के टीकाकरण किए गए।दवाइयों का वितरण जानवरों की विभिन्न बीमारियों की दवाइयां निशुल्क वितरित की गईं। इस कैंप के आयोजन में हाजी रियाजत नूर खान पूर्व प्रधान शेरपुर कला और पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. अंबेश गंगवार और विकास अग्निहोत्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। किसान नेता हाजी रियाजत नूर खान कहा कि इस कैंप से गांव के पशुपालकों को काफी लाभ हुआ और उनके जानवरों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं। ऐसे कैंपों का आयोजन भविष्य में भी किया जाना चाहिए ताकि पशुपालकों को और अधिक लाभ हो सके।

# रक्षा क्षमता में ऐतिहासिक छलांग

दुनिया भर में युद्ध और तनाव का माहौल है। रूस-यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा, चीन-ताइवान विवाद गहराता जा रहा और मध्य-पूर्व में लगातार संघर्ष जारी है। ऐसे समय में भारत ने अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। 20 अगस्त 2025 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से भारत ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया। यह न केवल तकनीकी सफलता है, बल्कि भारत की बढ़ती सैन्य और सामरिक ताक़त का स्पष्ट संकेत भी है। अग्नि-5 मिसाइल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लंबी दूरी की क्षमता है। यह मिसाइल 5000 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता रखती है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। तीन चरण वाले ठोस ईंधन रॉकेट मोटर से उड़ान भरने वाली यह मिसाइल आधुनिक नेविगेशन सिस्टम से लैस है और इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। यानी यह एक साथ कई लक्ष्यों को साध सकती है। DRDO प्रमुख डॉ. समीर वी कामत ने कहना है कि अग्नि-5 का यह परीक्षण भारत की सामरिक शक्ति को नए स्तर पर ले जाता है। यह न केवल हमारी वैज्ञानिक क्षमता का प्रतीक है, बल्कि आने वाले समय में भारत की सुरक्षा का मजबूत आधार भी बनेगा। उल्लेखनीय है कि भारत का मिसाइल कार्यक्रम कोई नया नहीं है। यह यात्रा 1980 के दशक में इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम से शुरू हुई थी। इसके साथ ही पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की अगुवाई में अग्नि श्रृंखला की नींव रखी गई थी। जिसने अपना साकार रूप लेना शुरू किया 2002 से, जब अग्नि-1 के साथ शुरुआत हुई जिसकी रेंज 700-900 किलोमीटर थी। इसके बाद अग्नि-2, अग्नि-3 और अग्नि-4 का विकास हुआ और हर नए संस्करण द्वारा भारत की क्षमता को एक कदम आगे बढ़ाया गया। अब अग्नि-5 उस श्रृंखला का सबसे आधुनिक और दूर तक मार करने वाला हथियार है। यह भारत को उन चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करता है जिनके पास इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। इस परीक्षण का महत्व केवल तकनीकी नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। पाकिस्तान के पास शहीन-III जैसी मिसाइलें हैं जिनकी रेंज लगभग 2750 किलोमीटर है। चीन के पास DF-41 है जिसकी क्षमता 12000 किलोमीटर तक मानी जाती है। अग्नि-5 भारत को इस सामरिक संतुलन में बराबरी की स्थिति देता है। रक्षा विशेषज्ञ डॉ. राजेश शर्मा कहते हैं, यह मिसाइल किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि भारत की डिटरेंस पॉलिसी का हिस्सा है। कहने का तात्पर्य है कि निवारण नीति किसी संभावित दुश्मन को हमला करने से रोकने के लिए पहले से ही तैयार की जाती है। यह एक ऐसी नीति है जिसमें किसी देश या संगठन द्वारा अपनी सैन्य शक्ति, आर्थिक शक्ति, या राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करके दूसरे पक्ष को किसी गलत काम को करने से रोकने की कोशिश होती है। अतः इसका मकसद स्पष्ट है कोई भी देश भारत के खिलाफ आक्रामक कदम उठाने से पहले सौ बार सोचे। वे कहते हैं कि अग्नि-5 का सफल परीक्षण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। यह हमारी वैज्ञानिक क्षमता का नतीजा है। इससे निश्चित ही भारतीय सेना को और मजबूती मिलेगी। साथ ही यहां यह भी स्पष्ट करना जरूरी है कि भारत की 'नो फर्स्ट यूज़' परमाणु नीति हमेशा से स्पष्ट रही है। यानी भारत परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा, लेकिन हमला होने पर जवाब अवश्य दिया जाएगा। इस नीति के साथ अग्नि-5 जैसी मिसाइल भारत की सुरक्षा को विश्वसनीयता प्रदान करती है। यह मिसाइल यह सुनिश्चित करती है कि भारत पर कोई भी देश हमला करने से पहले उसकी ताकत को समझे। उन्होंने कहा, हम अब केवल इस दिशा में आत्मनिर्भर नहीं हुए हैं, बल्कि तकनीकी दृष्टि से विकसित देशों की बराबरी कर रहे हैं। अग्नि-5 इसका एक बड़ा प्रमाण है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों के पास ही अब तक 5000 किलोमीटर से अधिक दूरी की मिसाइलें थीं।

# ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया, ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रयोग की भी जरूरत

**यदि भारत ने ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती दिखाते हुए रियल मनी गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है तो अब समय है कि वही दृष्टिकोण सोशल मीडिया पर भी अपनाया जाए। इसके लिए सरकार को सबसे पहले आयु-आधारित प्रतिबंध लागू करना चाहिए। 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक लगाई जाए और 16 से 18 वर्ष तक के किशोरों के लिए प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे की सीमा तय की जाए। कंपनियों पर यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वे आयु सत्यापन और स्क्रीन टाइम नियंत्रण सुनिश्चित करें। साथ ही, हानिकारक सामग्री के प्रसार पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। एल्गोरिद्म आधारित ''डोपामीन ट्रैप'' यानी बार-बार दिखाए जाने वाले शॉर्ट वीडियो, रील्स और ट्रेंड्स को सीमित किया जाना चाहिए क्योंकि ये युवाओं को लगातार स्क्रीन से चिपकाए रखते हैं। इस दिशा में यूरोप और अमेरिका में भी बहस चल रही है, लेकिन भारत को ऑस्ट्रेलिया की तरह ठोस कदम उठाने होंगे। शिक्षा और जागरूकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया व्यसन पर अध्याय जोड़े जाने चाहिए ताकि बच्चों को छोटी उम्र से ही इन खतरों की समझ हो।**

लोकसभा में 20 अगस्त 2025 को जब इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ''ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025'' प्रस्तुत किया तब इस दिशा में यह भी स?पष?ट हो गया कि यह केवल एक विधायी औपचारिकता नहीं थी, डिजिटल युग की नई चुनौतियों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण में आए बदलाव का इसे आप पुख?ता प्रमाण मान सकते हैं। इस विधेयक में रियल मनी गेमिंग और उसके विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, उल्लंघन करने वालों के लिए जेल और जुर्माने जैसी कठोर सजा का प्रावधान करने और साथ ही ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक तथा सामाजिक खेलों को बढ़ावा देने का प्रावधान करता है। विधेयक में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि इस कदम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्गों को डिजिटल व्यसन के दुष्प्रभावों से बचाना है।

भारत में एक तरह से देखा जाए तो ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पिछले एक दशक में अप्रत्याशित रफ्तार से बढ़ी है। आज इसका आकार 32,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है और अनुमान था कि 2029 तक यह उद्योग 80,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू लेगा। लेकिन इस वृद्धि की असल नींव रियल मनी गेमिंग यानी पैसों के लालच और जुए जैसे खेलों पर आधारित रही। आँकड़े बताते हैं कि इंडस्ट्री का 86 प्रतिशत राजस्व इन्हीं खेलों से आता रहा है। यह वही खेल हैं, जिनमें किशोर और युवा अपनी मेहनत की कमाई, यहाँ तक कि उधार लिए पैसे भी गँवाते रहे। परिवार टूटे, सामाजिक रिश्ते बिगड़े, अवसाद और आत्महत्या के मामले बढ़े। अब तक हजार से कई अधिक की संख?या में लोग गेम के चक?कर में मौत को गले लगा चुके हैं। ऐसे में स?वभाविक है कि देश भर में सरकार का यह कदम ऐसे हालात में न केवल उचित है बल्कि यह समय की माँग भी है। लेकिन इसके साथ ही जिम?मेदारीपूर्ण यह मांग भी उठना स्वभाविक है कि यदि सरकार डिजिटल व्यसन की इस समस्या को ऑनलाइन गेमिंग के संदर्भ में गंभीरता से देख सकती है तो क्या वही तर्क सोशल मीडिया पर लागू नहीं होना चाहिए?

इससे जुड़े तथ्य दुनिया के सामने आज मौजूद है, फिर अनुभव भी यही बताता है कि सोशल मीडिया का असर कहीं अधिक व्यापक और कहीं अधिक गहरा है। यह न केवल आर्थिक नुकसान का कारण बनता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक ताने-बाने और लोकतांत्रिक विमर्श के लिए भी गंभीर खतरा है। ऑस्ट्रेलिया का हालिया निर्णय इस संदर्भ में बेहद प्रासंगिक है। वहाँ संघीय सरकार ने ऐलान किया है कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब, स्नैपचैट, रेडिट और एक्स जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स पर किसी भी रूप में सक्रिय रहने की अनुमति नहीं होगी। यह कानून आने वाले चार महीनों में लागू होगा और सोशल मीडिया कंपनियों को 10 दिसंबर तक सभी नाबालिग खातों को हटाना होगा। केवल इतना ही नहीं, इन कंपनियों को आयु सत्यापन की ऐसी प्रणाली लागू करनी होगी जिससे भविष्य में नाबालिग नए खाते न बना सकें। यह प्रतिबंध इतना कठोर है कि माता-पिता की अनुमति से भी बच्चों को इन प्लेटफ़ॉर्म्स तक पहुँचने की छूट नहीं दी जाएगी।

ऑस्ट्रेलिया में यह निर्णय एकाएक नहीं लिया गया है, सोशल मीडिया ने बच्चों और किशोरों को जिस तरह की लत में जकड़ा है, उसने मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को कहीं अधिक बढ़ा दिया है। आत्महत्या के मामलों में वृद्धि, अवसाद और चिंता जैसी बीमारियों का फैलाव और नींद के गंभीर संकट अब विश्व स्तर पर दर्ज किए जा रहे हैं। स?वभाविक है ऑस?ट्रेलिया में यही सब कुछ बड़े स?तर पर देखा गया, जिसके बाद ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस निष?कर्ष पर पहुंची कि बच्चों को वास्तविक जीवन और डिजिटल जीवन के बीच संतुलन बनाना सिखाना होगा और इसके लिए कठोर कानून ही कारगर उपाय है।

भारत के संदर्भ में स्थिति और भी गंभीर है। यहाँ युवाओं की संख्या सबसे अधिक है और इंटरनेट तक पहुँच अब गाँव-गाँव तक हो चुकी है। रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय किशोर प्रतिदिन औसतन चार से पाँच घंटे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। यह समय उनके अध्ययन, परिवार के साथ बिताए जाने वाले पलों और वास्तविक सामाजिक संबंधों से छीन लिया जाता है। जिस दौर में शिक्षा और कौशल विकास पर अधिक ध्यान देना चाहिए, उसी समय उनका मन टिकटॉक, इंस्टाग्राम रील्स और यूट्यूब शॉर्ट्स जैसी सतही चीज़ों में उलझा रहता है। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव केवल समय की बर्बादी तक सीमित नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक मानसिक स्वास्थ्य अध्ययनों ने स्पष्ट किया है कि इन प्लेटफ़ॉर्म्स का अत्यधिक प्रयोग अवसाद, चिंता और नींद की कमी का कारण बन रहा है। किशोरावस्था में यह मानसिक असंतुलन और भी खतरनाक रूप ले लेता है। भारत जैसे देश में, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है, वहाँ यह समस्या एक राष्ट्रीय संकट से किसी भी स?तर पर कम नहीं मानना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया बच्चों के लिए आर्थिक शोषण का कारण भी बन रहा है। ''इन-ऐप परचेज़'' और ''वर्चुअल गिफ्टिंग'' जैसी व्यवस्थाओं ने नाबालिगों को पैसे खर्च करने की आदत डाल दी है। कई बार यह खर्च उनकी आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक होता है, जिससे परिवारों पर बोझ पड़ता है। सांस्कृतिक दृष्टि से भी यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। हिंसा, अश्लीलता और असंस्कारी कंटेंट ने किशोरों के मन-मस्तिष्क को गहराई से प्रभावित किया है और पारंपरिक भारतीय मूल्यों से उन्हें दूर कर दिया है।

यदि भारत ने ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती दिखाते हुए रियल मनी गेमिंग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है तो अब समय है कि वही दृष्टिकोण सोशल मीडिया पर भी अपनाया जाए। इसके लिए सरकार को सबसे पहले आयु-आधारित प्रतिबंध लागू करना चाहिए। 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक लगाई जाए और 16 से 18 वर्ष तक के किशोरों के लिए प्रतिदिन अधिकतम एक घंटे की सीमा तय की जाए। कंपनियों पर यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वे आयु सत्यापन और स्क्रीन टाइम नियंत्रण सुनिश्चित करें। साथ ही, हानिकारक सामग्री के प्रसार पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। एल्गोरिद्म आधारित ''डोपामीन ट्रैप'' यानी बार-बार दिखाए जाने वाले शॉर्ट वीडियो, रील्स और ट्रेंड्स को सीमित किया जाना चाहिए क्योंकि ये युवाओं को लगातार स्क्रीन से चिपकाए रखते हैं। इस दिशा में यूरोप और अमेरिका में भी बहस चल रही है, लेकिन भारत को ऑस्ट्रेलिया की तरह ठोस कदम उठाने होंगे।

शिक्षा और जागरूकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया व्यसन पर अध्याय जोड़े जाने चाहिए ताकि बच्चों को छोटी उम्र से ही इन खतरों की समझ हो। साथ ही युवाओं को विकल्प उपलब्ध कराना भी जरूरी है। कला, खेल, संगीत, हस्तशिल्प और सामुदायिक गतिविधियाँ इसका अच?छा विकल्प हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा सुरक्षित भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स को प्रोत्साहित करना चाहिए जो ज्ञान, संवाद और रचनात्मकता पर आधारित हों। यदि भारत समय रहते इस दिशा में कदम उठाता है तो इसके दूरगामी लाभ होंगे। युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, वे पढ़ाई और करियर पर अधिक ध्यान देंगे, परिवार और समाज में वास्तविक संबंध मजबूत होंगे और राष्ट्र की सांस्कृतिक दिशा सुरक्षित रहेगी। फ़ेक न्यूज़ और नफ़रत की राजनीति का असर भी कम होगा और लोकतंत्र अधिक स्वस्थ बनेगा।

यहां कहना यही है कि जैसे भारत ने ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती दिखाकर यह संकेत दिया है कि वह युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। अब आवश्यकता है कि यही दृष्टिकोण सोशल मीडिया पर भी अपनाया जाए। युवा पीढ़ी राष्ट्र की रीढ़ है। यदि उसे डिजिटल गुलामी, व्यसन और मानसिक असंतुलन की ओर धकेल दिया गया तो यह केवल परिवारों का नहीं, पूरे राष्ट्र का संकट होगा। इसलिए भारत सरकार को ऑस्ट्रेलिया के उदाहरण से प्रेरणा लेकर, अपने संदर्भ के अनुसार, कठोर और स्पष्ट नीति तुरंत लागू करनी चाहिए। यही समय की मांग है और यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है ।

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

# जब भूजल विषाक्त हो जाएगा, तब?

**राकेश दुबे**

यह वैज्ञानिक रिपोर्ट निश्चित ही चौंकाने वाली है कि सन 2100 में लगभग 59 करोड़ लोग ऐसे जल स्रोतों पर निर्भर हो सकते हैं जो पीने योग्य पानी के लिए सबसे कड़े मानकों को पूरा नहीं करते हैं।तथ्य यह है कि दुनिया में लगभग हर चार में से एक व्यक्ति जीवित रहने के लिए पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद जलाशयों पर निर्भर है, क्योंकि साफ पानी की झीलों, नदियों और बांधों तक सभी लोगों की पहुंच नहीं है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि सदी के अंत तक लाखों लोग पानी की इस मामूली आपूर्ति से भी वंचित हो सकते हैं क्योंकि बढ़ते तापमान के कारण उथले भूजल के विषाक्त होने का खतरा है।

एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने वैश्विक तापमान वृद्धि के विभिन्न परिदृश्यों के तहत दुनिया भर में भूजल स्रोतों के तापमान परिवर्तनों को सटीक संख्या में बताने के लिए ऊष्मा परिवहन का एक विश्व-स्तरीय मॉडल विकसित किया है। इस समय गर्मी की लहरें, बर्फ की पिघलती हुई टोपियां और समुद्रों का बढ़ता स्तर नियमित रूप से सुर्खियां बटोर रहे हैं,लेकिन हमारा ध्यान भूमि पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की तरफ नहीं जाता। हमें भूजल पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में अधिक व्यापक रूप से सोचने की आवश्यकता है। यह सच है कि हमारे पैरों के नीचे की चट्टान और मिट्टी की परतें समुद्री जल की गर्मी को अवशोषित करने की क्षमता से मेल नहीं खाती हैं। फिर भी,यह आश्चर्यजनक है कि भूजल के गर्म होने के परिणामों पर इतना कम ध्यान दिया गया है, खासकर जब पानी की कमी और रिचार्ज (पुनर्भरण) दर पर इतनी अधिक चर्चा होती है। सतह के ठीक नीचे छिद्रपूर्ण चट्टानों के भीतर फंसा पानी घुले हुए खनिजों, प्रदूषकों और संभावित रोगजनकों से भरा हो सकता है। बहुत बड़ी आबादी के समक्ष इस प्रदूषित जल पर निर्भर रहने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं है। इन भूमिगत जलाशयों को सिर्फ़ एक या दो डिग्री गर्म करने से परिणाम भयावह हो सकते हैं। इससे पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है और खतरनाक बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा मिल सकता है,या आर्सेनिक और मैंगनीज जैसी भारी धातुओं की अत्यधिक मात्रा पानी मे घुल सकती है। दुनिया मे पहले से ही लगभग तीन करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं,जहां भूजल पीने के पानी के सख्त दिशा-निर्देशों में निर्धारित तापमान से ज्यादा गर्म है। इसका मतलब है कि बिना ट्रीटमेंट के वहां का पानी पीना सुरक्षित नहीं है। आसपास पर्याप्त आकार के सतही जलाशयों वाली आबादी के लिए भी गर्म भूजल उन प्रमुख कारकों को बदल सकता है जो पानी को मानव उपभोग के लिए सुरक्षित रखते हैं। 7.7 करोड़ से 18.8 करोड़ लोगों के ऐसे क्षेत्र में रहने का अनुमान है जहां भूजल 2100 तक पीने योग्य मानकों को पूरा नहीं कर पाएगा। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि भूजल की रक्षा के लिए कार्रवाई करना और भूजल पर जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए स्थायी समाधान खोजना कितना आवश्यक है। इस बीच, जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दुनिया में मीथेन उत्सर्जन में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, लोगों की गिरती सेहत, गायब होती बर्फ की चादरों और अप्रत्याशित मौसम के रूप में जलवायु परिवर्तन की बड़ी चेतावनियां हमें लगातार मिल रही हैं। फिर भी हम वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा को उत्सर्जित कर रहे हैं। इससे हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में बताया गया है कि 2006 से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन बढ़ रहा है। 2020 से इसमें तेजी आई है। यदि हम बहुत जल्द कुछ कठोर कदम नहीं उठाएंगे तो उत्सर्जन की यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। नए अध्ययन के शोधकर्ताओं ने मीथेन उत्सर्जन रोकने के लिए रणनीतियां तैयार की हैं जिनका उपयोग विभिन्न देश उचित कार्रवाई करने के लिए कर सकते हैं। इसमें मदद करने के लिए उन्होंने एक ऑनलाइन टूल भी विकसित किया है। शोधकर्ताओं ने लिखा है कि जलवायु परिवर्तन को सीमित करने के लिए दुनियाभर के प्रयास मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड पर केंद्रित हैं। चूंकि मानव जाति कई दशकों से जलवायु परिवर्तन को पर्याप्त रूप से निपटने में विफल रही है, इसलिए अब वार्मिंग को तय लक्ष्यों से नीचे रखने के लिए हमें सभी प्रमुख जलवायु प्रदूषकों पर अंकुश लगाने पड़ेंगे।

## सेहत मंत्र

# कब्ज से परेशान हैं, तो करें तिर्यक ताड़ासन

आंतों के कमजोर होने से शरीर के ठोस मल का बाहर निकलना धीमा हो जाता है, जिस कारण शरीर में विषैले पदार्थ जमा होने लगते हैं। इसमें पाचन प्रणाली ठीक से काम नहीं करती, जिसे कब्ज कहा जाता है। योग और आहार में परिवर्तन कर आप इससे पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं। आधुनिक जीवनशैली कब्ज का प्रमुख कारण है। शारीरिक परिश्रम की कमी, कुर्सी पर ज्यादा देर तक बैठना, व्यायाम एवं योग न करना, आहार संबंधी गलत आदतें, वेस्टर्न टॉयलेट का प्रयोग, बढ़ता मानसिक तनाव आदि वे प्रमुख कारण हैं, जो कब्ज के लिए जिम्मेदार हैं। यौगिक क्रियाओं के नियमित अभ्यास तथा आहार में परिवर्तन से पुराने से पुराने कब्ज को भी ठीक किया जा सकता है। कब्ज से पीड़ित लोगों को जानुशिरासन, उष्ट्रासन, तिर्यक ताड़ासन, करिचक्रासन तथा हलासन का अभ्यास करना चाहिए। इसके साथ ही पवनमुक्तासन के 5 से 7 चक्रों का अभ्यास करने से बहुत लाभ होता है। प्रतिदिन भोजन के बाद 5 से 7 मिनट वज्रासन पर अवश्य बैठें। दोनों पैरों के बीच 4-6 इंच का अंतर कर खड़े हो जाएं। दोनों हाथों की अंगुलियों को आपस में गूंथिये (इंटरलॉक करें) और उन्हें सिर से ऊपर सीधा उठाएं। अब एड़ियों को भी जमीन से ऊपर उठाएं। फिर शरीर को दायीं तथा फिर बायीं ओर बारी-बारी से 8-8 बार झुकाएं। इसके बाद धीरे-धीरे वापस पूर्व स्थिति में आ जाएं। प्रतिदिन भस्त्रिका का अभ्यास 5 से 7 मिनट अवश्य करें। साथ में नाड़ी शोधन तथा सूर्यभेदी प्राणायाम के नियमित अभ्यास से इस रोग को जड़ से उखाड़ फेंकने में मदद मिलती है। ध्यान के किसी भी आसन जैसे पद्मासन, सिद्धासन, सुखासन में या कुर्सी पर रीढ़, गला व सिर को सीधा कर बैठ जाएं। नासिकाग्र मुद्रा लगाएं। बायीं नासिका को बंद कर दायीं नासिका से गहरी तथा दीर्घ श्वास अंदर लें। इसके बाद बायीं नासिका से दीर्घ तथा गहरी श्वास निकालें। यह सूर्यभेदी प्राणायाम का एक चक्र है। 5-6 चक्रों से प्रारम्भ करें और 24 चक्रों तक नियमित रूप से अभ्यास करें। उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा हाइपर थाइरॉइड से ग्रस्त लोग इसका अभ्यास न कर सामान्य नाड़ीशोधन का अभ्यास करें। अन्य लोग गर्मी के मौसम में इसके अभ्यास के बाद चन्द्रभेदी या शीतली प्राणायाम का अभ्यास करें।

## धर्म मंत्र

# श्रीगणेश दूर करेंगे हर संकट, कभी न करें उनकी पीठ के दर्शन

भगवान श्रीगणेश बुद्धि प्रदान करने वाले हैं। कोई भी शुभ कार्य उनकी पूजा के बिना पूर्ण नहीं होता। उनकी कृपा से समस्त वास्तु दोष दूर हो जाते हैं। भगवान श्री गणेश की आराधना के बिना वास्तु देवता की उपासना भी अपूर्ण मानी जाती है। वास्तु शास्त्र में भगवान श्रीगणेश की कृपा पाने के लिए कई उपाय बताए गए हैं, आइए जानते हैं इनके बारे में। भगवान श्रीगणेश जी को नमन करते समय मुख सदा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। श्रीगणेशजी की पीठ के दर्शन कभी न करें। सामने से ही सदैव उनके दर्शन करें। या फिर दाएं या बाएं से दर्शन करना भी अशुभ नहीं है। माना जाता है कि श्रीगणेश की पीठ के दर्शन करने से घर परिवार पर दरिद्रता का प्रभाव बढ़ जाता है। घर में श्रीगणेश की बहुत सारी मूर्तियां न रखें। पूजा स्थान पर एक साथ श्रीगणेश की तीन मूर्तियां कभी न रखें। पीत वर्ण के गणपति सर्वोत्तम माने जाते हैं। श्रीगणेश को कभी तुलसी दल अर्पित न करें। बच्चों के कमरे में उनकी मूर्ति लगाएं। शयन कक्ष में भगवान की मूर्ति न रखें और श्रीगणेश जी की तो कभी नहीं। घर में सकारात्मक ऊर्जा के लिए आम, पीपल एवं नीम से बने श्रीगणेश की मूर्ति लगाएं। इसे हमेशा घर के मुख्य द्वार पर लगाएं। घर में श्रीगणेश की वही मूर्ति स्थापित करें, जिसमें उनकी सूंढ़ बाईं ओर हो। कार्यस्थल पर खड़े हुई मुद्रा में श्रीगणेश का चित्र लगाना चाहिए। उनके दोनों पैर जमीन का स्पर्श करते हुए हों। इससे कार्यक्षेत्र में स्थिरता आती है। घर में सदैव बैठे हुए श्रीगणेश की मूर्ति रखना चाहिए। इससे परिवार में सुख शांति आती है।

## पर्यटन



# धनुषकोटि कभी समृद्ध नगर था पर आज भुतहा शहर से जाने जाता है

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि हमारे देश मे एक ऐसा शहर भी है जिसे भुतहा शहर कहा जाता है। यह शहर जिसे भुतहा कहा जाता है वहां कभी समृद्ध धार्मिक नगर था और जीवित संस्कृति सांस लेती थी। आइए आप भी जानिए हमारे साथ-साथ इसके भुतहा होने की कहानी को। रामेश्वरम से रामसेतु की और जाते समय ऑटोरिक्शा वाले ने कुछ खंडहरों की ओर इशारा कर बताया कि साहब ये जो खंडहर नज़र आ रहे है यहां कभी एक बड़ा अच्छा आबाद नगर था। इसे अब भुतहा शहर कहा जाता है। उसके ऐसा कहने से जिज्ञासा उत्पन्न हुई और हमने ऑटो रुकवा लिया। समुद्र के किनारे रेत पर नज़र आरहे खंडहर भवनों की ओर चल पड़े। चर्च, डिस्पेंसरी, स्कूल और कुछ अन्य भवनों के अवशेष हमारे सामने खंडहर के रूप में थे। हम जैसे ही कुछ औऱ सैलानी भी इन्हें निहार रहे थे। कैसे होंगे ये भवन इस बारे में सभी अपने-अपने अनुमान लगा रहे थे। इनके भव्य होने की कल्पना कर रहे थे और इसकी यादों को फ़ोटो और सेल्फी लेकर अपने पास संजो रहे थे। इस से पहले समुद्री उत्तपाद शंख, सीप, मोती, मनके और इनसे बने सजावटी समान बेचने की कुछ कच्ची दुकाने सजी थी। वहीं एक स्थानीय मछुआरे ने दूर इशारा कर बताया वहां एक रेलवे स्टेशन था। हमने जाकर देखा तो अब वहां मात्र स्टेशन भवन के खंडहर के अवशेष रहगये थे। इस क्षेत्र में आज कुछ मछुआरे रहते हैं जो समुंद्र से मछली पकड़ कर उनसे अपनी आजीविका चलते है। कुछ मछुआरे रामेश्वरम से सुबह आते हैं और शाम होते होते वापस लौट जाते हैं। जहां नज़र जाती थी समुंद्र ही समुंद्र था। बताते हैं कि अंग्रेजों के समय धनुषकोटि बड़ा नगर था और रामेश्वरम एक छोटा सा गांव था। उस समय यहां से श्रीलंका के लिए नौकायें चलती थी और किसी प्रकार पासपोर्ट की जरूरत नहीं होती थी। थलाईमन्नार-श्रीलंका जाने के लिए नाव का किराया 18 रुपये था। इसी के माध्यम से व्यापारिक लेनदेन भी होता था।

# नशे के कारोबारियों पर ए.एन.टी.एफ. का शिकंजा, अवैध कारोबार ध्वस्त

## ए.एन.टी.एफ. की बड़ी कार्रवाई 90 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा समेत तीन शातिर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) थाना बाराबंकी की टीम ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय तीन शातिर तस्करों को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 90 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी जा रही है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (बुलेट) भी जब्त की गई है।

सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर लंबे समय से जिले और आस-पास के इलाकों में नशे के कारोबार को अंजाम दे रहे थे। ए.एन.टी.एफ. की सक्रियता और सतर्कता ने न केवल तस्करों की कमर तोड़ी बल्कि यह भी साफ संदेश दे दिया कि जिले में नशे का अवैध धंधा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस सफलता के बाद पुलिस महकमे में ए.एन.टी.एफ. टीम की सराहना हो रही है। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए टीम को बधाई दी है। लगातार बढ़ते नशे के प्रचलन पर रोक लगाने के लिए टीम की यह कार्रवाई मील का पत्थर साबित होगी।

इस कार्रवाई से नशे का धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और ए.एन.टी.एफ. की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि अब तस्करों के लिए बाराबंकी की धरती सुरक्षित नहीं रही।

> ''ए.एन.टी.एफ. टीम ने बेहद सराहनीय काम किया है। नशे के अवैध कारोबार को जड़ से समाप्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि युवाओं को नशे के जाल से बचाया जा सके। तस्करों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।''
>
> श्री चक्रेश मिश्रा
> पुलिस अधीक्षक
> ए एन टी एफ

# ग्रामीण अभियंत्रण जेई होते हुए भी सिंचाई विभाग के जेई पर मेहरबानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। ब्लॉक रामनगर में तैनात ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता (जेई) की मौजूदगी के बावजूद क्षेत्र पंचायत निधि से कराए जाने वाले विकास कार्यों की निगरानी लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता अरुण कुमार व्यास से कराई जा रही है। यह स्थिति क्षेत्र में चर्चा और सवालों का विषय बनी हुई है। ब्लॉक प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को लेकर लोगों में गहरा रोष है। सामान्यतः ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत निधि से होने वाले कार्यों की जिम्मेदारी वहीं तैनात ग्रामीण अभियंत्रण के अवर अभियंता की होती है। परंतु, स्थानीय स्तर पर ल्लऊपर से कृपाङ्क और ल्लभीतरखाने समझौतेङ्क के चलते लघु सिंचाई के अवर अभियंता को यह जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इतना ही नहीं, जन चर्चा है कि मनरेगा के कुछ कार्य भी उनके हवाले हैं, जबकि यह नियम और प्रक्रिया के पूरी तरह विपरीत है।

ब्लॉक के कुछ कर्मचारियों का आरोप है कि यह ल्लजिम्मेदारी का बदलावङ्क किसी तकनीकी कारण से नहीं बल्कि कमीशनखोरी की वजह से हुआ है। दबी

## अव्यवस्था और कमीशनखोरी की भेंट चढ़े विकास कार्य

जुबान से कर्मचारियों का कहना है कि काम देख रहे जेई से अपेक्षित 'कटौती' और 'हिस्सेदारी' न मिल पाने के कारण उनको किनारे कर दिया गया और लघु सिंचाई के जेई को अधिकतर काम सौंप दिए गए। स्थिति यह है कि अब आधे से अधिक विकास कार्य नियमविरुद्ध तरीके से लघु सिंचाई विभाग के जेई को सौंपे जा चुके हैं। इसके चलते वह अपने मूल विभागीय कार्यों को देख ही नहीं पा रहे। नतीजा यह है कि किसान और लाभार्थी जब अपने कार्यों के लिए ब्लॉक या सिंचाई विभाग का चक्कर लगाते हैं तो उन्हें निराशा और बैरंग लौटना पड़ता है।

यह भी सच है कि नियमों के अनुसार विशेष परिस्थितियों में किसी दूसरे विभाग को कुछ कार्य सौंपे जा सकते हैं, मगर यहाँ तो आधे से ज्यादा कार्य ठेके के रूप में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। यह स्थिति भ्रष्टाचार, पक्षपात और जिम्मेदारी से बचने का खुला प्रमाण मानी जा रही है।

इस पूरे मामले पर डीडीओ भूषण कुमार का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यदि खंड विकास अधिकारी से बातचीत में यह तथ्य सही पाया गया तो दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर यदि सवालों पर गौर करे तो जब ब्लॉक में ग्रामीण अभियंत्रण के जेई पहले से तैनात हैं तो दूसरे विभाग के जेई को जिम्मेदारी क्यों दी गई?

क्या यह केवल संयोग है कि अधिक कमीशन देने वाले जेई को जिम्मेदारी मिली?

किसानों और आमजन के हित की अनदेखी कर विभागीय कामकाज ठप कर देना लापरवाही या जानबूझकर भ्रष्टाचार का हिस्सा है?

क्या प्रशासन केवल शिकायत आने पर जागेगा, या फिर नियमित रूप से निगरानी करेगा?

यह पूरा प्रकरण स्पष्ट करता है कि विकास कार्यों की प्राथमिकता जनता नहीं बल्कि कमीशन और भ्रष्टाचार है। अधिकारी अपने-अपने विभागीय दायित्व भूलकर सिर्फ अपनी 'सुविधा' और 'फायदे' के हिसाब से जिम्मेदारियां बांट रहे हैं। इसका सीधा खामियाजा आमजन और किसान भुगत रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

# एसडीएम और एआरटीओ उतरे सड़क पर, तीन ट्रैक्टर-ट्राली सीज, दर्जनों वाहनों के चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सड़क पर दौड़ते बेतरतीब वाहन अब बख्शे नहीं जाएंगे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को प्रशासन और परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाते हुए बड़ा अभियान चलाया। सिरौलीगौसपुर की सड़कों पर अचानक एसडीएम प्रीति सिंह और एआरटीओ अंकिता शुक्ला खुद उतर आईं। साथ में सीओ गरिमा पंत और यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम भी मौजूद रही। अभियान के दौरान तीन अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर ही सीज कर दी गईं, वहीं दर्जनों वाहन चालकों पर भारी जुर्माना ठोका गया। प्रशासन की इस सख्ती से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक चेकिंग से बचने के लिए गली-कूचों और वैकल्पिक मार्गों से भागते नजर आए। चेकिंग अभियान में जहां नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा गया, वहीं दूसरी ओर लोगों को सुरक्षित यात्रा का संदेश भी दिया गया। एसडीएम ने बाइक सवारों को हेलमेट पहनने और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने साफ कहा ल्लजीवन की कीमत कुछ सेकंड की लापरवाही से कहीं ज्यादा है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।ङ्क यह पहली बार है जब प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारी सड़क पर उतर कर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते दिखे। इससे साफ संदेश गया कि जिला प्रशासन सड़क पर अव्यवस्था और लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलते रहेंगे। जो वाहन चालक अब भी सुधरने को तैयार नहीं हैं, उन्हें भारी जुर्माना और वाहन सीज की कार्रवाई झेलनी पड़ेगी।

## खाकी से त्रस्त डीएम से मिला फोटोग्राफर प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। गुरुवार को बाराबंकी फोटोग्राफर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी से मिला, और कवरेज में पुलिस द्वारा व्यवधान से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व रहे संरक्षक राजेंद्र वर्मा फोटो वाला, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र पटेल व गिरीश अरोड़ा ने जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी को बताया कि शादी विवाह एवं अन्य समारोह में फोटोग्राफर द्वारा ड्रोन कवरेज की जाती हैं तो स्थानीय चौकी एवं थानों के पुलिसकर्मी परेशान करते हैं और फोटोग्राफरों से ड्रोन उड़ाने की परमिशन एवं लाइसेंस की मांग करते हैं। जबकि शासन व प्रशासन द्वारा अभी तक ड्रोन कवरेज से संबंधित कोई भी गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। एसोसिएशन के कहना था कि ये कोई गाइडलाइन जारी है यह लाइसेंस का प्राविधान है तो हम पालन करने के लिए तैयार है।गाइड लाइन उपलब्ध हो जाए तो फोटोग्राफर लाइसेंस का आवेदन कर सकें। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष अखिल जायसवाल ,महामंत्री चमन भारती विमलेश बाजपेई ,रमन निगम ,रोहित शर्मा, राजन सोनी, दिलीप यादव, रोहित वर्मा सहित तमाम फोटोग्राफर उपस्थित रहे।

## तीज मेले की दृष्टिगत एसडीएम ने की बैठक



रामनगर बाराबंकी। महादेवा में कजरी तीज मेले की तैयारियों को लेकर उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल ने महादेवा पुलिस चौकी पर अधिकारियों के साथ बैठक की।महादेवा धाम का निरीक्षण कर 25 व 26 अगस्त को लगने वाले मेले में लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा सफाई व अन्य सुविधाओं को लेकर निर्देश दिए गए।एसडीएम ने बैरिकेडिंग स्नान घाटों की सुरक्षा प्रकाश व्यवस्था शौचालयों की सफाई और मलबा हटाने जैसे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।साथ ही कॉरिडोर योजना से जुड़े निर्माण कार्यों को भी मेले से पहले पूरा करने पर ज़ोर दिया।इस मौके पर सीओ गरिमा पंत तहसीलदार विपुल सिंह बीडीओ जितेंद्र कुमार सीएचसी अधीक्षक प्रणव श्रीवास्तव व थाना प्रभारी अनिल पांडे मौजूद रहे।

## सादगी से मनाया सिद्धार्थ ने जन्मोत्सव

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा नेता पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने गुरुवार को अपना जन्मदिन बड़ी ही सादगी व समाजसेवा के साथ मनाया।उन्होंने महादेवा मठ में भगवान श्रीलोधेश्वर महादेवजी का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया।फिर सफ़ेदाबाद के भुहेरा स्थित मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम पहुँचे जहाँ उन्होंने वृद्धजनों को भोजन कराया और उपहार भेंट किए।सिद्धार्थ ने अपने दिवंगत मातापिता की स्मृति में यह सेवा कार्य किया।इस मौके पर आकाश त्रिपाठी कमलेश गौरव मिश्र अतुल मिश्र व पंकज मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक व छात्र छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की बसारा ग्राम पंचायत स्थित राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में गुरुवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत अध्यापकों व विद्यार्थियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। इस अवसर पर प्रवक्ता नीलेश कुमार सिंह एवं योगिंदर कौर ने अपने संबोधन में कहा कि नशा मानव जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है। इसलिए हमें स्वयं भी नशे से दूर रहना चाहिए और अपने परिचितों को भी तंबाकू व अन्य नशे से बचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज बनाने में हम सभी की अहम भूमिका है, इसे गंभीरता से निभाना जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ और सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया भगवान वासुदेव की छठी

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में गुरुवार को छठी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का कन्हैया डोल पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर में घुमाया गया।इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय रहा।जगह- जगह श्रद्धालू भक्तजनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा आराधना की गई।वही डीजे पर बजते भक्तिमय गीतों पर नाचते थिरकते श्रद्धालू भक्तजनों का मनभावन नजारा देखते ही बन रहा था।

## पंचायत सहायकों ने किया कार्य बहिष्कार, ज्ञापन सौंपा

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंचायत सहायकों ने एग्रीस्टैक डिजिटल क्राप सर्वे कार्य का बहिष्कार किया है। उनका कहना है कि इस प्रकार अन्य विभागीय कार्यों के करने से उनके मूल कार्य पर प्रभाव पड़ेगा। इसका कड़ा विरोध करते हुए पंचायत सहायकों ने गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन भी दिया। पंचायत सहायक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की ओर से डीएम को भेजे गए ज्ञापन में डिजिटल क्राप सर्वे कार्य करने में पंचायत सहायकों की असमर्थता एवं इस कार्य से पृथक किए जाने का अनुरोध किया गया है। पंचायत सहायकों का कहना है कि अधिकांश पंचायत सहायकों के पास उचित क्षमता के संसाधन नहीं हैं। पंचायत सहायक ग्राम पंचायत के सचिवालय में एकमात्र कर्मचारी हैं। उनके फील्ड में जाने से सचिवालय का संचालन बाधित होता है। एग्रीस्टैक क्राप सर्वे पूर्णतया कृषि विभाग का कार्य है। यह पंचायती राज विभाग की नियमित कार्यसूची में सम्मिलित नहीं है। इसकी वजह से विभागीय कार्य करने में पंचायत सहायकों के मूल कार्य जैसे सचिवालय संचालन, जन सेवा केंद्र, पत्राचार, रिकार्ड संधारण आदि प्रभावित होंगे। इस मौके पर हंसराज वर्मा, जितेंद्र कुमार, अखिलेश, विनय कुमार, निहाल अहमद,पिन्टू , आरती, प्रिया, शालिनी, शिखा, चंद्रकेश, अंकिता, सैय्यदा बानो आदि पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## फोन पर बात करता राहगीर हादसे का शिकार, दर्दनाक मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती रात्रि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चौपुला पुल के निकट हाइवे के किनारे फोन पर बात कर रहा व्यक्ति वहां की चपेट में आ गया। रात भर जितनी गाड़ियां निकली शव को कुचलती गई। पुलिस ने छत विचहत शो कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।मृतक देवा क्षेत्र का निवासी बताया गया है जो किसी रिश्तेदार को अस्पताल देखने आया था। बताते हैं कि देवा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहंजर निवासी 40 वर्षीय वली मोहम्मद पुत्र साबित अली बीती रात्रि चौपुला के निकट मैसूर अस्पताल मे भर्ती अपने एक रिस्तेदार को देखने गया था तथा रात्रि मे वही रुक गया मध्य रात्रि करीब साढ़े 12 बजे के आसपास वली मोहम्मद हाइवे के किनारे मोबाइल से बात कर रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने बुरी तरह से कुचल दिया जिसकी मौक़ेपर ही मौत हो गयी इस दौरान कई अन्य वाहन शव से गुजर गये जिससे शव पुरी तरह क्षतविक्षत हो गया सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र अली मोहम्मद , अली अहमद व 6 माह की पुत्री है।घटना से गांव में अशोक की लहर है।

## पूरनपुर पुलिस को मिली सफलता गौकशी के दो आरोपी गिरफ्तार तीन फरार

पूरनपुर । कुछ दिन पूर्व पूरनपुर के जसवंतपुर गांव मे रात मे एक खेत गौकशी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसकी भनक लगते ही हिन्दू संगठनों ने विरोध किया था जिसमें अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था वही पूरनपुर पुलिस ने गौकशी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 21 अगस्त को पीलीभीत-खुटार रोड पर हरिपुर कलां नहर के पास से दो आरोपियों को धर दबोचा आरोपियों की पहचान मोहसिन रजा और मेहताब बेग के रूप में हुई दोनों जादौपुर गहलुईया के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से गौकशी के उपकरण और एक बिना नंबर प्लेट की हीरो मोटरसाइकिल बरामद की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने तीन अन्य साथियों नईम खाँ, गौस मोहम्मद और बाबू बेग के साथ मिलकर मांस बेचने के लिए गौवंशीय पशु की हत्या की थी।

# ''छठी पर्व पर निकली शोभा यात्रा, श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी । कस्बा जैदपुर मोहल्ला लोधपुरवा स्थित शिव मंदिर से श्री शिव शंकर धर्मार्थ समिति के संरक्षक शैलेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गुरुवार को खूब धूम धड़ाके के साथ भगवान श्री राधा कृष्ण जी की पालकी शोभा यात्रा निकाली गई । यह बताते चले कि कस्बा जयपुर के विभिन्न मोहल्ले से श्री कृष्णा डोल झांकियां शिव मंदिर में एकत्र होकर वहां से विधि विधान पूजा के पश्चात अपने निर्धारित मार्गो घढी कदीम बाध चौराहा छोटी बाजार बड़ी बाजार सिनेमा हॉल होते हुए मंगाताल पहुंची।

जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं में प्रतिभाग किया । आतिशबाजी ,ऊंट , घोड़े , डीजे ब्रास बैंड , भांगड़ा , शंख , घंटा , घड़ियाल नृत्य मण्डली एवं अन्य वाद्य यंत्र शोभायात्रा की खूबसूरती में चार चांद लगाते दिखाई दिए । सभी श्रद्धालु हाथो में भगवा ध्वज लिए हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाते बड़ी तन्मयता के साथ चलते नजर आए तो वही दूसरी ओर पालकी शोभा यात्रा में शामिल श्री राधा कृष्ण जी की सुंदर मनोरम झांकियां अति शोभायमान लग रही थी जगह जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा श्री राधा कृष्ण जी की पूजा आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया । पालकी शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से होती हुई मंगाताल मेला स्थल पहुंची जहां पर श्री कृष्ण राधा जी की लीलाओं का कीर्तन भजन के माध्यम से सफल मंचन किया गया! शोभा यात्रा में शामिल प्रमुख लोगो में शैलेंद्र जैसवाल , रामकिशोर गुप्ता , गुलशन गुप्ता , मनोज मिश्र राजन , कृष्ण गोपाल सोनी , शिवेंद्र सोनी, गायत्री जैसवाल , जितेंद्र वर्मा , , संजय सोनी , गुडान मिश्रा , राकेश रावत , चेयरमैन अंसारी , विवेक मौर्य , श्यामू जैसवाल एवं मदन गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट ,पांच सगे भाइयों को चार वर्ष का कारावास, अर्थ दण्ड भी

बाराबंकी। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अमित सिंह प्रथम ने यू पी गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) के तहत दरियाबाद थाने द्वारा दर्ज एक मुकदमें का फैसला सुनाते हुए पांच आरोपियों को चार, चार वर्ष की कैद तथा प्रत्येक को दस हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया। विशेष लोक अभियोजक रमेश वर्मा ने बताया कि थाना दरियाबाद के प्रभारी निरीक्षक रहे अशोक कुमार सिंह ने 25जुलाई 2016 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि वे अपने हमराह पुलिस बल के साथ छेत्र की शान्ति व्यवस्था वा देखभाल में थे कि सैदखान पुर में ज्ञात हुआ कि वहीं के अपराधी रमेश रावत,दिनेश रावत,राकेश रावत,मुकेश रावत वा राजू उर्फ राज कुमार रावत का सु संगठित अपराधिक गिरोह है जिसका सरगना रमेश है।इस गिरोह द्वारा भौतिक लाभ के लिए सरे आम कट्टा,बम से हमला कर हत्या करना तथा रास्ते पर कट्टे वा बम से फायर कर दहशत फैला कर आतंक का माहौल पैदा कर हत्या जैसे अपराध कारित करता है।इस गैंग ने जमीन पर कब्जा करने के लिए राम समुझ रावत की तमंचा वा बम से प्रहार कर हत्या कर दी थी,यह कार्य यूपी गिरोह बन्द अधिनियम के तहत अपराध है। इसी पर विवेचना करने के उपरान्त विवेचक ने सभी पांचों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया था।

# भाजपा विधायक पर 25 लाख की रंगदारी का आरोप, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिले में भाजपा के सदर विधायक पर सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर द्वारा 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप लगने से राजनीतिक भूचाल आ गया है। प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है, वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।अखिलेश यादव ने पीड़िता शशि सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि भाजपा विधायक अब वसूली एजेंट की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि अगर इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की संलिप्तता नहीं होती, तो विधायक की अब तक गिरफ्तारी हो चुकी होती। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी वसूली के चलते निर्माण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिससे जनता की सुरक्षा को खतरा होता है।

सड़क निर्माण प्रकरणः टेबल सेटिंग से लेकर सफ़ेदपोशों की दबंगई तक

इस विवाद ने तब और तूल पकड़ा

## डैमेज कंट्रोल की कोशिशें भी नाकाम

जब मामला दबाने के लिए नगर के एक निजी होटल में बंद कमरे में कुछ पत्रकारों से मुलाकात की गई। आरोप है कि वहां टेबल के नीचे से डैमेज कंट्रोल की रणनीति तैयार की गई और मीडिया के सहारे विधायक को बचाने की कोशिश हुई। लेकिन यह कवायद 24 घंटे भी नहीं टिक सकी। मीडिया में सफाई दी गई कि विधायक सड़क निर्माण स्थल पर नहीं, बल्कि चौधरी का पुरवा गांव में शोक संवेदना प्रकट करने गए थे। वायरल वीडियो में एक बुजुर्ग अली हुसैन की मां के निधन की बात कहते हुए विधायक की उपस्थिति को अंतिम संस्कार से जोड़ने का प्रयास किया है। पड़ताल में सामने आया कि महिला की मृत्यु 16 अगस्त की रात में हुई और अंतिम संस्कार 17 अगस्त की शाम को हुआ, जबकि विधायक 16 अगस्त की दोपहर में ही विवादित स्थल पर पहुंचे थे। वायरल वीडियो भी दिन के समय का है। साथ ही, आईजीआरएस पर दर्ज शिकायत में भी यही तथ्य दर्ज है। सूत्रों के अनुसार, 17 अगस्त को विधायक के बेहद करीबी कुछ लोग गांव में दोबारा पहुंचे और लौटते समय कथित रूप से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। अब जब लोकेशन ट्रेस हो चुकी है और वीडियो फुटेज सामने आ चुके हैं, तो मारपीट करने वाले दबंग सफ़ेद-पोशों की पहचान होना तय माना जा रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि शासन-प्रशासन इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर पाएगा या नहीं? क्योंकि मामला न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि से जुड़ा है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र और मीडिया की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह सिर्फ सुलतानपुर का मामला नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में ठेकेदारों से वसूली की सुनियोजित साजिश है। सड़कें और पुल ही नहीं, भ्रष्टाचार के अनगिनत रास्ते बनाए जा रहे हैं।

# जनता त्रस्त, अपराधियों के हौसले बुलंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## रामनगर पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

रामनगर बाराबंकी प्रदेश सरकार भले ही जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देती हुई कानून-व्यवस्था को अपनी बड़ी उपलब्धि बताती हो, लेकिन हकीकत में रामनगर क्षेत्र में यह दावे खोखले साबित हो रहे हैं। आम जनता पुलिस की लापरवाह कार्यप्रणाली से निराश और परेशान दिखाई दे रही है।हाल ही में रामनगर-फतेहपुर मार्ग पर स्थित गोंदौरा मोड़ पर स्कूली छात्राओं से मनचलों ने छेड़छाड़ की। पीड़ितों ने थाना पुलिस से शिकायत की, लेकिन आरोपियों पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी तरह, लोधेश्वर मंदिर गर्भगृह में दलित युवक के साथ हुई मारपीट की घटना भी चर्चाओं में रही, किंतु यहां भी कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी गई।इसके अलावा, बढ़यापुरवा मजरे गर्री गांव में दबंगों द्वारा मुकेश कुमार की घूर पर कब्जा करने और उनके साथ-साथ उनकी पत्नी को भी पीटने का मामला सुर्खियों में रहा। इसके बावजूद पुलिस की ओर से अब तक किसी तरह की सख्ती देखने को नहीं मिली।लगातार हो रही इन घटनाओं और कार्रवाई न होने से लोगों के बीच पुलिस के प्रति गहरी नाराज़गी है। चौराहों और गलियों में जब भी पुलिस पर चर्चा होती है, तो जनता नकारात्मक ही राय रखती है। ''मित्र पुलिस'' की छवि पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।जनता का कहना है कि क्षेत्राधिकारी पद पर नई नियुक्ति और कानूनी पेचीदगियों की जानकारी न होने का फायदा स्थानीय पुलिस कर्मी उठा रहे हैं। किसी भी प्रकरण में क्षेत्राधिकारी से बात करने पर वह सीधे कोतवाली से संपर्क करने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेती हैं। इससे साफ है कि अनुभव की कमी पुलिसिया मनमानी को और बढ़ावा दे रही है।स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इस क्षेत्र में कोई अनुभवी व ईमानदार पुलिस अधिकारी तैनात किया जाए तो अपराध पर अंकुश लग सकता है और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति भी वास्तविक धरातल पर उतर सकती है।


श्यामा देवी कालेज ऑफ एजूकेशन, बड़ेल, फैजाबाद रोड, बाराबंकी-225001

Email: shyamadevi.education@gmail.com
Web: www.shyamadevi.org
Mob. No. 9451364738, 7905143234

आवश्यकता है

स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित महाविद्यालय में कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) हिन्दी-प्रवक्ता 01 पद। (2) अंग्रेजी-प्रवक्ता 01 पद। (3) समाज शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (4) शिक्षा शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (5) राजनीति शास्त्र-प्रवक्ता 01 पद। (6) गृहविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद। (7) भूगोल-प्रवक्ता 01 पद। एवंविज्ञानसंकाय के अंतर्गत बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम हेतु-(1) गणित-प्रवक्ता 01 पद। (2) जीवविज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।(3) रसायन विज्ञान-प्रवक्ता 01 पद।

हेतु निम्न लिखित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है:-

नोटः-शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान डॉ0 रा.म.लो.अ.वि.वि. अयोध्या/यू.जी.सी./उत्तर प्रदेश सरकार के नियमानुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी अपना बायो डाटा समस्त शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाणपत्र, पैनकार्ड, आधारकार्ड,02 कलर फोटोग्राफ के साथ 02 प्रतियों में विज्ञापन प्रकाशन के 15 कार्य दिवसों में स्पीड पोस्ट अथवा महाविद्यालय में आकर आवेदन जमा करें।

इं0 अभिनव गुप्ता
(प्रबन्धक)

## यूपी योद्धाज ने प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए अपनी नई जर्सी पेश की

एजेंसी

लखनऊ । जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धाज ने गुरुवार को लखनऊ में आयोजित जर्सी अनावरण कार्यक्रम में आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए अपनी नई जर्सी पेश की। यूपी योद्धा़ज 30 अगस्त को विशाखापट्टनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स के खिलाफ अपना सीजन ओपनर खेलेंगे। योद्धा़ज ने एक बार फिर जीएमआर स्पोर्ट्स की मूल दर्शनशैली प्रतिभा को संवारना, युवाओं को बढ़ावा देना और दीर्घकालिक उत्कृष्टता के दृष्टिकोण के साथ टीमों का विकास करना को दोहराया। इसी दर्शन के अनुरूप टीम ने सुमित सांगवान को कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है, जो दोनों सीज़न 7 से इस फ्रेंचाइज़ी से जुड़े हुए हैं।



जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने कहा, ''हमारी सोच हमेशा टीम में निरंतरता और सकारात्मक माहौल बनाए रखने की रही है। हम युवा प्रतिभाओं को अवसर देने और दीर्घकालिक दृष्टि से टीम बनाने में विश्वास करते हैं। जैसे ही यू.पी. योद्धा़ज नए सीज़न में कदम रख रहे हैं, हम इसी सकारात्मक सोच और अपनी अटूट प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते रहेंगे। मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा,ल्लहमने एक ऐसी टीम बनाई है, जो अनुभव और नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच संतुलन स्थापित करती है। हमारा ध्यान युवा खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ स्वतंत्रता से खेलने का मौका देने पर रहा है, वहीं वरिष्ठ खिलाड़ी उन्हें मार्गदर्शन और स्थिरता प्रदान करेंगे। हम अच्छी तैयारी कर रहे हैं और मज़बूत प्रदर्शन के लिए आश्वस्त हैं।

नवनियुक्त कप्तान और स्टार डिफेंडर सुमित सांगवान ने कहा, ल्लसीज़न 12 में यू.पी. योद्धा़ज का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। टीम ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसे मैं मैट पर मज़बूत प्रदर्शन देकर लौटाना चाहता हूँ। हमारी टीम एकजुट है और प्रशंसकों के समर्थन के साथ हम इस सीज़न को यादगार बनाने के लिए दृढ़संकल्प हैं।

इस सीज़न में योद्धा़ज ने अपने 13 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिससे टीम का कोर मज़बूत बना हुआ है, वहीं नीलामी से कुछ महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को जोड़कर टीम को और भी सशक्त बनाया गया है। आशु सिंह उप-कप्तान के रूप में सुमित के साथ मिलकर मैट पर टीम की रीढ़ को मज़बूत करेंगे। इसके अलावा युवा योद्धा़ज (टीम की विकासात्मक इकाई) से छह खिलाड़ियों को पदोन्नत किया गया है। ये खिलाड़ी यूपी योद्धाज अकादमी में प्रशिक्षण पाते हैं, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और विश्वस्तरीय ट्रेनिंग प्रदान करती है। यह अकादमी उत्तर प्रदेश भर से कबड्डी की प्रतिभाओं को निखारकर टीम के दीर्घकालिक विज़न को आगे बढ़ा रही है।

## भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल मुकाबलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया

एजेंसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने साफ कर दिया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अब किसी भी तरह के द्विपक्षीय खेल मुकाबले नहीं होंगे। चाहे क्रिकेट हो या कोई और खेल, भारतीय टीमें पाकिस्तान नहीं जाएंगी और न ही पाकिस्तानी टीमें भारत आ सकेंगी। सरकार ने भारत को विश्वसनीय खेल आयोजक के रूप में पेश करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख कायम रखा है।



खेल मंत्रालय ने नई नीति की घोषणा करते हुए कहा कि यह निर्णय भारत की समग्र पाकिस्तान नीति के अनुरूप है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय खेल आयोजनों पर रोक रहेगी। भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान में किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और पाकिस्तान की टीमें भारत नहीं आ सकेंगी।

बहुपक्षीय टूर्नामेंट जारी रहेंगे

हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया कि एशिया कप जैसे बहुपक्षीय आयोजनों पर यह रोक लागू नहीं होगी। मंत्रालय ने कहा कि भारत ओलंपिक चार्टर और वैश्विक नियमों का पालन करेगा, इसलिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने हो सकते हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ल्लभारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप खेलेगी, क्योंकि यह बहुपक्षीय आयोजन है, लेकिन पाकिस्तान को भारत की जमीन पर किसी भी द्विपक्षीय प्रतियोगिता की अनुमति नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीकेएल 12 : दबंग दिल्ली केसी के कप्तान बने आशु मलिक

नई दिल्ली। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीज़न 12 में दबंग दिल्ली केसी एक बार फिर नई ऊर्ज़ा के साथ उतरने को तैयार है। टीम ने पिछले सीज़न की तरह इस बार भी युवा रेडर आशु मलिक को कप्तान बनाए रखने की घोषणा की है। आशु सीज़न 11 में टॉप स्कोरर थे। सिर्फ 22 साल की उम्र में ही आशु ने लगातार शानदार प्रदर्शन और परिपक्व नेतृत्व क्षमता दिखाई है। दिल्ली की टीम पिछले छह सीज़नों से लगातार प्लेऑफ़ तक पहुंची है और इस बार भी आशु की अगुवाई में खिताब जीतने की उम्मीद कर रही है। टीम के सीईओ प्रशांत मिश्रा ने कहा, ल्लयह सीज़न हमारे लिए बेहद अहम है। लगातार छह बार प्लेऑफ़ तक पहुंचने के बाद अब हमारा लक्ष्य खिताब जीतना है। इसके लिए मजबूत नेतृत्व की जरूरत होती है और आशु ने खुद को इस भूमिका के लिए साबित किया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्य कोच जोगिंदर नरवाल ने भी आशु पर भरोसा जताते हुए कहा,ल्लआशु मलिक ने पिछले सीज़न में लगातार टीम को आगे बढ़ाया और एक अच्छे लीडर के रूप में खुद को स्थापित किया। इस बार हमारा लक्ष्य सिर्फ प्लेऑफ़ तक सीमित नहीं है बल्कि चैंपियनशिप जीतना है। दबंग दिल्ली केसी अपना पहला मुकाबला 2 सितंबर को बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ खेलेगी। आशु मलिक की कप्तानी में टीम इस सीज़न में नई ऊर्ज़ा और जीत के जज्बे के साथ मैदान में उतरेगी।

### ओलंपिक चैम्पियन इमान खलीफ ने संन्यास की खबरों का किया खंडन

नई दिल्ली । अल्जीरियाई मुक्केबाज़ और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता इमान खलीफ ने बुधवार को अपने पूर्व मैनेजर द्वारा किए गए दावे को खारिज कर दिया कि वह बॉक्सिंग से संन्यास ले रही हैं। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 66 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण जीतने वाली खलीफ ने सोशल मीडिया पर लिखा, ल्लमैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरे संन्यास की खबरें पूरी तरह झूठी हैं। 26 वर्षीय खलीफ ने अपने पूर्व मैनेजर नासिर यस्फाह पर भरोसा तोड़ने और झूठे बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ल्लयह व्यक्ति अब किसी भी रूप में मेरा प्रतिनिधित्व नहीं करता। मैंने कभी संन्यास की घोषणा नहीं की। मैं अपने खेल करियर के प्रति पूरी तरह समर्पित हूं। अल्जीरिया और क़तर में नियमित अभ्यास कर रही हूं और आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही हूं। गौरतलब है कि फ्रांसीसी अख़बार नाइस मातिन ने बुधवार को उनके पूर्व मैनेजर के हवाले से दावा किया था कि खलीफ ने बॉक्सिंग छोड़ दी है। विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप 4 से 14 सितंबर तक लिवरपूल में आयोजित की जानी है, जिसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि सोमवार तक है।

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने इस साल जून में 19.37 लाख नए सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून महीने में 19.37 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। इनमें से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 9.58 लाख लोग हैं, जो कुल पंजीकरण का 49.50 फीसदी हैं। इस अवधि में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.13 लाख रहा। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि ईएसआईसी की अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि जून में 19.37 लाख नए कर्मचारी जुड़े। इनमें से 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के 9.58 लाख लोग हैं जो कुल पंजीकरण का 49.50 फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक जून में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 4.13 लाख रहा। इसके अलावा कुल 87 ट्रांसजेंडर कर्मचारी भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत थे। मंत्रालय ने कहा कि जून में कुल 34,762 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार यह पेरोल आंकड़े अस-?थायी हैं, क्योंकि आंकड़े तैयार करना एक सतत प्रक्रिया है।

### अजिंक्य रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी

नई दिल्ली। वरिष्ठ बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। रहाणे ने कहा कि वह अब भी गर्व के साथ मुंबई के लिए खेलते रहेंगे लेकिन नए सीजन में टीम को एक नया कप्तान मिलना चाहिए। रहाणे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ल्लमुंबई टीम की कप्तानी करना और खिताब जीतना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

## अजिंक्य रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी

एजेंसी

नई दिल्ली। वरिष्ठ बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। रहाणे ने कहा कि वह अब भी गर्व के साथ मुंबई के लिए खेलते रहेंगे लेकिन नए सीजन में टीम को एक नया कप्तान मिलना चाहिए।



रहाणे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ल्लमुंबई टीम की कप्तानी करना और खिताब जीतना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सत्र की शुरुआत से पहले मुझे लगता है कि अब नए कप्तान को तैयार करने का सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला लिया है। बतौर खिलाड़ी मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेलता रहूंगा और टीम को खिताब दिलाने की कोशिश करूंगा। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) की चयन समिति पहले ही नए कप्तान की तलाश में थी और रहाणे ने इसे सहजता से स्वीकार कर लिया। रहाणे की अगुवाई में मुंबई ने 2023-24 सीजन में आठ साल का खिताबी सूखा खत्म करते हुए 42वां रणजी खिताब जीता था। हालांकि, टीम पिछले सीजन सेमीफाइनल में विदर्भ से हारकर खिताब बचाने में नाकाम रही।द्व कप्तान के तौर पर रहाणे का रिकॉर्ड अच्छा रहा, लेकिन उनका बल्ला निरंतरता नहीं दिखा पाया। 2023-24 सीजन में उन्होंने 13 पारियों में सिर्फ 214 रन बनाए, जो उनके करियर का सबसे खराब रणजी प्रदर्शन रहा। अगले सीजन में उन्होंने 467 रन बनाए, लेकिन उनका औसत 35.92 ही रहा। अब कप्तानी छोड़ने के बाद रहाणे पर बतौर बल्लेबाज अपनी जगह बनाए रखने का दबाव रहेगा, क्योंकि कई युवा खिलाड़ी चयन के लिए तैयार हैं। चयन समिति की अगुवाई कर रहे संजय पाटिल को अब नया कप्तान तय करना होगा। श्रेयस अय्यर के अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण पूरे सीजन से बाहर रहने की संभावना है। ऐसे में शार्दुल ठाकुर सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। हाल ही में उन्हें दलीप ट्रॉफी में वेस्ट ज़ोन की कप्तानी सौंपी गई थी। वहीं, उपकप्तान शम्स मुलानी और सिद्धेश लाड भी विकल्प हो सकते हैं।

## लीग्स कप 2025: सुआरेज के दो गोलों से इंटर मियामी की जीत

एजेंसी

मियामी। इंटर मियामी ने अपने स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दम पर लीग्स कप क्वार्टर फाइनल में टाइग्रेस यूएएनएल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। 38 वर्षीय उरुग्वे स्ट्राइकर ने दोनों हाफ में पेनल्टी पर गोल दागे और लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी में टीम के लिए हीरो बने। मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मुकाबले से बाहर रहे। हालांकि, वे 2 अगस्त को चोटिल होने के बाद पिछले हफ्ते लॉस एंजिलिस गैलेक्सी के खिलाफ लौटे थे और सब्सटीट्यूट के रूप में उतरकर गोल भी किया था। लेकिन क्वार्टर फाइनल में कोच ने उन्हें आराम देने का फैसला किया। मैच का पहला गोल 20वें मिनट में आया जब टाइग्रेस डिफेंडर जेवियर एक्विनो के हैंडबॉल पर रेफरी ने पेनल्टी दी और सुआरेज ने इसे गोल में बदल दिया। इसके बाद मैदान पर गरमा-गरमी भी देखने को मिली, लेकिन सुआरेज ने साथी खिलाड़ियों को शांत किया।

हाफटाइम पर इंटर मियामी के कोच जेवियर माशेरानो को रेफरी से बहस करने पर लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। 67वें मिनट में एंजेल कोरिया ने दो डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दागकर टाइग्रेस को बराबरी दिलाई। लेकिन 87वें मिनट में एक बार फिर एक्विनो के हाथ से गेंद लगने पर पेनल्टी मिली और सु'न्द्र्भ ने गोलकीपर नहुएल गुजमान को धोखा देते हुए दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी।इंटर मियामी ने 2023 में मेसी के पहले सीजन में लीग्स कप जीता था और अब टीम खिताब दोबारा हासिल करने की राह पर है। लीग्स कप के इस दौर के अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में टोलुका बनाम ऑरलैंडो सिटी, एलए गैलेक्सी बनाम पाचुका और सिएटल साउंडर्स बनाम प्यूब्ला के मैच खेले जाने हैं। ट्रॉफी के अलावा इस टूर्नामेंट से कॉनकाकाफ चैंपियंस कप का टिकट भी दांव पर है।

## महिला एशिया कप: भारतीय हॉकी टीम घोषित, सलीमा टेटे के हाथों में होगी कमान

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को हांगझोउ (चीन) में 5 से 14 सितंबर तक होने वाले महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट बेहद अहम है क्योंकि इसके विजेता को सीधे एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 का टिकट मिलेगा। भारत को पूल-बी में जगह मिली है, जहां उसका मुकाबला जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपना पहला मैच 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 6 सितंबर को जापान से और 8 सितंबर को सिंगापुर से भिड़ेगी। टीम की कमान सलीमा टेटे को सौंपी गई है।

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ल्लहमने जिस टीम का चयन किया है, उसमें अनुभव और युवा खिलाड़ियों का संतुलन है। खिलाड़ी आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप सिर्फ एक प्रतिष्ठित खिताबी टूर्नामेंट ही नहीं बल्कि विश्व कप क्वालिफिकेशन का भी मौका है। हर मैच हमारे धैर्य, फिटनेस और रणनीति की परीक्षा होगा और हमें विश्वास है कि यह टीम भारत को गर्व महसूस कराएगी।

भारतीय टीम इस प्रकार है-

गोलकीपर- बनसारी सोलंकी बिचु देवी खरिबाम।

डिफेंडर- निक्की प्रधान, उदिता, मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और ईशिका चौधरी।

मिडफील्डर- सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा,लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के।

फॉरवर्डस- नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज़ खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुताजा ददासो पिसाल।

## उप्र राज्य स्तरीय रोल बाल प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद की अंडर 11 और 17 की टीम चयनित

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी कांठ रोड में गुरुवार को जिला स्तरीय रोल बॉल की अंडर 11 और 17 टीम का चयन किया गया। जिसमें जिले के 10 से अधिक स्कूलों के 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिला रोल बाल सचिव शाहवेज अली ने बताया कि अंडर 11 बालक वर्ग में अविराज सिंह, सक्षम, पुरु भटनागर, अगस्त्या सिंह, यशिमत, युग अग्रवाल का चयन हुआ। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में विवान अग्रवाल, विहान अग्रवाल, सिद्धांत कुमार, आयुष वर्मा, राघव विश्नोई, शुभ सिंघल, वैकुंठ यादव, वेदांग यादव, पर्व, दिव्यांश, प्रीत चौधरी का चयन हुआ। अंडर 17 बालिका वर्ग वैष्णवी कश्यप, प्रभुश्री, चारु, पीहू सिंघल, कृतिका पाल का चयन हुआ। चयन प्रक्रिया कोच शाहवेज अली, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सचिन सैनी व राष्ट्रीय रेफरी तरुण यादव ने किया। जिला सचिव ने बताया कि 16वीं मिनी व 18वीं जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश रोल बॉल प्रतियोगिता आने वाली 30 अगस्त से 1 सितम्बर 2025 तक लखनऊ चौक स्टेडियम में आयोजित होगी। जिसमें उत्तर प्रदेश के लगभग 20 जिलों की 40 टीमें हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर आरएसडी एकेडमी के निदेशक डा. विनोद कुमार, डा. जी कुमार, डा अजय शर्मा, डा. गरिमा शर्मा, डा. गौरव कुमार आदि ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं व उनका मनोबल बढ़ाया।



## खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल 2025' में उतरेगा देश का युवा जोश, मप्र के खिलाड़ी भी ले रहे भाग

एजेंसी

भोपाल। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर की शान मानी जाने वाली डल झील अगले तीन दिनों तक खेल और उत्सव के रंगों में रंगी रहेगी। इस ऐतिहासिक और खूबसूरत झील में आज गुरुवार से शुरू हुआ पहला ल्लखेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल-2025ङ्क न केवल खिलाड़ियों के हुनर की परीक्षा है, बल्कि जल क्रीड़ाओं को नई पहचान देने का भी प्रयास है। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश के कोने-कोने से आए करीब 400 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट जैसी स्पर्धाएं झील की लहरों पर खिलाड़ियों की ताकत और संतुलन की कहानी लिखेंगी। शिकारा स्प्रिंट को डेमो खेल के रूप में रखा गया है, जो कश्मीर की सांस्कृतिक पहचान को खेल के मंच पर भी प्रदर्शित करेगा।



इस आयोजन में मध्य प्रदेश का 54 सदस्यीय दल भी शामिल है, जिसमें 44 खिलाड़ी और 10 सहयोगी स्टाफ हैं। प्रदेश के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में रोइंग और क्याकिंग-केनोइंग स्पर्धाओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दल का नेतृत्व वॉटर स्पोर्ट्स रोइंग अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक दलबीर सिंह कर रहे हैं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मप्र के खिलाड़ियों को लेकर कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाएँगे। डल झील का नाम सुनते ही पर्यटकों की आंखों के सामने शिकारे और हाउसबोट की तस्वीर उभर आती है। झील की यही पहचान अब खेलों के नए इतिहास से जुड़ रही है। इस आयोजन से जहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं जैसा अनुभव मिलेगा, वहीं पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। आयोजकों का कहना है कि झील का शांत और आकर्षक वातावरण खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और दर्शकों के लिए यह खेल किसी उत्सव से कम नहीं होगा। इस फ़ेस्टिवल में कुल 5 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग (पदकीय स्पर्धा), वॉटर स्कीइंग, ड्रैगन बोट रेस और शिकारा स्प्रिंट (डेमो खेल) शामिल हैं। आयोजन में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। डल झील की प्राकृतिक खूबसूरती और पर्यावरणीय महत्व को देखते हुए इस आयोजन को पर्यटन और खेलों का संगम माना जा रहा है। आयोजन समिति का मानना है कि इससे न केवल जल क्रीड़ाओं को नई पहचान मिलेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर भी खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 'खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फ़ेस्टिवल-2025' केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, यह उन युवा खिलाड़ियों के लिए मंच है जो मेहनत और समर्पण से अपने भविष्य को आकार दे रहे हैं। झील पर हर चप्पू का स्ट्रोक, हर नाव की रफ्तार और हर खिलाड़ी

## शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार छठे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इसकी चाल में गिरावट आ गई?। हालांकि, पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। हालांकि आज पूरे दिन बाजार में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। राहत की बात यही रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, आईटी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑटोमोबाइल और मेटल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.01 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब दो हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 456.19 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया।



जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 456.17 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

# पश्चिम बंगाल के लोगों में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ बढ़ रहा गुस्सा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ लगातार गुस्सा बढ़ता जा रहा है और प्रदेश की जनता का उससे मोहभंग हो गया है और वह भाजपा की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री शुक्रवार को कोलकाता में राज्य के लिए 5200 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देने के साथ मेट्रो रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

श्री मोदी ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, ज्ञमें कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करने और उनके बीच शामिल होने को लेकर उत्सुक हूं। हर गुजरते दिन के साथ टीएमसी नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। आज हमारे विकास के एजेंडे के चलते पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा की तरफ



आशा एवं उत्सुकता के साथ देख रही है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, कोलकाता के लोगों के बीच आना हमेशा सुखद होता है, यह एक ऐसा शहर जिसके विकास के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। शहर में शुक्रवार के कार्यक्रम मुख्य रूप से कनेक्टिविटी पर केंद्रित हैं। कार्यक्रम में जिन मेट्रो सेवाओं का उद्घाटन किया जाएगा, उनमें नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर, सियालदह-एस्प्लेनेड और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मार्ग शामिल हैं। हवाई अड्डे और आईटी हब क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी। श्री मोदी शहर की 13.61 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित मेट्रो नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे और इन मार्गों पर मेट्रो सेवाएं शुरू की जाएंगी। प्रधानमंत्री जेसोर रोड से नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। वह सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो सेवा और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री इन मेट्रो खंडों और हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर एक नवनिर्मित सबवे का भी उद्घाटन करेंगे। नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेवा से हवाई अड्डे तक पहुँच में उल्लेखनीय सुधार होगा। सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो के बीच यात्रा समय लगभग 40 मिनट से घटकर केवल 11 मिनट रह जायेगा। बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड आईटी हब के साथ कनेक्टिविटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ये मेट्रो मार्ग कोलकाता के सबसे व्यस्त क्षेत्रों को जोड़ेंगे जिससे यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आयेगी और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगे, जिससे लाखों दैनिक यात्रियों को लाभ होगा। यह कदम कोलकाता की परिवहन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा जो राजधानी को भविष्य की स्मार्ट मोबिलिटी से जोड़ने में अहम भूमिका अदा करेगा। परियोजनाओं के उदघाटन के बाद श्री मोदी जेसोर मेट्रो स्टेशन पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किये गये हैं।

### मोदी करेंगे 133.42 करोड़ लागत से 1449 आवासों, 130 दुकानों का लोकार्पण

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 और 26 अगस्त को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे अहमदाबाद के निकोल इलाके से 133.42 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 1449 आवासों और 130 दुकानों का लोकार्पण करेंगे। सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कार्यान्वित इस परियोजना से झुग्गियों में रहने वाले परिवारों को आधुनिक सुविधाओं युक्त उनका सपनों का घर मिलेगा। उनके नेतृत्व और राज्य मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में गुजरात में प्रधानमंत्री आवास योजना लाखों लोगों के जीवन में आशा की एक नई किरण लेकर आई है। श्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के इन-सीटू स्लम रिडेवलपमेंट घटक के तहत गुजरात सरकार के शहरी विकास और शहरी गृह निर्माण विभाग की स्लम रिहैबिलिटेशन और रिडेवलपमेंट पॉलिसी-2013 के अंतर्गत अहमदाबाद शहर के पश्चिम जोन के सरदार पटेल स्टेडियम वार्ड में स्थित रामापीरना टेकरा के नाम से पहचाने जाने वाले स्लम के सेक्टर-3 में 133.42 करोड़ रुपए के खर्च से निर्मित कुल 1449 आवासों और 130 दुकानों के पुनर्वास कार्य का लोकार्पण होगा।

## मानसून सत्र में लोकसभा में बारह विधेयक पारित हुए : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि मानसून सत्र में 14 विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा कुल 12 विधेयक पारित किए गए।

श्री बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले गुरुवार को अपने वक्तव्य में कहा कि इस सत्र में 14 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा कुल 12 विधेयक पारित किए गए। गत 28 और 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा आरंभ की गयी। उन्होंने कहा कि इस सत्र में कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, किंतु लगातार नियोजित व्यवधान के कारण केवल 55 प्रश्न ही मौखिक उत्तर हेतु लिए जा सके। हम सभी ने सत्र के प्रारंभ में तय किया था कि हम इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद करेंगे। कार्य मंत्रणा समिति में भी इस पर सहमति थी लेकिन लगातार गतिरोध और नियोजित व्यवधान के कारण हम मुश्किल से 37 घंटे ही इस सत्र में काम कर पाए।

अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में हमारे आचरण और कार्यप्रणाली को पूरा देश देखता है। जनता की हमसे बड़ी उम्मीद रहती है कि हम उनकी समस्याओं और व्यापक जनहित के मुद्दों पर, महत्वपूर्ण विधेयकों पर, संसद की मर्यादा के अनुरूप गंभीर और सार्थक चर्चा करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा अथवा संसद परिसर में नारेबाजी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा को आहत करता है। इस सत्र में जिस प्रकार की भाषा और आचरण देखा गया, वह संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाजी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए। संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए।

# भारत किसी की दादागिरी से नहीं डरता, न दबाव में आता है: शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने की पृष्ठभूमि में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार कहा कि भारत चुनौतियों से घबराता नहीं है, न किसी की दादागिरी से डरता है और न दबाब में आता है, बल्कि 'आंखों में आंखें डालकर बात करता है। चौहान ने दिल्ली में पूसा स्थित कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री ने 'आत्मनिर्भरता' की जरूरत पर जोर देते हुए साफ किया कि मोदी सरकार के लिए राष्ट्रहित व किसानों का हित सर्वोपरि है, जिससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कृषि विभाग ने अपनी बात प्रधानमंत्री के समक्ष रखी थी, ताकि किसानों के हित सुरक्षित रहें। एक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात भी कही है, जिसे उद्धृत करते हुए चौहान ने कहा, हम दूसरों पर निर्भर रहेंगे तो पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं रह सकते। हमें आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहयोग करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाओ आह्वान' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि स्वदेशी से देश के लोगों को रोजगार मिलता है और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, हम किसी की दादागिरी से क्यों डरें, हमको किसी के दबाव में नहीं आना है। हम 144 करोड़ भारतवासी स्वदेशी का इस्तेमाल करना शुरू कर दें तो भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम पूरी तरह प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं। आत्मनिर्भरता बहुत ज़रूरी है। भारत चुनौतियों से घबराता नहीं है। ये आज का भारत है जो आंखों में आंखें डालकर बात करता है, राष्ट्रहितों से कोई समझौता नहीं करता है। हम 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात करते हैं। उन्होंने जोर दिया, हमारा काम राष्ट्र निर्माण का है, इस भावना से काम करें कि आत्मनिर्भर भारत बनाने में एक ईंट मेरी भी लगे। प्रधानमंत्री जी ने जो लक्ष्य हमें दिए हैं, उन्हें हम सब मिलकर पूरा करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि 'विकसित कृषि संकल्प' अभियान चलाने पर पता चला कि नकली कीटनाशक-दवाई-खाद व खराब बीज बड़ी समस्या है और किसानों को 'बायोस्टिमुलेंट' (जैव उत्तेजक) के उपयोग के बारे में उचित जानकारी नहीं है। चौहान ने कहा, हमने सख्ती से तय किया है कि किसी भी हालत में ऐसी चीजें बिकने नहीं देंगे, जिससे किसानों को कोई फायदा न होता हो, हम किसान को लुटते नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि इसके लिए अब नया कानून भी बनाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जो बेईमान हैं, उन्हें किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा, ये हमारा संकल्प है। सम्मेलन में चौहान के साथ-साथ कर्मचारियों ने, प्रधानमंत्री के स्वदेशी अपनाओं के आह्वान पर अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।

## आवारा कुत्तों को पकड़ने के खिलाफ याचिका पर शीघ्र सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के आवारा कुत्तों को पकड़ने संबंधी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की एक अधिसूचना के खिलाफ याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने अधिवक्ता ननिता शर्मा की शीघ्र सुनवाई की गुहार यह कहते हुए ठुकरा दी कि संबंधित मामले में शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने स्वतः संज्ञान सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने आवारा कुत्तों से लोगों को होने वाली परेशानियों के मामले में 14 अगस्त को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था। तीन सदस्यीय इस पीठ ने न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ (शीर्ष अदालत की) के 11 अगस्त के निर्देशों पर तत्काल रोक की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था।

# आयोग ने छह साल से चुनाव नहीं लड़ने वाले 15 राजनीतिक दलों को भेजा नोटिस, एक सितंबर तक मांगा जवाब

एजेंसी

पटना। भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार के 15 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये एक सितंबर तक बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के समक्ष पेश होने का आदेश जारी किया है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़ने के कारण इन दलों की मान्यता पर सवाल उठ रहे हैं। इन दलों को एक सितंबर तक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग के अनुसार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को कई तरह की सुविधायें प्रदान की जाती हैं। ऐसे में यदि कोई दल लगातार निष्क्रिय रहता है और चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं लेता है तो उसकी मान्यता की समीक्षा की जाती है। यह कार्रवाई चुनावी पारदर्शिता और




लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाये रखने के उद्देश्य से की जा रही है। जिन 15 दलों को आयोग ने नोटिस जारी है उनमें भारतीय आवाम एक्टिविस्ट पार्टी, भारतीय जागरण पार्टी, भारतीय युवा जनशक्ति पार्टी, एकता विकास महासभा पार्टी, गरीब जनता दल (सेक्युलर), जय जनता पार्टी, जनता दल हिन्दुस्तानी, लोकतांत्रिक जनता पार्टी (सेक्युलर), मिथिलांचल विकास मोर्चा, राष्ट्रवादी युवा पार्टी, राष्ट्रीय सद्भावना पार्टी, राष्ट्रीय सदाबहार पार्टी, वासुधैव कुटुम्बकम पार्टी, वसुंधरा जन विकास दल और यंग इंडिया पार्टी शामिल हैं। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि संबंधित दल यदि निर्धारित समय सीमा में अपना पक्ष स्पष्ट नहीं करते हैं या संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो उनकी मान्यता समाप्त करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय इस संबंध में दलों द्वारा प्रस्तुत पक्षों और दस्तावेजों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग को भेजेगा, जिसके आधार पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

# पेज एक का शेष

### भारत आज भी अंतरिक्ष...

गया है। चित यह कि जब भी भारत कुछ हासिल करता है तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उसके लाभ सभी लोगों तक पहुंचे। आनंद मतलब यह सब कुछ बेहद खूबसूरत है। जब आप अंतरिक्ष से देखते हैं तो भारत काफी खूबसूरत दिखता है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष हमें मानवता के एक होने की बात बताता है। एक प्रश्न के उत्तर में श्री शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में भारतीय खाने को सबसे ज्यादा ''मिस'' किया। उन्होंने कहा, ''हमें अंतरिक्ष में और ज्यादा भारतीय खाना ले जाने दिया जाना चाहिये।'' उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में भूख कम लगती है, लेकिन घर के खाने की इच्छी अधिक होती है। यही कारण है कि वह अपने साथ हलवा लेकर आईएसएस गये थे। उन्होंने बताया कि आम तौर पर वह अपने खानपान को लेकर काफी सचेत रहते हैं क्योंकि वह फिटनेस पर ध्यान देते हैं। घर पहुंचने पर उन्होंने पत्नी से कहा कि वह हर तरह का खाना खाने के लिए तैयार हैं। इस पर उनकी पत्नी ने कहा कि कम से अंतरिक्ष में जाने का इतना तो फायदा हुआ। बच्चों के लिए संदेश में श्री शुक्ला ने कहा, ''यदि मैं यह कर सकता हूं तो आप भी यह कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि जब राकेश शर्मा 41 साल पहले अंतरिक्ष में गये थे उस समय उसके तुरंत बाद कोई और मिशन नहीं था। लेकिन आज हमारे सामने काफी अवसर हैं। इसके बाद गगनयान मिशन है और भारत ने साल 2040 तक चांद पर अपने अंतरिक्ष यात्री भेजने का लक्ष्य रखा है। श्री नायर ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि वे अपने-आप में पूर्ण हैं और उस पूर्णता से जो करना चाहते हैं करें। कोई जरूरी नहीं कि हर व्यक्ति अंतरिक्ष यात्री बने, लेकिन वे जो करना चाहते हैं उसमें अपना सब कुछ झोंक दें। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ने शून्य गुरुत्वाकर्षण के कारण शरीर में आने वाले बदलावों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शरीर में तरल काफी कम हो जाता है। दिल की धड़कन कम हो जाती है। रक्त प्रवाह सिर की तरफ बढ़ जाता है और पैरों की तरफ कम हो जाता है। पहले तीन-चार दिन कुछ ठीक नहीं लगता, लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगता है। वापस आने के बाद भी शरीर और दिमाग को गुरुत्वाकर्षण की आदत पड़ने में कुछ समय लगता है। उन्होंने एक वाकया साझा करते हुये बताया कि अंतरिक्ष से आने के बाद एक दिन वह अपने बिस्तर पर लेट कर लैपटॉप पर कुछ कर रहे थे। उन्होंने अचानक लैपटॉप को बिस्तर से छोड़ दिया, यह सोचकर कि वह हवा में तैरता रहेगा। लेकिन वह नीचे गिर गया।

### गगनयान: मानव रहित मिशन...

लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इसने एक पारिस्थितिकी तैयार की है, अब हमें पता है कि अंतरिक्ष के लिए प्रयोग कैसे डिजाइन किये जाने चाहिये। डॉ. नारायणन ने बताया कि पिछले 10 साल में भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। मिशनों की संख्या दुगुनी हो गयी है। आज से 10 साल पहले जहां अंतरिक्ष क्षेत्र में मात्र एक स्टार्टअप था अब उनकी संख्या 300 हो गयी है। अगले दो-तीन महीने में भारतीय रॉकेट से 6,500 किलोग्राम के अमेरिकी उपग्रह का प्रक्षेपण किया जायेगा। भारत जी20 देशों के एक उपग्रह का भी प्रक्षेपण करेगा। पिछले पांच साल 2,150 लोगों की जान बचाने में इसरो का योगदान रहा है। श्री सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के मोदी सरकार के फैसले से इसरो के अंतरिक्ष मिशनों की लागत कम हुई है और अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 85 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि एक्सिओम मिशन में श्री शुक्ला ने जितने भी प्रयोग किये वे सभी भारतीय संस्थानों द्वारा तैयार किये गये थे जिनमें जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल हैं। लेकिन इन प्रयोगों के परिणाम का लाभ पूरी दुनिया को मिलेगा जो 'विश्व बंधु भारत' का उदाहरण है।

### एशिया कप...

एक विश्वसनीय स्थल के रूप में भारत के उभरने को भी ध्यान में रखना है। भारतीय टीमें और व्यक्तिगत खिलाड़ी उन अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेंगे जिनमें पाकिस्तान की टीमें या खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इसी प्रकार, पाकिस्तानी खिलाड़ी और टीमें भारत द्वारा आयोजित ऐसे बहुपक्षीय आयोजनों में भाग ले सकेंगे। बयान के अनुसार, ल्लभारत को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए एक पसंदीदा स्थान बनाने के लिए, खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, तकनीकी कर्मियों और अंतरराष्ट्रीय खेल शासी निकायों के पदाधिकारियों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय खेल शासी निकायों के पदाधिकारियों को उनके आधिकारिक कार्यकाल की अवधि के लिए प्राथमिकता के आधार पर बहु-प्रवेश वीजा प्रदान किया जाएगा, जो अधिकतम पांच वर्षों की अवधि के अधीन होगा। इससे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार देश में और देश के भीतर उनकी सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय खेल शासी निकायों के प्रमुखों को भारत की यात्रा के दौरान उचित प्रोटोकॉल और शिष्टाचार प्रदान किया जाएगा। दोनों देश 2012 के बाद से किसी भी प्रारूप में द्विपक्षीय श्रृंखला में नहीं भिड़े हैं, लेकिन एकदिवसीय और टी-20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में वे कई बार आमने-सामने हुए हैं। पाकिस्तान ने 2016 में टी20 विश्व कप और 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं किया। उनके सेमीफाइनल और फाइनल सहित सभी मैच दुबई में खेले गए थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2024-27 चक्र में शेष सभी आईसीसी आयोजनों के लिए इस हाइब्रिड मॉडल पर सहमति व्यक्त की है।

### ऑनलाइन गेमिंग...

की अनुमति से बोलते हुए श्री खरके की बात पर आपत्ति जतायी और कहा, ल्लपीठ पर प्रश्न उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष के नेता विषय पर तो बोलते नहीं है और पीठ पर सवाल उठाने लगते हैं। विपक्ष ने पूरे मानूसन सत्र में कार्यवाही चलाने में सहयोग नहीं। उपसभापति ने सदन में तख्ती लेकर आने के विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद जताते हुए कहा कि तख्ती लाना सदन की परंपरा के विपरीत है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां) संशोधन विधेयक और उसके साथ लोक सभा में प्रस्तुत दो विधेयकों की समीक्षा कर उस पर सिफारिश के लिए लोक सभा द्वारा प्रस्तावित संयुक्त समिति में शामिल होने और इसके लिए राज्य सभा के दस सदस्यों को उप सभापति द्वारा नामित किये जाने के प्रस्ताव को रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।

### मानसून सत्र में ...

स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई थी लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी। सत्र की पूरी अवधि के दौरान एकजुट विपक्ष ने सरकार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा उसे वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से घेरा और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में कार्यवाही में निरंतर व्यवधान डाला। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन से ही ऑपरेशन सिंदूर और मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी थी। सत्र के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही नहीं चलने दी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी रहने पर सरकार ने हंगामे के बीच ही विधेयक पारित कराने की रणनीति अपनायी। इस सत्र में लोकसभा की कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे किंतु व्यवधान के कारण केवल 55 प्रश्नों का ही जवाब दिया जा सका। लोकसभा में मुश्किल से 37 घंटे और राज्यसभा में 41 घंटे और 15 मिनट ही कामकाज हो सका। राज्यसभा में सदस्यों को 285 प्रश्न, 285 शून्यकाल विषय और 285 विशेष उल्लेख उठाने का अवसर था लेकिन केवल 14 प्रश्न, 7 शून्यकाल विषय और 61 विशेष उल्लेख ही वास्तव में लिए जा सके। दोनों सदनों में आयकर से संबंधित नया विधेयक , खान एवं खनिज , बंदरगाह और जहाजरानी संबंधित तीन विधेयक , खेल संघों के प्रशासन, ऑनलाइन गेमिंग तथा भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसे विधेयक पारित किये गये। लोकसभा ने घर पर बड़ी मात्रा में जले हुए नोटों की गड्डी पाये जाने के बाद विवादों में घिरे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाअभियोग की कार्यवाही भी शुरू की। अध्यक्ष ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। सत्र के दौरान एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में सभापति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। उप राष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं।

### यूपी में 35 लाख...

166304 चेक मीटर स्थापित किए गए हैं। स्थापित स्मार्ट मीटरों के सापेक्ष 5 प्रतिशत चेक मीटर स्थापित करने का प्रावधान है। अधिकारियों के मुताबिक उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मीटरों की जांच रिर्पोट से भी उपभोक्ताओं को रूबरू कराया जाये। यह भी सुविधा है कि उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर की रीडिंग पर यदि संदेह हो तो चेक मीटर लगाकर उपभोक्ता की शंका का समाधान कर उन्हें संतुष्ट कर दिया जाये। गौरतलब है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित होने के उपरांत उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अधिकृत मोबाइल ऐप यूपीपीसीएल स्मार्ट कंज्यूमर ऐप के माध्यम से दिन प्रतिदिन घण्टे-घण्टे की खपत देख सकता है और बिजली खपत पर नियंत्रण रख सकता है। इसके अलावा ऐप के माध्यम से तथा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1912 पर उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### लेटरल एंट्री...

गई हैं। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां विशिष्ट कार्यों के लिए संबंधित क्षेत्र में उनके विशिष्ट ज्ञान और विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए की गई हैं। मंत्री ने कहा, चूंकि ये सभी नियुक्तियां एकल पद संवर्ग के अंतर्गत की गई हैं, इसलिए 'पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ बनाम फैकल्टी एसोसिएशन एवं अन्य' मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के मद्देनजर आरक्षण लागू नहीं होता है और तदनुसार नियुक्त अधिकारियों का श्रेणीवार डेटा नहीं रखा गया है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में 43 अधिकारी कार्यरत हैं। मंत्री पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार में लेटरल एंट्री के माध्यम से अधिकारियों की भर्ती का विवरण और क्या इस भर्ती में आरक्षण पैटर्न का पालन किया गया है? जैसे सवालों का जवाब दे रहे थे। बता दें कि राजनीतिक विवाद के बाद, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पिछले साल अगस्त में सरकारी विभागों में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रमुख पदों को भरने के अपने विज्ञापन को रद्द कर दिया था।

### अधिक कार्य करना...

भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सांस्कृतिक सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के ढांचे के तहत आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य इस वर्ष के अंत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के लिए आधार तैयार करना था। वर्तमान भू-राजनीतिक उथल-पुथल के संदर्भ में भारत-रूस संबंधों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जयशंकर ने विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में संबंधों को और मजबूत करने के लिए विशिष्ट सुझाव दिए। उन्होंने कहा, ''विभिन्न कार्य समूह और उप-समूह अपने-अपने एजेंडे के प्रति अधिक रचनात्मक और नवीन दृष्टिकोण अपना सकते हैं। मैंने जिन व्यापक परिदृश्यों का उल्लेख किया है, उनसे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए हमारा ऐसा करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों को आपसी परामर्श के माध्यम से अपने एजेंडे में निरंतर विविधता लानी चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इससे हमें अपने व्यापार और निवेश संबंधों की पूरी क्षमता का दोहन करने में मदद मिलेगी। हमें एक ही रास्ते पर अटके नहीं रहना चाहिए। जयशंकर ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए ''मापे जा सकने वाले लक्ष्य और विशिष्ट समय-सीमा'' निर्धारित करने का भी आह्वान किया। जयशंकर ने विचारों के दो-तरफा प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए व्यापार मंच और आईआरआईजीसी के विभिन्न कार्य समूहों के बीच एक ''समन्वय तंत्र'' की भी वकालत की।

### पहले मुगलों ने लूटा...

ऑपरेशन सिंदूर में अपने शौर्य और पराक्रम से दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए, तो यह तभी संभव हुआ जब पूरा देश एकजुट खड़ा रहा। श्री सीमेंट का योगदान इसी राष्ट्रीय भावना को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर और एटा के बाद, चित्रकूट में श्री सीमेंट ने 40 मेगावाट का ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री विधानपरिषद के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, संजीव कुमार दिवाकर, वीरेंद्र सिंह लोधी, विपिन कुमार डेविड, आशीष यादव, श्री सीमेंट के चेयरमैन हरि मोहन बांगड़ और मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा में श्री सीमेंट के प्लांट के उद्घाटन से पूर्व पूरे प्लांट की विजिट की। इस दौरान उन्होंने प्लांट में मशीनरी और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली। उन्हें साइट मैप के माध्यम से भी पूरे प्लांट के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान सीएम योगी ने प्लांट परिसर में पौधरोपण भी किया।

# मुख्यमंत्री ने आपदा में मृत्यु होने के 72 घंटे में आश्रितों को आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपदों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आपदा के दौरान किसी भी व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात अनुग्रह राशि का वितरण 72 घंटे में प्रभावित परिवार को अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि मृतक की शिनाख्त या अन्य किसी कारण से कुछ विलंब हो रहा हो तो एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से अनुग्रह राशि मृतक के आश्रित को हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। गुरुवार के मुख्यमंत्री के निर्देश पर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री द्वारा अनुग्रह राशि वितरण के संबंध में दिए गए निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने आगामी कुछ दिनों में मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए सावधानी बरतने व नदी, नालों के जल स्तर पर नियमित रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक के माध्यम से मानसून से उत्पन्न स्थितियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून अवधि में अब तक हुई विभागीय क्षति का आकलन कर जल्द से जल्द इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजें ताकि एसडीआरएफ तथा एसडीएमएफ मद में भारत सरकार से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव यथाशीघ्र भेजा जा सके। सचिव ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), नॉन एसडीआरएफ, एसडीएमएफ में खर्च की गई धनराशि के बारे में भी जनपदों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनपदों के पास आपदा राहत, बचाव व पुनर्निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है, इसे हर हाल में समय पर खर्च किया जाए। आपदा प्रबंधन सचिव ने जनपदों में गठित क्विक रिस्पांस टीमों को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार जनपद स्तर पर प्रत्येक माह की 01, 11 और 21 तारीख को अनिवार्य रूप से बैठक कर इसका कार्यवृत्त यूएसडीएमए के साथ साझा किया जाए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने बताया कि जल्द ही भारत सरकार की सात सदस्यीय टीम प्रदेश में अतिवृष्टि तथा आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आने वाली है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को पूर्व से ही सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों टिहरी बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने टिहरी के जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पानी छोड़े जाने की सूचना देहरादून तथा हरिद्वार जनपद को समय पर दी जाए। साथ ही उन्होंने देहरादून तथा हरिद्वार जनपद को निर्देश दिए कि लगातार गंगा नदी के जलस्तर की निगरानी की जाए और आवश्यकतानुसार सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएं। बैठक में ऑनलाइन जुड़े राज्य सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला ने कहा कि अभी भी मानसून अवधि का डेढ़ महीना शेष है, ऐसे में सभी जनपदों को हर समय अलर्ट रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अपर मुख्य

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं सचिव नाज़िश कलीम द्वारा बिंद्रा वृद्धाआश्रम पाबौ में ''वरिष्ठ नागरिक दिवस'' के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं), योजना, 2016 के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बिंद्रा वृद्ध आश्रम पाबो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अतिरिक्त पाबौ क्षेत्र में आपदा से पीड़ित लोगों से मुलाकात कर उनको कंबल वितरित किए गए एवं नालसा (आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवाएं), योजना, 2010 के संबंध में जानकारियां दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक बिंद्रा वृद्धाआश्रम पाबो प्रेम बल्लव पुसोला, रिटेनर अधिवक्ता कुसुम नेगी, खंड विकास अधिकारी पाबो धूम सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी पाबो जितेंद्र सिंह, प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबो पंकज कुमार, प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र अनिल पाबो क्षेत्र की भूतपूर्व सैनिक आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्राम कुंड में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पौड़ी गढ़वाल। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल की अध्यक्षता में सरकार जनता के द्वारङ्क कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड कलजीखाल के ग्राम कुण्ड में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना एवं ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।
इस दौरान ग्रामीणों की ओर से कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु प्रेषित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थलीय सत्यापन भी किया गया, जिसमें पारदर्शिता एवं गुणवत्तापरक कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, स्वरोजगार योजनाओं, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे।

## अतिक्रमण पर चला निगम का बुल्डोजर

हरिद्वार। नगर आयुक्त नगर निगम नन्दन कुमार के निर्देशन में आज नगर निगम हरिद्वार द्वारा टीम गठित कर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम की टीम द्वारा चन्द्राचार्य चौक से प्रेमनगर आश्रम के पुल तक अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया, साथ ही होर्डिंग्स को हटाया गया एवं अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया। टीम ने अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न किये जाने की भी कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम द्वारा निरन्तर अभियान जारी रहेगा। इस दौरान श्याम सुन्दर प्रसाद सहायक नगर आयुक्त, संजय शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक, आदित्य तेश्वर, कनिष्ठ सहायक व क्षेत्रीय पर्यावरण पर्यवेक्षक आदि मौजूद रहे।

## इमाम ने नाबालिग से किया कुकर्म, गिरफ्तार

हरिद्वार । मदरसे में पढ़ने गए नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले इमाम को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पोक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।ब जानकारी के मुताबिक 21 अगस्त को जनपद के झबरेडा थाना क्षेत्रकी एक मस्जिद में पढ़ने वाले 07 वर्षीय नाबालिग के साथ मस्जिद में पढ़ने के दौरान इमाम ने अपने कमरे में ले जाकर जबरन उसके साथ कुकर्म किया। आरोपित ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित के पिता ने सुल्तानपुर थाना लक्सर जनपद हरिद्वार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गयी और कुकर्म की वारदात को अंजाम देने वाले मस्जिद के इमाम को चौबीस घंटे के भीतर खाताखेड़ी देवपुर सड़क मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

## भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प निर्यात को नए मुकाम तक ले जाने की जरूरतः गिरिराज सिंह

नई दिल्ली । केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को भारत के हथकरघा और हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि महिला कारीगरों की मासिक इनकम को कम से कम 15 से 20 हजार रुपये तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने नई दिल्ली के वसंत कुंज में कपड़ा मंत्रालय की तरफ से विकसित शिल्प परिसर 'द कुंज' का उद्घाटन करने के बाद कहा कि देश में करीब एक करोड़ लोग हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। सिंह ने कहा कि यह कुंज भवन देशभर के कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने में मदद करेगा। हमारा लक्ष्य महिला कारीगरों (शिल्प दीदियों) की आय को कम से कम 15 हजार रुपये से 20 हजार रुपये प्रति माह तक बढ़ाना है। उन्होंने हथकरघा और हस्तशिल्प के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जरूरत पर भी प्रकाश डाला।

# गयाजी में बिहार को 12,992 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे प्रधानमंत्री : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना । बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी 22 अगस्त को गयाजी से बिहार की जनता को 12,992 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार के बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शहरी एवं ग्रामीण विकास और पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। सम्राट चौधरी ने आज बयान जारी कर कहा कि इस अवसर पर 11,735 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। इसमें-बक्सर में 660 मेगावाट क्षमता वाला थर्मल पावर प्लांट है, जिसकी लागत 6,878 करोड़ रुपये, मुंगेर में सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी परियोजना 523 करोड़, मुजफ्फरपुर के होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का 385 करोड़ की लागत से निर्माण, 1,871 करोड़ रुपये से मोखामा-सिमरिया के बीच एनएच-31 पर 4/6 लेन और गंगा ब्रिज का निर्माण, बख्तियारपुर से मोखामा एनएच-31 सड़क का सुधार 1,899 करोड़ रुपये से और 179 करोड़ रुपये से बिक्रमगंज-दवथ-नवांगर-दुमरांव सड़क का 2 लेन में उन्नयन शामिल है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी 1,257 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इन परियोजनाओं में दाउदनगर और औरंगाबाद में एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क, बरहिया (लखीसराय) और जमुई में एसटीपी और आईएंडडी, वहीं अमृत 2.0 के तहत औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जल आपूर्ति एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में 4,260 और ग्रामीण क्षेत्रों में 12,000 लाभार्थियों को गृह प्रवेश कराएंगे। इस अवसर पर पांच प्रमुख लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से अपने घरों की चाबी भी वो सौपेंगे।

## दमुआढूंगा वासियों को मिली सौगात, जमीन का मिला मालिकाना हक

हल्द्वानी, । दमुआढूंगा क्षेत्र के निवासियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक बन गया है। उत्तराखण्ड शासन के राजस्व अनुभाग-3 द्वारा 21 अगस्त 2025 को जारी अधिसूचना के तहत राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम, 1901 की धारा 48 के अंतर्गत दमुआढूंगा क्षेत्र को मालिकाना हक प्रदान करने की घोषणा कर दी है। इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशन के साथ ही दमुआढूँगा के निवासियों को मालिकाना हक का रास्ता साफ हो गया है, जिसका वे लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।






# स्वाति मालीवाल के खिलाफ मामले में गवाह रिटायर्ड एसआई ने बयान दर्ज कराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । दिल्ली महिला आयोग में नियुक्तियों में गड़बड़ियों के मामले में गुरुवार को गवाह रिटायर्ड एसआई रुप सिंह का बयान दर्ज किया गया। राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने 22 अगस्त को दूसरे गवाह का बयान दर्ज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान इस मामले की आरोपित और आयोग की पूर्व अध्यक्ष और सांसद स्वाति मालीवाल कोर्ट में पेश नहीं हुईं। उनके वकील शिवम मल्होत्रा ने कोर्ट में पेशी से छूट की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। रुप सिंह के बयान दर्ज होने के साथ ही अब तक इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। कोर्ट ने स्वाति मालीवाल के अलावा आयोग की सदस्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी और फरहीन मलिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120(बी) और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13 (2), 13(1)(डी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था।

इस मामले में 19 अगस्त को दो गवाहों राजकुमार तोमर और रिटायर्ड इंस्पेक्टर भूप सिंह के बयान दर्ज किए गए थे। इसके पहले 30 जुलाई को मनोज कुमार और ऊषा गांगुली के बयान दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने 28 अप्रैल को दिल्ली सरकार के महिला और बाल विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर हुमरा खालिद का बयान दर्ज किया था। 19 मार्च को दिल्ली सरकार के वित्त विभाग के अधिकारी मनोज कुमार के बयान दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने दिसंबर, 2022 में स्वाति मालीवाल समेत चार आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। स्वाति मालीवाल ने आरोप तय करने के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। दरअसल, एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से पूर्व विधायक बरखा सिंह ने 11 अगस्त, 2016 को शिकायत कर आरोप लगाया था कि दिल्ली महिला आयोग में नियमों को दरकिनार कर आम आदमी पार्टी से जुड़े लोगों को नियुक्त किया गया।


















## प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया आरटीओ के अधिकारियों का घेराव

हल्द्वानी । प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं युवा जिलाध्यक्ष और ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल के नेतृत्व में आज आरटीओ सुनील शर्मा और आरटीओ परिवर्तन गुरूदेव सिंह का घेराव कर ट्रांसपोर्ट नगर में वाहन खड़े किए जाने पर चालान करने और छोटे वाहनों में लदे माल को जप्त करने पर कड़ा रोष जताया। व्यापारियों का कहना था कि जब ट्रांसपोर्ट नगर में वाहन खड़े करने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है तो ट्रांसपोर्ट नगर क्यों बनाया गया, साथ ही छोटे वाहनों में लदे सामान को जफ़्त करने,वाहन की चाबी छीनने ,वाहन सीज करने,और लदे मालवाहन को आर टी ओ ऑफिस खदेड़ने पर सख्त आपत्ति दर्ज कराई ।




























चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063